श्रवाण माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 190 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 05 अगस्त 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### सुन लें-समझ लें..हम नरेंद्र मोदी से नहीं डरते, कर लें जो करना है...राहुल का तीखा वार, याचना नहीं रण होगा, बीजेपी ने किया पलटवार

## हेराल्ड केस में ईडी ने पकड़ा हवाला लिंक





**नई दिल्ली:** नेशनल हेराल्ड का दफ्तर सील होने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर जोरदार हमला बोला है। भाजपा के जांच से भागने के आरोप पर राहुल गांधी ने कहा, "सुनिए बात, हम नरेंद्र मोदी से नहीं डरते। समझ गए बात। कर लें जो करना है। कुछ फर्क नहीं पड़ेगा। समझ गए बात कर लें जो करना है। जो हमारा काम है, देश की रक्षा करना, लोकतंत्र की रक्षा करना, देश का सौहार्द बनाए रखना। वो मेरा काम है और मैं वो करता रहूंगा। ये कुछ भी कर लें, कर लें कोई फर्क नहीं पड़ता है।" दरअसल, ईडी ने बुधवार को दिल्ली में हेराल्ड हाउस की इमारत में यंग इंडियन के कार्यालय को सील कर दिया था। इसके पीछे वजह बताई गई थी कि तलाशी के दौरान कार्यालय में कोई भी उपलब्ध नहीं था, इसलिए वे तलाशी पूरी नहीं कर पाए। आदेश में कहा गया है कि एजेंसी से बिना पूर्व अनुमति के परिसर नहीं खोला जाएगा। इसके बाद से कांग्रेस इस कार्रवाई पर भड़की हुई है।

**न रण होगा और न रन होगा:** यंग इंडिया लिमिटेड के दफ्तर को सील किए जाने के बाद से कांग्रेस, भाजपा सरकार पर हमलावर है। ईडी की इस कार्रवाई के बाद कांग्रेस की ओर से एक ट्वीट में कहा गया था कि याचना नहीं अब रण होगा। इस पर भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस के नेता कह रहे हैं कि याचना नहीं रण होगा। पहले कहते थे कि सत्याग्रह होगा और अब रण की बात कर रहे हैं। आखिर ये लोग क्या चाहते हैं। पात्रा ने कहा किभ्रष्टाचारियों से न रण होगा और न रन होगा। अंग्रेजी में रन का अर्थ भागना होता है और हम इस मसले पर कांग्रेस को भागने नहीं देंगे।

**नेशनल हेराल्ड केस में ईडी को मिला हवाला लिंक:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नेशनल हेराल्ड केस में हवाला लिंक मिला है। ईडी अब सोनिया गांधी और राहुल गांधी के बयानों की दोबारा जांच करेगी। रिपोर्ट्स में ईडी सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि नेशनल हेराल्ड, उससे जुड़ी कंपनियों और थर्ड पार्टी के बीच हवाला ट्रांजैक्शन के सबूत मिले हैं।

**ईडी को हवाला लिंक कैसे मिला?:** दिल्ली की हेराल्ड बिल्डिंग में यंग इंडिया के दफ्तर की छानबीन के दौरान ईडी को कुछ दस्तावेज मिले हैं। दस्तावेजों में मुंबई और कोलकाता के हवाला ऑपरेटर्स के ट्रांजैक्शन के सबूत मिले हैं।

**अब ईडी क्या कदम उठाएगी?:** सूत्रों के मुताबिक, यंग इंडिया के दफ्तर की जांच पूरी होने के बाद जांच एजेंसी बड़ा एक्शन लेगी। यह एक्शन क्या होगा, ये अभी सूत्रों ने साफ-साफ नहीं बताया है।

**राहुल-सोनिया के बयानों की दोबारा जांच क्यों?:** पूछताछ के दौरान सोनिया और राहुल गांधी ने कहा था कि उन्होंने यंग इंडिया से कैश से जुड़ा कोई फायदा नहीं उठाया है। यंग इंडिया से मिले दस्तावेजों के बाद ईडी दोनों के जवाबों से संतुष्ट नजर नहीं आ रही है इसलिए इन बयानों की दोबारा जांच की जाएगी।

## संसद में खड़गे-गोयल के बीच जुबानी जंग



**नई दिल्ली:** राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को राज्यसभा में बड़ा बयान दिया। उन्होंने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने संसद के मानसून सत्र की चल रही कार्यवाही के बीच उनके खिलाफ समन जारी किया है। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी को डराने-धमकाने की कोशिश कर जा रही है। केंद्र सरकार कांग्रेस से डरी हुई है।

इस बीच कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने ट्वीट किया कि राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे से ईडी पिछले साढ़े चार घंटे से पूछताछ कर रही है। उनकी परीक्षा जारी है। इससे पहले ईडी ने नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में खड़गे को पेश होने को कहा था। कर चोरी के मामले में पार्टी नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पहले ही पूछताछ की जा चुकी है। खड़गे ने राज्यसभा के प्रश्नकाल सत्र के दौरान यह बात कही। उन्होंने बताया कि मुझे ईडी का समन मिला, उन्होंने मुझे दोपहर 12.30 बजे बुलाया। मैं कानून का पालन करना चाहता हूं, लेकिन क्या संसद सत्र के दौरान उन्हें समन करना सही है? क्या पुलिस के लिए सोनिया गांधी और राहुल गांधी के आवासों का घेराव करना सही है? वे हमें (कांग्रेस) डराने के लिए जानबूझकर ऐसा कर रहे हैं। हम डरेंगे नहीं, हम लड़ेंगे।

## एयरटेल इस महीने से शुरू करेगी 5जी




**नई दिल्ली:** देश में इस महीने 5जी सर्विस शुरू हो जाएगी। इसकी शुरूआत दूसरी सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी एयरटेल करने जा रही है।

इसके लिए कंपनी ने एरिक्सन, नोकिया और सैमसंग के साथ एग्रीमेंट साइन किया है। उधर, जियो ने भी 15 अगस्त को पूरे देश में 5जी नेटवर्क सर्विस लॉन्च करने के संकेत दिए हैं। 5जी लॉन्च होने के बाद इंटरनेट की स्पीड बढ़ जाएगी। कंपनी पूरी दुनिया के बेस्ट टेक्नोलॉजी पार्टनर के साथ काम करके देश के कस्टमर्स को 5जी कनेक्टिविटी का फुल बेनिफिट देगी।

**4जी से करीब 10%-15% महंगी होगी 5जी सर्विस:** वहीं इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स को उम्मीद है कि 5जी सर्विसेज के टैरिफ को 4जी के बराबर लाने से पहले शुरूआत में इसे 10-15% के प्रीमियम पर पेश किया जाएगा।

## नारी शक्ति को राष्ट्र शक्ति के रूप में सामने लाना हम सबका दायित्व : प्रधानमंत्री मोदी





**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि देश की नारी शक्ति को आजादी के अमृतकाल में राष्ट्र शक्ति के रूप में सामने लाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि आज केंद्र सरकार देश में महिलाओं के सामने आ रही हर बाधा को दूर करने का प्रयास कर रही है, जो उन्हें आगे बढ़ने से रोकती हैं। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के वलसाड जिले में श्रीमद राजचंद्र मिशन, धर्मपुर की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कोरोना की मुफ्त प्रीकॉशन डोज लगवाने की अपील करते हुए कहा, मैं सभी लोगों से एंटी-कोविड-19 टीकों की बूस्टर खुराक लेने का आग्रह करता हूं। प्रधानमंत्री ने श्रीमद राजचंद्र मिशन के साथ अपने जुड़ाब को याद करते हुए कहा कि जब वे यह नाम सुनते हैं तो उनका मन मिशन से जुड़े लोगों के प्रति सम्मान से भर जाता है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में देश को इसी कर्तव्य भाव की सबसे ज्यादा जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में देश अपनी उन संतानों को याद कर रहा है, जिन्होंने भारत को गुलामी से बाहर निकालने के लिए प्रयास किए। श्रीमद् राजचंद्र ऐसे ही संत थे जिनका एक विराट योगदान इस देश के इतिहास में है। श्रीमद् राजचंद्र को लेकर महात्मा गांधी के विचारों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पूज्य बापू ने कहा था कि हमें शायद कई जन्म लेने पड़ेंगे, लेकिन श्रीमद के लिए एक ही जन्म काफी है। मिशन के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पूज्य गुरुदेव के नेतृत्व में श्रीमद् राजचंद्र मिशन, गुजरात में ग्रामीण आरोग्य के क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य कर रहा है।

## आजमगढ़ को सीएम योगी ने 50 योजनाओं की दी सौगात




**आजमगढ़:** लोकसभा उपचुनाव में मिली जीत के बाद पहली बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आजमगढ़ के दौरे पर पहुंचे। यहां आईटीआई मैदान में आयोजित सभा में जनता का आभार प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री ने वादा किया कि सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ को सबसे बड़ी पंचायत भेजने के लिए वोट के रूप में ऋण दिया है उसका कर्ज सरकार विकास कर उतारेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पांच साल पहले यहां के नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। जब वे बाहर जाते थे तो अपनी पहचान छिपाने के लिए मजबूर होते थे। नाम बताने पर होटल में कमरे नहीं मिलते थे। प्रधानमंत्री ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के निर्माण के सपने को साकार किया है। आज अजमगढ़ की पहचान बदली है। इस जिले में हमारे सांसद और विधायक भले न जीते हों लेकिन हमने कभी यहां का विकास नहीं रुकने दिया। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट का निर्माण कराया। उन्होंने बिना नाम लिए समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि आजमगढ़ में बहुत पहले से ही लोग विश्वविद्यालय की मांग कर रहे थे। बहुत से लोग आए लेकिन विश्विद्यालय नहीं दिया, लेकिन हमने महाराज सुहेलदेव के नाम से न सिर्फ विश्वविद्यालय दिया बल्कि युद्धस्तर पर इसका निर्माण कार्य भी चल रहा है। विश्वविद्यालय के लिए 108 करोड़ रुपये की व्यवस्था की जा चुकी है ताकि इसका निर्माण कार्य युद्धस्तर पर हो सके। आगे भी जो जरूरत होगी तो उसे हम पूरा करेंगें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजमगढ साहित्यकारों की धरती रही है। देश के हिंदी साहित्य के सुप्रसिद्ध साहित्यकार रघो राघव की रचनाएं हम सबको एक नई दिशा देती हैं। मुख्यमंत्री ने घोषणा किया कि हम लोग विश्वविद्यालय में हम एक शोध पीठ की स्थापना करने जा रहे हैं जिससे आजमगढ़ एक नई छवि के साथ आगे बढ़ता हुआ दिखाई देगा।

## अफगान हिन्दुओं और सिखों की निकासी के लिए भारत पिछले साल अगस्त से दे रहा ई-वीजा



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि अफगानिस्तान से प्रत्यावर्तन और अन्य अनुरोध को सुविधाजनक बनाया गया है और इसके लिए अगस्त 2021 से ही ई-वीजा भी प्रदान किया जा रहा है। विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने गुरुवार को राज्यसभा में प्रश्नों के लिखित उत्तर में बताया कि पिछले वर्ष अफगानिस्तान में सुरक्षा स्थिति में आई तेज गिरावट के चलते वहां से भारतीयों को देश छोड़ने की सलाह दी गई थी। उन्होंने बताया कि अफगानिस्तान से प्रत्यावर्तन और अन्य अनुरोध को सुविधाजनक बनाने के लिए विदेश मंत्रालय में एक विशेष अफगानिस्तान प्रकोष्ठ की स्थापना की गई थी। अफगानिस्तान से सिखों और हिंदुओं को निकालने के लिए भारत सरकार अगस्त-2021 से ई-वीजा प्रदान कर रही है।

उन्होंने बताया कि ऑपरेशन देवी शक्ति के तहत अफगानिस्तान से कुल 669 लोगों को निकाला गया है जिसमें से 206 अफगान नागरिक हैं। इसमें अफगान हिंदू और सिख अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य भी हैं। उन्होंने बताया कि 18 जून 2022 को काबुल में गुरुद्वारा दशमेश पिता साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह साहिब जी पर हुए आतंकवादी हमले में एक अफगान सिख समुदाय के सदस्य सहित दो अफगान नागरिकों की जान गई थी और तीन अन्य नागरिक घायल हुए थे।

## जस्टिस यूयू ललित होंगे अगले चीफ जस्टिस, चीफ जस्टिस ने सिफारिश की




**नई दिल्ली:** जस्टिस यूयू ललित देश के 49वें चीफ जस्टि (सीजेआई) बन हो सकते हैं। सीजेआई एनवी रमना ने कानून मंत्री किरन रिजिजू को उनके नाम की सिफारिश की है। सीजेआई रमना 26 अगस्त को रिटायर हो जाएंगे। जस्टिस ललित 27 अगस्त को चीफ जस्टिस के रूप में शपथ ले सकते हैं। सीजेआई रमना ने गुरुवार सुबह को पर्सनली जस्टिस ललित को सिफारिश के अपने पत्र की एक कॉपी सौंपी। कानून मंत्री किरन रिजिजू ने बुधवार को सीजेआई एनवी रमना को बुधवार रात चिट्ठी लिखी। इसमें उनसे उनके उत्तराधिकारी का नाम बताने की अपील की। परंपरा है कि मौजूदा सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश तभी करते हैं, जब उन्हें कानून मंत्रालय से ऐसा करने का आग्रह किया जाता है।

**जस्टिस ललित महज 74 दिनों के लिए ही सीजेआई बनेंगे:** सुप्रीम कोर्ट के दूसरे सबसे सीनियर जज जस्टिस ललित महज 74 दिनों के लिए ही सीजेआई बनेंगे, क्योंकि 8 नवंबर को वे रिटायर हो जाएंगे। जस्टिस ललित ने जून 1983 में एक एडवोकेट के रूप में नामांकन किया। दिसंबर 1985 तक बॉम्बे हाईकोर्ट में प्रैक्टिस की फिर जनवरी 1986 में प्रैक्टिस को दिल्ली ट्रांसफर कर दिया।

### गायों पर मंत्र फूंका पानी छिड़क रहे, पिलाया जा रहा काढ़ा, दफनाने को जगह कम पड़ी

## झाड़-फूंक से कर रहे लंपी का इलाज



**जयपुर:**

यया सर्वमिदं व्याप्तं जगत स्थावरजङ्गमम्।
तां धेनुं शिरसा वन्दे भूतभव्यस्य मातरम्॥

**गाय** को प्रणाम करते समय बोले जाने वाले इस मंत्र का अर्थ है जिसने समस्त चराचर जगत को व्याप्त कर रखा है, उस भूत और भविष्य की जननी गोमाता को मैं मस्तक झुका कर प्रणाम करता हूं। लेकिन आज भूत और भविष्य की जननी मानी जाने वाली गायें खुद मौत के मुंह में खड़ी हैं। राजस्थान में गायों में फैली लंपी बीमारी के हालात भयावह हैं। हर दिन इतनी गायें मर रही हैं, जिनका पुख्ता आंकड़ा तक सरकार के पास नहीं है। गोशालाओं से हर शाम निकायों की गाड़ी में गायों की अंतिम यात्रा निकल रही है। हर दिन स्थिति बिगड़ती और बद से बदतर होती जा रही है। कई जिले तो ऐसे हैं, जहां गायों के इलाज की बेसिक सुविधा तक नहीं है। कहीं धूप, नीम के पत्तों के रस से गायों का इलाज किया जा रहा है तो कहीं पशुपालक झाड़-फूंक के भरोसे हैं। कहीं लोगों ने गायों को गोशाला में भेज दिया है।

**सिरोही : गायों को बचाने के लिए झाड़-फूंक:** जिले के वीरवाड़ा गांव में लंपी के इलाज के झाड़-फूंक का सहारा लिया जा रहा है। झाड़-फूंक करने वाले के इशारे पर बाड़े से सभी पशुओं को एक-एक कर बाहर निकाला जाता है। उन पशुओं पर मंत्र फूंका हुआ जल नीम की टहनी से मंत्रों के साथ छिड़का जा रहा है। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक जगदीश बरबड़ का कहना है- वैक्सीन है, लेकिन पशुपालक लगवाने के लिए तैयार नहीं हैं। इसी तरह बासड़ा धनजी में गायों को आयुर्वेदिक काढ़ा पिलाया गया।

## 5 साल में 1.29 करोड़ लोगों ने दबाया नोटा




**नई दिल्ली:** लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पिछले 5 साल में नोटा को लगभग 1.29 करोड़ वोट मिले हैं। चुनाव अधिकार निकाय एडीआर ने इसकी जानकारी दी है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और नेशनल इलेक्शन वॉच ने यह डेटा 2018-2022 के दौरान हुए चुनावों के आधार पर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, विधानसभा चुनाव में नोटा को करीब 64 लाख 53 हजार 652 वोट मिले हैं। वहीं, कुल मिलाकर नोटा को 65 लाख 23 हजार 975 वोट मिले हैं। लोकसभा चुनाव में नोटा को सबसे ज्यादा 51,660 वोट बिहार के गोपालगंज निर्वाचन क्षेत्र में मिले, जबकि सबसे कम 100 वोट लक्षद्वीप में मिले। साल 2020 में विधानसभा चुनावों में नोटा को दो राज्यों में 7 लाख 49 हजार 360 वोट मले। इनमें बिहार में 7 लाख 06 ह हजार 252 वोट और दिल्ली में 43,108 वोट मिले। साल 2022 में 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों में नोटा को सबसे कम 8 लाख 15 हजार 430 वोट मिले। गोवा में 10,629, मणिपुर में 10,349, पंजाब में 1,10,308, उत्तर प्रदेश में 6,37,304 वोट और उत्तराखंड में 46,840 वोट मिले।

**2019 में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा नोटा दबाया गया:** 2019 में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में नोटा को सबसे अधिक 7,42,134 वोट मिले और 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में मिजोरम को सबसे कम 2,917 वोट मिले।

## खबर संक्षेप

### वार्ड संख्या 57 हिन्दू पुर करछना में शातिपूर्ण ढग से सपन्न हुआ क्षेत्र पंचायत सदस्य का मतदान

**कुल 2029 मत में 829, लोगों ने मतदान में हिस्सा लिया**

**करछना।** विकास खंड़ करछना के हिंदूपुर ग्राम पंचायत में कुछ दिन पूर्व पंचायत चुनाव में चुने गयी महिला बीडीसी की मौत के बाद पद खाली चल रहा था।गुरुवार को दुबारा संबधित वार्डो में बीडीसी चुनने के लिए गांव के लोगों ने मतदान किया। इस बाबत चुनाव निर्वाचन अधिकारी सीडीपीओ आनंद सिंह ने बताया कि कुल 2039 मत थे जिसमें 829 मत पड़े हैं तथा ब्लॉक मुख्यालय मतदेय पेटिकाओ को सुरक्षाकर्मियों के निगरानी में रखा गया है और बताया कि शुक्रवार को सुबह 8:00 बजे के बाद से मतगणना की जाएगी इस दौरान हिंदूपुर स्थित पंचायत भवन में बूथ संख्या 22,23 और 24 में कुल 1778 और फत्तेपुर की बूथ संख्या 25 के कुल 251 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। नये बीडीसी का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के मद्धेनजर जहां सुबह से मतदाताओं की कुछ भीड़ दिखी किंतु इसके बाद रफ्तार धीमी रही।समय से चुनाव संपन्न और शांतिपूर्ण व्यवस्था के लिए बूथों पर भारी संख्या में पुलिस भी तैनात रही।

# अज्ञात चार पहिया वाहन से अधिवक्ता की मौत

अखंड भारत संदेश

**सोरांव।** स्थानीय तहसील में अधिवक्ता रहे अंशुल गौतम उर्फ राजधानी गौतम पुत्र राम दुलारे निवासी ग्राम कृष्णापुर थाना सोरांव ने बीते मंगलवार शाम लगभग 7 बजे अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिए। जिसमें अधिवक्ता व उसके मामा का लड़का गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में गांव वालों की मदद से एंबुलेंस बुलवाया गया। कुछ ही देर में एंबुलेंस पहुंची और घायल अधिवक्ता व उसके साथी को प्रयागराज के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया। जहां इलाज चल रहा था हालांकि अधिवक्ता के सिर में गंभीर चोटें आने के कारण इलाज के दौरान गुरुवार दोपहर में अधिवक्ता की मौत हो गई। मौत की सूचना आते ही परिवार व गांव में मातम छा गया।

इतना ही नहीं सोरांव तहसील के अधिवक्ता साथियों ने मृतक के घर पहुंचे। और परिवार वालों को ढांढस बंधाया। मृतक के पिता ने थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा लिखने की तहरीर दी है। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। मृतक अपने भाइयों और बहनों ने सबसे बड़ा था। और इन्ही के कंधो पर परिवार का जिम्मा था। इस मौके पर सोरांव बार के पूर्व अध्यक्ष राम सजीवन एडवोकेट, पूर्व महामंत्री राजीव कुमार ओझा, प्रदीप कुमार केसरवानी, ब्लाक प्रमुख प्रदीप कुमार सरोज, राजेश कुमार एडवोकेट,सचिन कुमार एडवोकेट, धर्मेंद्र कुमार एडवोकेट, राजकुमार एडवोकेट, ईश्वर चंद्र एडवोकेट सहित सैकड़ों अधिवक्ता साथी मौजूद रहे।

**अस्पताल से सूचना आते ही गांव में छाया मातम**



### फांसी पर लटकी नवविवाहिता मौत, मुकदमा दर्ज

**सहसों।** क्षेत्र के चंदौहा गांव में बुधवार को एक नव विवाहिता ने फांसी के फंदे पर झूल कर जान दे दिया। नव विवाहिता के पिता की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ सराय इनायत पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल कर रही है। चंदौहा गांव निवासी मोहम्मद आलम का निकाह दस दिन पूर्व मऊआइमा थाना क्षेत्र के बुआपुर गांव निवासिनी रुबीना बानो के साथ हुआ था। बुधवार को अज्ञात कारणों से रुबीना बानो पत्नी मोहम्मद आलम ने घर के अंदर फांसी पर झूलकर जान दे दिया। सूचना पर पहुंचे रोते बिलखते रुबीना बानो के पिता रसीद आलम ने स्थिति से अवगत होकर सरायइनायत थाना में जाकर लिखित तहरीर दिया। जिसमें ससुराल पक्ष के पति मोहम्मद आलम, मोहम्मद आसिफ उर्फ सलमान, मोहम्मद आजम, मोहम्मद अहमद तथा हमीदा बानो के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया। मामले में संबंधित थाने की पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

### अनियंत्रित बाइक सवार खड़ी ट्रेलर से भिड़ा, मौत

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के भोपतपुर गांव के सामने प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर सहसों की तरफ जा रहे बाइक सवार अनियंत्रित होकर खड़ी ट्रेलर में जा भिड़ा। जिससे युवक की मौत हो गई। प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर भोपतपुर गांव के सामने बुधवार रात में ढोकरी गांव निवासी रमेश भारतीय का 20 वर्षीय इकलौता पुत्र आलोक भारतीय किसी काम से सहसों की तरफ जा रहा था कि अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क की पटरी पर खड़े ट्रेलर से जा भिड़ा। जिससे आलोक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने तत्काल सरकारी एंबुलेंस बुलाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनी भिजवाए। लेकिन घायल आलोक की रास्ते में ही दम टूट गया। आलोक कुमार चार बहनों से सबसे छोटा था। आलोक की मौत से परिजन समेत माता निर्मला तथा बहनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला की मौत

**शंकरगढ़।** आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। यह मामला यमुनापार के विकास खंड शंकरगढ़ के ग्राम पढ़ैया का है। बता दें कि मुताबिक पढ़ैया गांव की रहने वाली मान कुमारी (45) पत्नी विजय बहादुर सिंह गुरुवार की दोपहर धान की रोपाई करने के लिए खेत की तरफ गई थी। इसी दौरान बरसात शुरू हो गई। जब तक वह सुरक्षित स्थान पर पहुंच पाती, इससे पहले ही वह आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई। इससे मानकुमारी की मौत हो गई। मामले की जानकारी तहसील प्रशासन को दे दी गई है।

# भतीजे ने जमीनी विवाद को लेकर चाचा को उतारा मौत के घाट

अखंड भारत संदेश

**आधी रात को गोलियों की आवाज सुनकर पूरा इलाका थर्रा उठा**

**जंघई।** जमीनी विवाद में भतीजे ने अपने चाचा की गोली मारकर हत्या कर दी आधी रात को गोलियों की आवाज सुनकर पूरा इलाका थर्रा उठा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर पहले घायल को जिला अस्पताल भेजकर आरोपियों की तलाश में जुट गई, उधर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।पुलिस के अनुसार गुरुवार की तड़के करीब 1 बजे ग्राम बभनियांव थाना मीरगंज जनपद जौनपुर में वादी मुक्तार सिंह उर्फ विजय प्रताप सिंह पुत्र मैंन बहादुर सिंह निवासी बभनियांव थाना मीरगंज जनपद जौनपुर द्वारा एक प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमें बताया गया है कि मेरा सगा साले अतुल सिंह पुत्र कृष्ण देव सिंह निवासी महरूपुर थाना जफराबाद जनपद जौनपुर हमारे घर के ही सामने हमारी बहन पुष्पा सिंह के घर में रहते है। अतुल सिंह के बडे भाई सुमंत कुमार सिंह जो महरूपुर थाना जफराबाद के ही रहने वाले है।अतुल सिंह की अपने भतीजे सूरज सिह के साथ जमीन को लेकर आये दिन झगड़ा चलता रहता था। इसी जमीनी विवाद को लेकर करीब एक सप्ताह पहले सूरज सिंह द्वारा अपने चाचा अतुल सिंह को जान से मारने की धमकी दिया गया था।जमीनी विवाद को लेकर गुरुवार तड़के करीब 1 बजे सूरज सिंह अपने एक साथी के साथ मेरे साले अतुल सिंह को जान से मारने की नीयत से उनके ऊपर फायर कर दिया और फायर करके जंघई की तरफ भाग गया। वादी द्वारा अपने साले को घायल अवस्था में 108 के माध्यम से अस्पताल भिजवाया गया जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# विशेष सचिव ने जनवा गोशाला का किया निरीक्षण,नीबी में रोपा पौधा

अखंड भारत संदेश

**ग्रामीणों से गाय पालने की अपील, प्रति माह मिलेंगे 900 रुपये**



निरीक्षण करते विशष सचिव

**शंकरगढ़।** गोआश्रय स्थल से गोवंश को घर ले जाकर पालने पर प्रतिमाह 900 रुपये मिलेंगे। यह धनराशि शासन की तरफ से पालने वाले के खाते में दी जाएगी। यह जानकारी देते हुए नामित मंडलीय नोडल अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय (विशेष सचिव पशुधन) ने गुरुवार को यमुनापार के विकास खंड शंकरगढ़ के जनवा और नीबी गोआश्रय स्थल का निरीक्षण के दौरान बताई। इस दौरान मिली खामियों को दूर करने का निर्देश देते हुए उन्होंने साफ-सफाई की भी हिदायत दी। नोडल अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय ने गोशाला में बने चरागाह का भी निरीक्षण किया और कुल गोवंशों की जानकारी वहां के सचिव से ली। नोडल अधिकारी ने चारागाह में हरा चारा तैयार कराने, चूनी- चोकर की मात्रा बढ़ाने का निर्देश दिया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों से कहा कि यदि वह गौशाला से गोवंश को घर ले जाकर उन्हें पालते हैं तो गोवंश के भरण-पोषण के लिए शासन की तरफ से प्रतिमाह 900 रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने ग्रामीणों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की।मंडलीय नोडल अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय ने गोआश्रय स्थल नीबी में वृक्षारोपण भी किया। इस दौरान डीपीआरओ आलोक सिन्हा, खंड विकास अधिकारी रामविलास राय, एडीओ पंचायत प्रेमचंद सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी राजेंद्र मौर्य, दीपेश सिंह, शशिकांत पटेल, प्रधान शीला देवी सहित डॉक्टर की टीम मौजूद रही।



### जंघई स्टेशन सड़क की पटरी पर चला बुलडोजर व्यापारियों में रहा हड़कंप

**जंघई।** जंघई जंक्शन पर नवीनीकरण का कार्य कई महिनों से चल रहा है जिसके फलस्वरूप ओवरब्रिज का निर्माण स्टेशन पर चल रहा है। स्टेशन पर बड़ी बड़ी मशीनों एवं क्रेन के आने जाने हेतु रास्ता अवरूद्ध था बुधवार को स्टेशन की तरफ जाने वाली सड़क के अगल बगल पटरी पर दो दो मीटर बुलडोजर चला कर रास्ता और चौड़ा बनाया गया ताकि मशीनों एवं ट्रकों, क्रैनों का आवागमन सुचारू रूप से हो सके। बुलडोजर चलने पर आवागमन करने वालें राहगीरों एवं व्यापारियों में हड़कंप मच गया जिसको देखने के लिए भीड़ इकट्ठा हो गई लेकिन जब सबको जानकारी हुई तो चले गए।

### प्रधानाचार्यों व क्रीड़ाध्यक्षों की बैठक छह को

**शंकरगढ़।** राजा कमलाकर इंटर कालेज शंकरगढ़ के प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने बताया कि बारा तहसील के विद्यालयीय खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन के लिए एक बैठक का आयोजन छह अगस्त को राजा कमलाकर इंटर कालेज परिसर में होगी। इसमें बारा तहसील के सभी विद्यालयों के क्रीड़ाध्यक्ष व प्रधानाचार्य भाग लेंगे। इस बैठक में खेल प्रतियोगिता की तिथि और खेल आयोजन के संबंध में चर्चा की जाएगी।



### नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में बीएड, एमएड की परीक्षा आयोजित

**जंघई।** नागरिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंघई में पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा बीएड, एमएड के छात्र छात्राओं द्वारा द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं दो अगस्त से ग्यारह अगस्त तक आयोजित की गई हैं।प्राचार्य एवं केंद्राध्यक्ष प्रोफेसर राजीव मालवीय ने बताया कि हमारे महाविद्यालय में बीएड एमएड द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा का संचालन परीक्षा विभाग द्वारा शत प्रतिशत नकलविहीन कराई जा रही है। किसी भी छात्र, छात्राओं को नकल करने की इजाजत नहीं है जो भी नकल करते हुए पकड़ा जाएगा तत्काल उसको अनुचित साधन का प्रयोग करने का दंड मिलेगा।6 विभिन्न महाविद्यालयों के आये सेंटर सहित हमारे महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को मिलाकर करीब बारह सौ छात्र छात्राएं बीएड एमएड की परीक्षा दे रहे हैं।परीक्षा में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी पूरी उर्जा से सहयोग में लगे हुए हैं। डॉ प्रमोद कुमार तिवारी, डॉ रवि सिंह, डॉ आरके सिंह, डॉ ओपी मिश्रा, डॉ प्रमोद कुमार पांडेय, डॉ ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, डॉ बृजेश यादव, डॉ मुकेश सिंह सहित समस्त शिक्षक परीक्षा में पूरी तन्मयता से अपनी उर्जा से लगे हुए हैं।

### पूर्व सांसद रमाकांत यादव की याचिका हुई खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व सांसद रमाकांत यादव की ओर से मारपीट के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष दाखिल आरोपपत्र को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति बृजराज सिंह ने रमाकांत व अन्य की ओर से दाखिल याचिका वापस लेने पर दिया है।पूर्व सांसद पर चंदौली के अलीनगर थाने में मारपीट सहित आईपीसी की विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई थी। उसमें मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल किया था। पूर्व सांसद ने उसी आरोप पत्र को चुनौती देते हुए उसे रद्द करने की मांग की थी। पूर्व सांसद ने याचिका को वापस लेने की मांग की। इस पर कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया।

# घटिया सामग्री से बनाया जा रहा सीएचसी कोरांव का सार्वजनिक शौचालय

अखंड भारत संदेश

**निरीक्षण में पहुंचे जेई ने घटिया निर्माण पर कहा जुड़ाई के लिए स्थानीय बालू उपयुक्त**



घटिया निर्माण का निरीक्षण करते जेई

**रत्योरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के परिसर में खंड विकास कार्यालय कोरांव के द्वारा सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। शौचालय निर्माण कार्य में निर्माण कार्यदायी संस्था के द्वारा घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। स्थानीय नदियों की बालू एवं 4 नंबर की ईंट तथा रद्दी सीमेंट से दीवार की जुड़ाई की जा रही है। स्थानीय नदियों की बालू से ही लिंटर एवं पिलरों की ढलाई की जा रही है। गुरुवार को निमार्णाधीन सार्वजनिक शौचालय में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किए जाने की शिकायत स्थानीय लोगों के द्वारा बीडीओ कोरांव से की गई। जिस पर वीडियो में जेई आरएस को भेजकर स्थलीय निरीक्षण व सत्यापन कराया। मौके पर पहुंचे जेई आरएस जगनारायण ने घटिया सामग्री से निर्माण के सवाल पर कहा कि दीवार जुड़ाई के लिए स्थानीय नदियों की महीन बालू ही उपयुक्त है। जबकि पिलर व लिंटर की ढलाई भी स्थानीय नदियों की बालू से ही कराई जा रही थी। इस सवाल पर उन्होंने कहा कि नहीं मोटी वाली मंगवाई गई थी जबकि मौके पर पिलर उसी बालू से ढालते देखा गया। शौचालय निर्माण के आसपास मोटी बालू कहीं दिखाई ही नहीं दी। मौके पर ईंटे गिरी थी। जो गिराने के बाद से ही अपने आप खुद झड़ रही थी आधी तो टूट कर नष्ट हो गई थी। जब प्रशासनिक अधिकारियों व सरकारी कर्मचारियों के सामने ही इस तरह के घटिया सामग्री से निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। तो सुदूर गांवो में हो रहे विकास कार्यों के हाल क्या होंगे। सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। गांवो में विकास के नाम पर सरकारी धन की जमकर बंदरबांट जारी है।

## न्यूज झरोखा

### पर्यावरण संरक्षण हम सभी का दायित्व : अवधेश निषाद



**प्रयागराज।** आजादी के अमृत महोत्सव के पावन पर्व को संपूर्ण राष्ट्र हर्षोउल्लास के साथ मना रहा है। राष्ट्रीय सामाजिक संगठन एंटी क्राईम एंटी करप्शन टी. अपने दायित्वों का निर्वाह करते हुए, प्रयागराज स्थित चंद्र शेखर आजाद उद्यान के ऐतिहासिक प्रांगण में वृहद पौधरोपण के माध्यम से अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर स्वच्छ भारत स्वस्थ्य भारत का संकल्प लिया और विभिन्न स्लोगनों के माध्यम से आम जनता को जागरूक किया। मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कुमार निषाद ने बताया कि, हमें अपनी प्राणवायु के संसाधन संजोने के साथ साथ समाज को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है जिससे आमजन भी पर्यावरण, पेड़ और पानी को संरक्षित करने में अपनी अपनी भूमिका निभा सकें। संगठन के सदस्यों ने पौधरोपण कर उसे संरक्षित करने संकल्प लिया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से संगठन के प्रयागराज जिलाध्यक्ष विनोद जायसवाल, महिला प्रकोष्ठ की जिला उपाध्यक्ष निशा मिश्रा,वार्ड 64 के अध्यक्ष जाहिद अली,तफसीरूल हक,अनुराग जायसवाल,आरती कुशवाहा, सीजलटीमफरान खान, सहित भारी संख्या में लोगो ने सहभागिता किया ।

### क्रांति पाल काशीपुर कालेज में फामेर्सी में रहीं अव्वल



**मऊआइमा।** उत्तराखंड के काशीपुर सम्राट पृथ्वीराज चौहान कालेज ऑफ फामेर्सी में मऊआइमा की छात्रा ने अव्वल आकर मऊआइमा का नाम रोशन किया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम अलावलपुर के भिखनापुर की क्रांति पाल पुत्री शिवमंगल पाल उत्तराखंड के काशीपुर स्थित सम्राट पृथ्वीराज चौहान कालेज ऑफ फामेर्सी में 786 अंक ला कर मऊआइमा का नाम रोशन की । क्रांति पाल के अव्वल दर्जा प्राप्त करने पर परिवार और गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है । सभी ने क्रांति पाल के अच्छे भविष्य की कामना की है ।

### उग्रसेनपुर में भाजपा नेता की गाड़ी का कांच तोड़ा



**प्रतापपुर।** उग्रसेनपुर निवासी भाजपा के युवा नेता व्यवसाई अनिरुद्ध कुमार राज सोनी ने बताया कि बुधवार रात में करीब 11 बजे हमको घर के बाहर ईंट पत्थर चलने की आवाज सुनाई दी मैं घर से निकल कर बाहर आया तो कुछ लोग हमारी वैगनआर कार के पीछे वाले कांच पर पत्थरबाजी करके तोड़ रहे थे जब मैंने रोकने का प्रयास किया तो भद्दी भद्दी भाषा में गाली एवं धमकी देते हुए भाग निकले जिसकी लिखित सूचना हमने फूलपुर कोतवाली में दे दिया है और प्रशासन से कठोर कार्रवाई की मांग किया है।

### बाजे गाजे के साथ बड़े धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा



**जारी।** भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद से श्रावण मास के पावन पर्व पर राधा माधव भक्त मंडली द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ हनुमान मंदिर बालक दास आश्रम जारी में कलश यात्रा कथा स्थल से जारी बाजार नाहर चौराहे तक यात्रा होते हुए पुनः कथा स्थल प्राचीन बड़े हनुमान जी के मंदिर में संपन्न हुई इस कलश यात्रा में सौभाग्यवती महिलाएं सिर पर कलश उठाए कतार बद्ध और पीला वस्त्र पहने अनुशासित होकर चल रही थी । मन में समस्त जीव प्राणियों के मंगल कामना करते हुए आगे बढ़ रही थी। साथ ही साथ इसी कड़ी में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ ।कथा वाचिका किशोरी मनुप्रिया के मुखारविंद से सप्त दिवसीय कथा अनवरत चलेगी कथा में सहयोगी के रुप में पूज्य सत्यम प्रपन्नाचार्य ,मनोज केसरवानी, पीयूष पांडे ,आचार्य शांतनु ,आरती पांडे ,सुधाकर देव, शिवम तिवारी, अन्य समस्त जारी बाजार के व्यापारी एवं समस्त भक्त जन शामिल रहे।

### आयोजित निबंध प्रतियोगिता में रिया ने मारी बाजी



**करछना।** आजादी के अमृत महोत्सव पखवारे के क्रम में बृज मंगल सिंह इंटर कॉलेज के सभागार में चौथे दिन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भारत के आजादी आंदोलन में क्रांतिकारियों की भूमिका नामक विषय पर आयोजित प्रतियोगिता के दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रवक्ता जितेंद्र कुमार के संयोजन में संपन्न हुई प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में एनसीसी अधिकारी रमेश चंद्र तिवारी और स्काउट शिक्षक चंद्रशेखर सिंह मौजूद रहे।कक्षा 11 की छात्रा रिया द्विवेदी ने प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि कक्षा 10 की छात्रा रहनुमा सिद्दीकी दूसरे और शाइरा फात्मा तीसरे स्थान पर रहीं। शिक्षकों ने सभागार में मौजूद बच्चों को प्रतियोगिता के उपरांत आजादी आंदोलन से जुड़े कई प्रेरणादायक संस्मरण को सुनाते हुए क्रातिकारियों से सीख लेने पर जोर दिया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक कर्मचारी और बड़ी संख्या में प्रतिभागी बच्चे मौजूद रहे।

# हर घर तिरंगा अमृत महोत्सव होगा भव्य : कमलेश त्रिपाठी

**हर घर तिंरगा कार्यक्रम को लेकर भाजपाईयों ने फूका बिगुल, पंचायत भवन संपन्न हुई बैठक**



अखंड भारत संदेश

**जसरा।** हर घर में लहराएगा तिरंगा इसके लिए कार्यकताओं में अभी से भारी उत्साह दिखने लगा है। आज शक्ति केंद्र जसरा में मंडल के सभी शक्ति केंद्र संयोजको ने भरी हुंकार कार्यक्रम में मौजूद जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी ने भाजपा कहा की भाजपा के कार्यकर्त्ता हताश नहीं होते आज जो उत्साह दिखा हैं यही उत्साह दिखना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला ने किया व संचालन महामंत्री भूपेन्द्र पाठक ने किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल महामंत्री नीरज केसरवानी, अवध बिहारी मिश्रा, वीरेंद्र पाठक, दीपचंद मोदनवाल, ग्राम प्रधान आशीष सोनकर, अश्वनी केसरवानी, सुबोध जायसवाल, गोपाल केसरवानी, अशोक तिवारी, देवराज पटेल, अरुण मालवीय, शिवाकान्त तिवारी, अमरजीत तिवारी, अश्वनी द्ववेदी, सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हर घर तिरंगा संगोष्ठी का आयोजन, रोपे गये फलदार पौधे



**जसरा।** राजकीय बालिका इंटर कालेज जसरा में 'हर घर तिरंगा -घर पर तिरंगा' पर जागरूकता अभियान हेतु संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चार दर्जन से अधिक छात्राओं के द्वारा पोस्टर बनाकर आजादी के अमृत महोत्सव पर घर -घर ध्वजारोहण करने की अपील किया गया। प्रभारी प्रधानाचार्या ममता शर्मा छात्राओं को सम्बोधित करते हुए व्हाट्सप्प, फेसबुक, इंस्टाग्राम इत्यादि सोशल साइट के मंचो पर स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगे को डीपी के रूप में लगाने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने छात्राओं ध्वजारोहण के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम के संयोजक शोध छात्र एवम युवा समाजसेवी अभिषेक सिंह पटेल नें आजादी के पचहत्तर वर्ष पूर्ण होने पर विद्यालय की छात्राओं को अपने घरों पर झंडा फहरानें के साथ ही प्रत्येक छात्राओं को अमृत महोत्सव के दिन पाँच -पाँच छाया एवम फलदार वृक्षारोपण करने के लिए प्रोत्साहित किये।कार्यक्रम में आम, पीपल, अमरुद, जामुन, बरगद आदि पौधे रोपे गये।गृह विज्ञान की प्रवक्ता रीना यादव नें राष्ट्र के सम्मान हेतु जन- जन को ध्वजारोहण करने के लिए छात्राओं को प्रेरित की। कार्यक्रम में धन्यवाद अभिभाषण के दौरान हिन्दी की प्रवक्ता गीता पाण्डेय नें राष्ट्र प्रेम, देश में जवानों का महत्व इत्यादि विषयों पर अपने विचार प्रकट की।शगुफ्ता जमाल, गीतांजलि, नीलम गुप्ता, रेखारानी, कीर्ति अवस्थी,नीता त्रिपाठी, सुनीता मालवीया, फौजिया नसरीन, रीतू सिंह सहित विद्यालय की अन्य शिक्षिकायें मौजूद रहीं।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्रा शिवानी द्विवेदी एवम अध्यक्षता भौतिक विज्ञान की प्रवक्ता शगुफ्ता जमाल नें किया।

### दो अलग अलग गांवों में मार पीट तीन पर मुंकदमा

**मऊआइमा।** मऊआइमा के दो अलग अलग गांवों में मार पीट के दौरान कई को चोटें आयी है। पुलिस ने दोनों मामलों में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है । मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गदियानी निवासनीय शांति देवी पत्नी राजेंद्र प्रसाद का आरोप है कि घरेलू मामले को लेकर उसे मारा पीटा गया और गालियां दी। शांति देवी ने मऊआइमा थाने में गिरधारी लाल और बनवारी लाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। उधर ग्राम मरखामऊ निवासी मोहम्मद अली पुत्र जहूर अहमद का आरोप है कि अनायास उसे मारा पीटा गया। मोहम्मद अली ने मऊआइमा थाने में इस्लाम पुत्र अहमद अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### पत्नी ने पति पर किया जानलेवा हमला केस दर्ज

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के मामा भांजे तलाव मोहल्ले में रहने वाले राजेश कुमार ने नैनी कोतवाली में पत्नी व उसके आशिक के खिलाफ जान से मारने की कोशिश का मुकदमा दर्ज कराया है राजेश ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी का नैनी चीनी मिल प्रयागपुरम मोहल्ले में रहने वाले आशीष से संबंध था मंगलवार रात पत्नी ने अपने आशिक आशीष संग मिलकर उसका गला दबा कर मारने कोशिश की किसी तरह वह से भाग कर अपनी जान बचाया और पुलिस को सूचना दी राजेश के अनुसार बुधवार सुबह जब वह घर पहुंचा तो उसकी पत्नी वहां से अपने आशिक संग फरार हो चुकी थी।

## खबर संक्षेप

### सांसद के भांजे को पुलिस ने भेजा जेल

**झूंसी।** स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को कांग्रेसी नेता सांसद प्रमोद तिवारी के भांजे को मदन वसिष्ठ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले की जानकारी मिलते ही काफी संख्या में स्थानीय लोग थाने पहुचे इस दौरान हाई प्रोफाइल ड्रामा भी हुआ लेकिन पुलिस किसी की एक न सुनी। बतादे की मदन वसिष्ठ झूंसी में एक स्कूल चलाते हैं 5 साल पहले एक बच्चे का हाथ स्कूल में टूट गया था। मामले में छात्र के पिता वैभव सिंह ने स्कूल संचालक मदन वसिष्ठ उनकी माँ विमला व एक शिक्षक के खिलाफ झूंसी थाने में मामला दर्ज कराया था। गुरुवार को कोर्ट के आदेश पर झूंसी चौकी इंचार्ज विनोद दिनकर ने मदन को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया। जब पुलिस को पता चला की मदन वशिष्ठ कांग्रेस के गद्दावर नेता सांसद प्रमोद तिवारी के भांजे तो पुलिस महकमे में हड़कमप मच गया। झूंसी चौकी इंचार्ज विनोद दिनकर ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मदन वशिष्ठ को जेल भेजा गया है।

# मंडलायुक्त ने किया तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

**सभी वार्डों में भोजन का मीनू चार्ट लगाने तथा पैथोलॉजी फी काउंटर को और सुव्यवस्थित करने को कहा, रक्त की उपलब्धता का डिस्प्ले बोर्ड अपडेट ना पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ब्लड बैंक इंचर्ज को दी चेतावनी**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मंडल आयुक्त विजय विश्वास पंत जी द्वारा बुधवार को तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया जिसके दौरान उन्होंने चीफ मेडिकल सुपरिंटेंडेंट एवं अन्य संबंधित डॉक्टरों को चिकित्सालय के बेहतर प्रबंधन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों की सुविधा हेतु चिकित्सालय की नियमित साफ-सफाई तीनों वालियों में कराने, सभी शौचालयों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर सफाई व्यवस्था हेतु चेक लिस्ट लगाने तथा उसका निरीक्षण एवं विवरण वार्ड इंचार्ज द्वारा समय-समय पर अंकित किया जाए के निर्देश दिए।इसके अतिरिक्त आउटसोर्सिंग के माध्यम से तैनात क्लीनिंग एवं गार्डिंग के कर्मचारियों की उपस्थिति की रिपोर्ट चिकित्सालय प्रबंधक द्वारा लेने तथा सभी विभाग जहां उपकरण स्थापित हैं उनके बेहतर प्रबंधन हेतु ब्रेकडाउन रजिस्टर बनाने के निर्देश दिए गए हैं। मंडलायुक्त ने सभी वार्डों में भोजन का मीनू चार्ट लगाने तथा पैथोलॉजी फी काउंटर को और सुव्यवस्थित करने को भी कहा है।निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने शुल्क काउंटर के सामने पैथोलॉजिकल परीक्षण हेतु लगाए गए बोर्ड पर अंकित जांचों में से कौन सी जांच हो रही है






तथा कौन सी जांच नहीं हो रही है उसका कारण समेत विवरण उनके समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त शुल्क एवं रजिस्ट्रेशन काउंटरों पर अत्यधिक भीड़ को देखते हुए वहां एक एक काउंटर बढ़ाने को कहा है।रक्त कोष विभाग में ब्लड रजिस्टर एवं अन्य रजिस्टरों में एंट्री पूर्ण नहीं पाए जाने पर उन्हें तत्काल पूर्ण करने के निर्देश देते हुए जिन मरीजों की ब्लड जांच में हैपेटाइटिस बी एवं एचआईवी पॉजिटिव रिपोर्ट आई है उसकी सूचना उन मरीजों को तत्काल फोन करके देने के निर्देश दिए जिससे कि संबंधित मरीज अपना इलाज ससमय करा लें। मंडलायुक्त ने ब्लड बैंक कॉम्पोनेंट की मास्टर रिकॉर्ड लिस्ट में से लोगों को रेंडम कॉल करके यह भी क्रॉस चेक किया कि वह ब्लड डोनेट करने आए भी थे या नहीं तथा उनके रक्त जांच में यदि कोई बीमारी पाई गई है तो उसके बारे में उनको अवगत कराया गया है या नहीं। इसके अतिरिक्त रक्त कोष विभाग में रक्त की उपलब्धता का डिस्प्ले बोर्ड अपडेट ना पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा ब्लड बैंक इंचर्ज को चेतावनी देते हुए डिस्प्ले बोर्ड को आम जनता की सहायता के दृष्टिगत प्रतिदिन अपडेट करने के निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने चिकित्सालय में नियुक्त आयुष्मान मित्र से आयुष्यमान भारत योजना के अंतर्गत पिछले एक माह में कितनी भर्ती हुई है उसकी जानकारी भी ली। भर्ती के आंकड़े कम पाए जाने पर उन्होंने असंतोष व्यक्त किया तथा इस दिशा में और बेहतर कार्य करने को कहा। इसी क्रम में उन्होंने पीकू वर्ल्ड के निरीक्षण के दौरान भर्ती बच्चों के अभिभावकों से बात की तथा सभी से प्रोटोकॉल का अनुपालन करने की अपील की। इसके अतिरिक्त चिकित्सालय में हो रही ओपीडी का निरीक्षण करते हुए उस बिल्डिंग में लगी हुई मशीनों के क्रियान्वयन संबंधित जानकारी भी ली तथा अल्ट्रासाउंड मशीन में पिछले एक माह में कितनी बार तकनीकी दिक्कत से डाउन टाइम हुआ है उसका भी चार्ट बनाने के निर्देश दिए।

## घर-घर तिरंगा कार्यक्रम के लिए सज रहे प्रयाग राज के चौराहे, बजेंगे बैंड और होगी लाइटिंग



**प्रयागराज।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत होने वाले गौरवपूर्ण आयोजन हर घर तिरंगा के तहत विविध आयोजन होंगे। शहर के प्रमुख चौराहे सजाए जाएंगे। सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों व शहीद स्मारकों पर लाइटिंग कराई जाएगी।संगम सभागार में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। डीएम संजय कुमार खत्री ने नगर निगम को चौराहों, सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित महापुरुषों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मूर्तियों की साफ-सफाई चूने के छिड़काव कराने को कहा। इन स्थलों पर 13 अगस्त से ही लाइटिंग की व्यवस्था होगी। सीएमओ को अस्पतालों में भी लाइटिंग की व्यवस्था को कहा। स्कूल-कालेजों में 11 अगस्त से ही बड़े कार्यक्रम कराने के लिए बीएसए व डीआइओएस को निर्देश दिए। उन्होंने 11 अगस्त से ही सभी कार्यालयों में लाइटिंग की व्यवस्था एवं अमृत सरोवरों पर कार्यक्रम के लिए बीडीओ को जिम्मेदारी दी। नगरीय क्षेत्र में नगर आयुक्त तथा ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई के लिए डीपीआरओ को निर्देश दिए। एसएसपी भी मौजूद रहे। हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए डाकघरों से भी राष्ट्रीय ध्वज की बिक्री की रही है। इसके लिए डाकघरों में तिरंगा आने का क्रम शुरू हो गया है। 1.5७2 फीट का तिरंगा प्रधान डाकघर में बिक्री के लिए आ गया है। तिरंगे की कीमत 25 रुपये निर्धारित की गई है। मुख्य डाकघर सहित पोस्ट आफिस और ब्रांच पोस्ट आफिस में तिरंगा उपलब्ध करवाया गया है। सीनियर पोस्टमास्टर राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि झंडे की बिक्री के लिए झंडा प्रधान डाकघर में आ गया है। तिरंगा आने से पहले भी लोगों द्वारा इसकी जानकारी ली जा रही थी। कई स्कूलों व संस्थानों से भी झंडे को लेने के लिए डाकघर से जानकारी ली। मांग के हिसाब से झंडे की बिक्री की जाएगी। इसके साथ ही शहर के अन्य पोस्ट आफिसों को भी झंडे की सप्लाई यहीं से की जाएगी। इसके साथ ही डाकघर आने वाले ग्राहकों को भी झंडे बेचे जा रहे है। झंडा की बिक्री के दौरान कोई भी जीएसटी शुल्क ग्राहक को नहीं देना होगा। 15 अगस्त तक जनपद के सभी डाकघरों में झंडों की बिक्री की जाएगी।

# एसडीएम और सीएमओ पहुंचे पीड़ित के घर

**बेटे की लाश कंधे पर ले जाने की घटना में अखिलेश यादव ने किया था ट्वीट**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अस्पताल से बेटे की लाश कंधे पर लेकर जाने वाली घटना की गूंज शासन तक पहुंच गई है। शासन से मामले में दोषी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इस पर डीएम संजय कुमार खत्री की ओर से जांच कमेटी गठित कर दी गई है। कमेटी को 24 घंटे में रिपोर्ट देना है। पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद के निर्देश दिए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना और शौचालय का लाभ भी देने को कहा गया है। इस बीच एसडीएम करछना और सीएमओ दोपहर में पीड़ित के घर जाकर परिवार से मिले। करछना के रामपुर सेमरहा गांव निवासी बजरंगी यादव के नौ वर्षीय बेटे की मंगलवार को गांव के मंदिर के पास करंट लगने के बाद एसआरएन अस्पताल में मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस वाले चले गए। बजरंगी ने बेटे के शव को घर ले जाने के लिए एंबुलेंस वालों से बातचीत की। एंबुलेंस संचालक ने 2200 रुपये भाड़ा बोला। इतने पैसे बजरंगी के पास नहीं थे तो वह बेटे के शव को कंधे पर लादकर पत्नी के साथ पैदल ही घर के लिए रवाना हो गए। इसका वीडियो वायरल होने पर हड़कंप मच गया।



कमिश्नर ने जांच और एक्शन लेने के आदेश दिए। इस मामले में डीएम ने पुलिस, प्रशासन, सीएमओ, मेडिकल कालेज प्रशासन और बिजली विभाग के अफसरों को तलब किया है। भविष्य में इस तरह के प्रकरण सामने न आएं, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग व मेडिकल कालेज की ओर से दो कर्मचारियों को पोस्टमार्टम हाउस में तैनात करने के डीएम ने निर्देश दिए हैं। यह व्यवस्था शुक्रवार से लागू करने के लिए कहा गया है। यही दोनों कर्मचारी शवों को घर भेजने की व्यवस्था करेंगे। इसके अलावा प्राइवेट एंबुलेंस का किराया भी निर्धारित कराने के लिए एडीएम सिटी, एसपी ट्रैफिक तथा आरटीओ को निर्देशित किया गया है।

## दारोगा सीधी भर्ती 2020-21 में धांधली का आरोप

**दर्जनों अभ्यर्थियों की याचिका पर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने किया जवाब तलब**

**प्रयागराज।** यूपी के डेढ़ दर्जन से अधिक जिलों के दर्जनों अभ्यर्थियों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर दारोगा भर्ती प्लाटून कमांडर पीएसी एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी के पदों पर सीधी भर्ती 2020-21 के चयन में की गई धांधली व अनियमितताओं को चुनौती दी है। हाईकोर्ट ने आज किस याचिका पर यूपी के आला पुलिस अधिकारियों से जवाब मांगा है, तथा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के चेयरमैन व परीक्षा कराने वाली कार्यदायी संस्थान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एन एस एआईटी) को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

**परीक्षा कराने वाली ब्लैक लिस्टेड संस्था व भर्ती में धांधली की उच्च स्तरीय जांच की मांग :** यह आदेश जस्टिस सौरभ श्याम शमशेरी ने याची तनु चौधरी व कई अन्य की तरफ से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। याची के वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम और अतिप्रिया गौतम का कहना था कि परीक्षा संपन्न कराने वाली कार्यदायी संस्था पहले से ही मध्य प्रदेश व उत्तराखंड राज्य में ब्लैक लिस्टेड है। कहा गया इसी संस्था ने पहले भी वर्ष 2016-17 में सब इंस्पेक्टर नागरिक पुलिस की परीक्षा संपन्न कराई थी। उस परीक्षा के चयन में भी अनियमितताएं पाई गई थी। जांच के बाद संस्था के ऊपर लगाए गए अनियमितताओं के आरोप सही पाए गए थे। अधिवक्ताओं का कहना था कि संस्था के ऊपर लगे इतने गंभीर आरोपों के बावजूद राज्य सरकार ने इसी संस्था को दारोगा भर्ती 2020- 21 की परीक्षा संपन्न कराने का अनुबंध कर दिया। कोर्ट से इस मामले में उच्च स्तरीय जांच कराने की भी मांग की गई है।याचिका में कहा गया है की 24 फरवरी 2021 को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने कुल 9534 रिक्त पदों को भरने के लिए विज्ञापन जारी किया था। इन पदों में 9027 दारोगा सिविल पुलिस, 484 प्लाटून कमांडर पीएसी एवं 23 अग्निशमन द्वितीय अधिकारी के पद शामिल हैं। जारी विज्ञापन के अनुसार चयन में ऑनलाइन लिखित परीक्षा, अभिलेखों की समीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा का प्रावधान था। ऑनलाइन लिखित परीक्षा 12 नवंबर 2021 से दो दिसंबर 2021 तक तीन चरणों में उत्तर प्रदेश के 13 जनपदों में कुल 92 परीक्षा केंद्रों पर तीन पालियों में आयोजित की गई थी। कोर्ट को बताया गया सभी याची ऑनलाइन लिखित परीक्षा में पास होने के बादशारीरिक मानक परीक्षा में उच्चरण हो गए थे।

## न्यूज झरोखा

### ग्राम पंचायत घूघा प्रधान चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न



**मेजा रोड।** उरुवा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम सभा घूघा में ग्राम प्रधान की मृत्यु होने से आज दुबारा ग्राम पंचायत प्रधान की चुनाव ग्राम अकोढा प्राथमिक जूनियर विद्यालय पर शांतिपूर्वक हुआ संपन्न ।ग्राम पंचायत घुघा की कुल मतदाता 1262 थे जिसमें से दो बूथ बनाए गए थे बूथ संख्या 264 पर 622 मतदाता थे जिसमें महिला मतदाता 182 पुरुष 189 मतदान किया,बूथ संख्या 263 पर 638 मतदाता रहे जिसमें महिला मतदान किया और 334 पुरुष 228 महिलाओं ने मतदान शाम 5:00 बजे तक शांतिपूर्वक मतदान चला जिसमें सभी मतदाता अधिकारी कर्मचारी व प्रशासन मौजूद रहे।

### धर्मचंद्र बने दधिकांदो मेला कमेटी के अध्यक्ष




**प्रयागराज।** सुलेम सरायं दधिकांदो मेला कमेटी की एक आवश्यक बैठक सुलेम सरायं स्थित ठाकुर द्वारा में निवर्तमान अध्यक्ष अतुल केसरवानी व महामंत्री धर्मेंद्र द्विवेदी की अध्यक्षता में सपन्न हुई , कोराना काल में दो वर्ष से दधिकांदो केवल सांकेतिक रूप सपन्न होता रहा लेकिन इस वर्ष दधिकांदो मेला पूर्व की भांति पूरी दिव्यता व भव्यता के साथ 28 अगस्त दिन रविवार को होना सुनिश्चित हुआ है । साथ ही 24 अगस्त को जन्माष्टमी के बाद पड़ने वाले भगवान कृष्ण की छठी के अवसर पर भगवान का मुकट पूजन भी भव्यता के साथ किया जाएगा । बैठक में ठाकुर द्वारा मंदिर में ताला बंदी के संदर्भ में डिप्टी सीएम ,जिलाधिकारी , एसएसपी व कमान्डेंट अधिकारी सब एरिया को ज्ञापन सौंपा कर ताला खोलने आग्रह किया गया जिसे जल्दी ही क्रियान्वित किया जाएगा । बैठक में मुख्य रूप में दिनेश केसरवानी , निहाल कुमार , दीपक कुशवाहा , शिव कुमार समेत क्षेत्रीय व्यापारी व सम्मानित नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### चोरों ने स्कूल को बनाया निशाना उठा ले गए किचन का पूरा सामान

**करछना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय अंतहिया में बीती रात अज्ञात चोरों ने दीवाल काटकर विद्यालय के अंदर घुस गए और किचन में रखे सभी सामान बर्तन भगोना थाली चम्मच सिलेंडर चूल्हा व अन्य खाद्यान्न सामग्री सभी चोर समेट ले गए सुबह जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंचकर पुलिस ने जांच पड़ताल में जुट गई स्कूल के अध्यापकों ने बताया कि 3 दिन के अंदर विद्यालय के मे दूसरी बार चोरी को अंजाम दिया गया इस घटना को लेकर अध्यापकों अभिभावकों एवं ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है वही स्कूल? प्रधानाचार्य की तरफ से अज्ञात चोरों के खिलाफ करछना थाने में मामला पंजीकृत कराया गया है ग्रामीणों के अनुसार पुलिस गस्त नहीं करती के कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं जो आए दिन इस घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

### घरेलू विवाद के बाद पति ने पत्नी और बेटी के साथ कीटनाशक पिया, मां-बेटी की मौत

**प्रयागराज।** बारा थाना क्षेत्र के चंदरा मोजरा गांव में पारिवारिक विवाद के बाद युवक ने अपनी पत्नी और बेटी को कीटनाशक पिलाने के बाद खुद भी पी लिया। हालत बिगड़ने पर पत्नी-बेटी की मौत हो गई, जबकि युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना से गांव में हड़कंप मच गया है। पुलिलस मौके पर पहुंच गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घरेलू विवाद के बाद युवक ने अपनी बेटी और पत्नी को पानी में कीटनाशक मिलाकर पिला दिया। इसके बाद खुद भी पी लिया। कुछ देर बाद तीनों की हालत बिगड़ने लगी। परिवार के लोगों ने आनन फानन में तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान सुनीता देवी (27) और दस माह की बेटी हर्षिता की मौत हो गई। पिता की हालत नाजुक बनी हुई है।

## तीन विभागों को 61 शिक्षक मिले, विजुअल आर्ट्स में 37 साल बाद हुई नियुक्ति

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) के विजुअल आर्ट्स विभाग में 37 साल बाद शिक्षकों की नियुक्तियां हुई हैं। वहीं, भौतिक विज्ञान विभाग को 26 साल और रसायन विज्ञान विभाग को 31 साल बाद शिक्षक मिले हैं। सोमवार को इविवि की कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई कार्य परिषद की बैठक में इन तीनों विभागों में शिक्षकों के 61 पदों पर भर्ती का लिफाफा खोला गया।विजुअल आर्ट्स विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के चार पदों पर चयन हुआ है। रसायन विज्ञान विभाग में शिक्षकों के 32 पद पर भर्ती की गई है, जिनमें एसोसिएट प्रोफेसर के तीन और असिस्टेंट प्रोफेसर के 29 पद शामिल हैं। इसके अलावा भौतिक विज्ञान विभाग को मिले 25 नए शिक्षकों में दो प्रोफेसर, पांच एसोसिएट प्रोफेसर और 18 असिस्टेंट प्रोफेसर शामिल हैं। विजुअल आर्ट्स विभाग अब तक केवल एक शिक्षक, प्रो. अजय जैतली के भरोसे था। अब विभाग में पांच स्थायी शिक्षक हो जाएंगे। रसायन विज्ञान विभाग में केवल छह शिक्षक थे। उनमें से भी एक शिक्षक प्रो. आरकेपी सिंह डॉ. शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय के कुलपति हैं। विभाग की कक्षाएं केवल पांच शिक्षकों के भरोसे चल रहीं थीं। एनालिटिकल और फिजिकल में कोई शिक्षक नहीं था। इन ऑर्गेनिक में केवल एक और ऑर्गेनिक केमेस्ट्री में केवल तीन शिक्षक थे। भौतिक विज्ञान विभाग में भी केवल आठ शिक्षक थे।

**शिक्षक-छात्र अनुपात के साथ सुधरेगी रैंकिंग :** इविवि में नए शिक्षकों की नियुक्ति होने से शिक्षक-छात्र अनुपात के साथ विश्वविद्यालय की एनआईआरएफ रैंकिंग सुधरने की उम्मीद भी बढ़ी है। इस बार इविवि एनआईआरएफ रैंकिंग में टॉप 200 शिक्षण संस्थानों में भी जगह नहीं बना सका। शिक्षक-छात्र अनुपात सुधरने के साथ ही नए शिक्षकों के आने से शोध पत्रों के प्रकाश की संख्या तेजी से बढ़ेगी। कक्षाओं का संचालन नियमित रूप से हो सकेगा, शोध में तेजी आएगी और छात्रों को भी बेहतर गाइडेंस मिलेगा। विश्वविद्यालय में पिछले सात महीनों के दौरान 14 विषयों में 164 नियुक्तियां की गईं हैं।

**कई नए शिक्षकों को विश्वस्तरीय फेलोशिप :** इविवि में जिन नए शिक्षकों की नियुक्ति हुई है, उनमें से अधिकतर ने आईआईटी एवं एनआईटी जैसे संस्थानों से अपनी शिक्षा पूरी की है। विश्वविद्यालय की पीआरओ डॉ. जया कपूर के अनुसार कई नवनियुक्त शिक्षकों को रामानुजन एवं हमबोल्डट जैसी विश्वस्तरीय फेलोशिप मिली है और अमेरिका, जर्मनी, कोरिया, जापान, सिंगापुर, थाईलैंड, आयरलैंड, फ्रांस एवं यूके के सर्वोत्तम संस्थानों में कार्यरत रहे हैं। ये शिक्षक अपने विषयों के नवीनतम क्षेत्रों में शोध कर रहे हैं।





# ज्वाला देवी गंगापुरी में हुई राखी एवं मेहंदी प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** स्थानीय ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज गंगापुरी रसूलाबाद में बुधवार दिनांक को राखी, एवं मेहंदी प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर निर्णायक के रूप में लॉयन्स क्लब की अध्यक्ष ममता बंसल, सदस्य मिथिलेश जी, अल्पना जी व अरुणा जी उपस्थित रहीं। अतिथि परिचय विद्यालय की आचार्या बेबिका राय ने कराया तथा मीनाक्षी मेहरोत्रा ने राखी एवं मेहंदी की उपयोगिता व महत्ता पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस प्रतियोगिता में विद्यालय की लगभग 198 बहिनों ने प्रतिभाग किया। जिसमें राखी प्रतियोगिता में साक्षी यादव व मुस्कान गुप्ता(प्रथम स्थान) अंशी व सृष्टि (द्वितीय स्थान) यस्वी व अनुष्का धुरिया (तृतीय स्थान)मेहंदी प्रतियोगिता में अनामिका राय (प्रथम स्थान) पारुल यादव (द्वितीय स्थान)साधना प्रजापति ने (तृतीय स्थान)प्राप्त किया तथा शांभवी यादव व गौरी शुक्ला को लॉयन्स क्लब की तरफ से सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। लायंस क्लब की सदस्यों ने बहनों के द्वारा हस्त निर्मित राखियों का अवलोकन किया साथ ही आशीर्वचन देते हुये सभी को हस्त निर्मित एवं स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। सीमा सुरक्षा पर तैनात जवानों को भेजने के लिए विद्यालय की बहनों द्वारा बनाई हुई लगभग 300 राखियों को लायंस क्लब की सदस्यों द्वारा एकत्रित किया गया । विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान युगल किशोर मिश्र जी ने कार्यक्रम हेतु विद्यालय की आचार्या दीदियों व लायंस क्लब की सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अनीता त्रिपाठी, पायल जायसवाल, रागिनी श्रीवास्तव, श्रद्धा श्रीवास्तव शिल्पा सिंह आदि उपस्थित रहीं।

# तुम तो पढ़ते रहे देह भूगोल को मन के इतिहास को तुमने जाना नहीं...

**मुक्त विश्वविद्यालय में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** बुधवार को विराट कवि सम्मेलन के आयोजन में कबीर ने समाधि करते हुए कहा कि जब वह मेरे करीब आता है, रंग दुनिया का बदल जाता है। रूबरू है वह नहीं भी है, उसकी छुअन का हमसे नाता है। उन्नाव से आए कवि लोकेश शुक्ला ने जब उक्त पंक्तियां गुनगुनाई तो अटल प्रेक्षागृह तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।मैनपुरी से आए बलराम श्रीवास्तव ने नारी मन की व्यथा को शब्दों में पिरोते हुए कहा कि तुम तो पढ़ते रहे देह भूगोल को, मन के इतिहास को तुमने जाना नहीं।उ प्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय एवं हिंदुस्तानी एकेडेमी के संयुक्त तत्वाधान में मुक्त विश्वविद्यालय के अटल सभागार में विराट कवि सम्मेलन में कवियों ने गीत, गजल और हास्य मुक्तक प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। वंदना शुक्ला ने प्रेम गीतों की बौछार से युवाओं को भिगो




दिया। अध्यक्षता देश के जाने-माने कवि कानपुर से आए डॉ सुरेश अवस्थी ने की। संचालन करते हुए डॉ श्लेष गौतम ने समां बांध दिया। इस अवसर पर बलराम श्रीवास्तव, लोकेश शुक्ल, प्रख्यात मिश्रा, सत्यशील राम त्रिपाठी, संजीव त्यागी, शिवम भगवती, वंदना शुक्ला, भावना तिवारी,राजीव नसीब, विनम्र सेन सिंह, राधा शुक्ला और विवेक सत्यांशु ने काव्य पाठ किया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह और हिंदुस्तानी एकेडमी के सचिव देवेंद्र प्रताप सिंह में रचनाकारों को सम्मानित किया। इस अवसर पर हिंदुस्तानी एकेडमी के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं विश्वविद्यालय के निदेशक, अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## डॉ.आशीष मित्तल के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा (एआईकेएमएस) के महासचिव डॉ. आशीष मित्तल के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। बशर्ते उन्हें जांच में सहयोग करना होगा।उनके खिलाफ 10 जून 2022 को शहर के अटाला में हुए बवाल के मामले में खुल्दाबाद थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।निचली अदालत ने मामले में गैर जमानती वारंट जारी कर दिया था। उच्च न्यायालय ने मामले में यूपी सरकार को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई केलिए 22 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। यह आदेश न्यायमूर्ति ओम प्रकाश त्रिपाठी ने डॉ. आशीष मित्तल की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है।याची के खिलाफ खुल्दाबाद थाने में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के अलावा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम और सार्वजनिक संपत्ति अधिनियम के तहत दर्ज प्राथमिकी में गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। मामले में 10 जून को जुमे की नमाज के बाद एक सुनियोजित योजना के तहत हिंसक विरोध प्रदर्शन करते हुए धर्म विरोधी नारे लगाए गए थे और बीजेपी नेताओं पर अभद्र टिप्पणियां कीं गईं थीं। प्राथमिकी में 70 लोगों को नामजद किया गया था और पांच हजार लोग अज्ञात थे।

# मेजा ऊर्जा निगम और इंडियन बैंक ने किया 250०00 करोड़ रुपये की अल्पावधि ऋण सुविधा पर समझौता

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम प्राइवेट लिमिटेड ;एमयूएनपीएलद्ध ने सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी इंडियन बैंक के साथ 250०00 करोड़ रुपये की अल्पावधि ऋण सुविधा पर हस्ताक्षतर किया । इस समझौते का निष्पादनए मेजा ऊर्जा निगम मे आयोजित पूरे अगस्त माह भर चलने वाले वृहद पौधा.रोपण मुहीम के तीसरे दिन विगत बुधवार को एक औपचारिक कार्यक्रम के दौरान किया गया ।इस अवसर पर मेजा ऊर्जा निगम की तरफ से अनिल कुमारए मुख्य कार्यकारी अधिकारीए पीयूष कुमारए महाप्रबंधक ;ओ एंड एमद्धए अशोक कुमार सिन्हाए प्रभारी .वित्त विभाग तथा इंडियन बैंक की तरफ से चंद्र भूषण कुमारए शाखा प्रमुख उपस्थित रहे ।अपने संबोधन में मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि मेजा ऊर्जा निगम हमेशा किफायतीए कुशल और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से बिजली प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। ईंधन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऊर्जा निगम ने हाल ही मे प्रतिस्पर्धी दरों पर पांच लाख मीट्रिक टन आयातित कोयले के लिए करार किया है। इसके अलावा कंपनी फ्लू गैस डिस्चार्ज सिस्टम ;थ्सनम ळें क्पेबींतहमै लेजमउद्ध जैसी अत्यंत विकसित पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकियों के कार्यान्वयन में भी आगे बढ़ रही है ।इंडियन बैंक के क्षेत्र महाप्रबंधक विनय कुमार सिंह ने मेजा ऊर्जा निगम के साथ बैंक के जुड़ाव पर प्रसन्नता व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि मेजा ऊर्जा निगम मे अंतर्निहित अपार सक्षमताएं देखते हुए बैंक ने न्यूनतम ब्याज दर पर यह सुविधा प्रदान की है द्य इसके अलावा उन्होंने पर्यावरण और आसपास के समग्र विकास के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता की प्रशंसा किया है ।उल्लेखनीय है कि ए वित्त वर्ष 2021.22 के दौरान मेजा ऊर्जा निगम ने 278 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया है। ऊर्जा निगम द्वारा उत्पन्न बिजली ग्रिड के माध्यम से कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों जेसे उत्तर प्रदेशए राजस्थानए जम्मू.कश्मीरए पंजाबए उत्तराखंडए चंडीगढ़ और मध्य प्रदेश को प्रदान किया जाता है।

**निगम में पूरे अगस्त माह तक चलेगा वृहद पौधा रोपण मुहिम, निगम किफायती और पर्यावरण के अनुकूल बिजली देने को कटिबन्ध : अनिल कुमार**




250 करोड़ ऋण पर सम्झौता करते मेजा ऊर्जा निगम और इंडियन बैंक के अधिकारी

# कुण्डा हरनामगंज रेलवे स्टेशन का नाम होगा कृपालु नगर कुण्डा: सांसद

## मनगढ़ गांव नाम होगा कृपालु धाम मनगढ़

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** कौशांबी सांसद विनोद सोनकर के प्रयास से जल्द ही कुण्डा के रेलवे-स्टेशन व मनगढ़ गांव का नाम बदल जाएगा। अब कुण्डा हरनामगंज रेलवे-स्टेशन का नाम कृपालु नगर कुण्डा एवं मनगढ़ गांव का नाम कृपालु धाम मनगढ़ होगा।

उक्त जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय ने देते हुए बताया कि मंगलवार को कौशांबी सांसद विनोद सोनकर ने भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर कौशांबी में हुए सांसद खेल महोत्सव 2021 की स्मारिका भेट की एवं एक पत्र दिया। सांसद विनोद सोनकर ने पत्र में कहा कि मेरे पूर्व के आग्रह पर कुण्डा रेलवे-स्टेशन एवं मनगढ़ का नाम बदलने की मांग पर रेलवे एवं गृह मंत्रालय द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार से गृह मंत्रालय को प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया था। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गृह मंत्रालय भारत सरकार को प्रस्ताव भेज दिया गया है। अब गृह मंत्रालय भारत सरकार की संस्तुति मिलते ही रेलवे-स्टेशन एवं मनगढ़ गांव का नाम बदल जायेगा। बता दें कि कुण्डा तहसील के मनगढ़ गांव में जगद्गुरु कृपालु जी महराज का जन्म हुआ था। कृपालु जी महराज ने देश ही नहीं विदेश तक सनातन धर्म का प्रचार प्रसार किया। महराज जी ने कुण्डा को नई पहचान दी। कुण्डा में बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मुफ्त में शिक्षा व्यवस्था, मनगढ़ गांव में मुफ्त स्वास्थ्य व्यवस्था सहित अनेक कार्य महराज जी ने क्षेत्र में किया। 2020 में सांसद विनोद सोनकर ने रेलवे स्टेशन एवं मनगढ़ गांव का नाम बदलने का प्रस्ताव गृह मंत्रालय भारत सरकार को दिया था। उत्तर प्रदेश सरकार ने अपनी सहमति जताते हुए गृह मंत्रालय भारत सरकार को प्रस्ताव भेज दिया है। अब जैसे ही गृह मंत्रालय अपनी अनुमति प्रदान करेगा। इन दोनों स्थानों का नाम बदल जाएगा।



गृह मंत्री अमित शाह से मिलते कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर।

## घर से पैदल स्कूल जा रही शिक्षा मित्र से हुई छिनैती

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे के नवाबगंज थाना के क्षेत्र बरवलिया याकुबपुर निवासी रेनू देबी पत्नी अवधेश कुमार विश्वकर्मा थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बाजिदपुर में शिक्षा मित्र के पद पर कार्यरत है बुधवार की सुबह अपने घर से रोज की भांति पैदल स्कूल जा रही थी तभी हाइवे पर बाइक सवार दो युवक रेनू के पास आकर रुके और अपने रिश्तेदार बताते हुए कहा कि तुम्हारे ससुर का पैर टूट गया है तुम्हारे ऊपर बड़ी विप्पति आने वाली है। एक जामुन की पत्ती तोड़ लो और अपना जेवर उतार कर बैग में रख लो। साथ मे अपने जेब से एक हजार रुपया निकाल कर दिया और कहा कि इसे भी उसी पर्स में रख लो। पर्स में रखने के बाद बाइक सवार युवकों ने कहा अपनी आंख बन्द कर लो आंख बन्द करते ही रेनू का बैग लेकर रफू चक्कर हो गए। आँख खोलने पर सामने खड़े युवक गायब देख बेहोश हो गई। आस पास के लोग घटना स्थल की तरफ दौड़ पडे.।

# डॉ० दयाराम मौर्य रत्न का हुआ सारस्वत सम्मान

## वंशीधर शुक्ल सर्जना पुरस्कार हेतु चयनित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में सृजना कुटीर अजीतनगर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ० दयाराम मौर्य रत्न को उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ द्वारा उनकी अवधी कबिता संग्रह खेत खरिहान के लिए वंशीधर शुक्ल सर्जना पुरस्कार हेतु चयनित किये जाने के उपलक्ष्य में सारस्वत सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी रोशनलाल ऊमर वैश्य ने कहा कि डॉ० दयाराम मौर्य रत्न साहित्य के वास्तविक रत्न हैं। तीसरी बार उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा सम्मान हेतु चयनित किया जाना सभी साहित्यकारों के लिए प्रेरणादायी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते एम०पी०त्रिपाठी ने कहा कि यह जनपद प्रतापगढ़ के लिए गर्व का विषय है कि डॉ० दयाराम मौर्य रत्न जैसा साहित्यकार यहाँ जन्मा और यहाँ रहकर अनवरत कालजयी कृतियाँ रची। विशिष्ट अतिथि आनंद मोहन ओझा ने कहा कि डॉ० दयाराम मौर्य रत्न साहित्य के महारथी हैं। उनका साहित्य समाज का पथप्रदर्शन करने का कार्य कर रहा है। इस अवसर पर कथाकार प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम, श्रीनाथ मौर्य सरस, कुंजबिहारी काका, विवेक, राधेश्याम आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार निलय ने किया।




डा0 दयाराम मौर्य का सम्मान करते अतिथिगण।

## विद्यालय में गिरा हाईटेंशन तार, बाल-बाल बचे मासूम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के चिंतामनपुर प्राथमिक विद्यालय में हाईटेंशन तार गुरुवार की सुबह स्कूल परिसर में गिर गया था। बच्चे आए तो तार गिरा हुआ था ग्रामीणों का कहना है कि उसमें करंट भी उस समय था लेकिन बच्चे बाल-बाल बच गए बाद में विद्युत अधिकारियों से संपर्क करके लाइन कटाई गई।

# बच्चों से भरी बस को टैंकर ने मारी टक्कर, दर्जनों बच्चे घायल

## टक्कर मारने वाला चालक टैंकर लेकर हुआ फरार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कुण्डा से स्कूली बच्चों को लेकर ऊँचाहार जा रही बस को पीछे से आ रही टैंकर ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें बस में सवार ड्राइवर सहित दर्जनों बच्चो घायल हो गए। बच्चों की चीख पुकार सुनकर आस पास के घटना स्थल की तरफ दौड़ पड़े।

बताया जाता है कि ऊँचाहार एनटीपीसी परिसर में चिन्मया विद्यालय के बच्चों को लेने रोज की भांति बुधवार की सुबह लगभग सात बजे 40 बच्चो को (यू0पी0 70 ए टी 0883) स्कूल की बस कुंडा, मानिकपुर, आलापुर, नवाबगंज की तरफ से लेकर आ रही थी। कुछ बच्चे नवाबगंज थाना क्षेत्र के बाजिदपुर छिनौरा मोड़ पर खड़े थे जिनको बस में बैठाते समय पीछे से आ रही टैंकर ने बस को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बस सामने पेड़ से जा टकराई। टक्कर मारते हुए टैंकर आँखों से ओझल हो गयी। बस के अंदर घायल पड़े बच्चो को बाहर निकाला। घटना की जानकारी मिलते ही नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार व चिन्मया स्कूल के स्टाफ के साथ भारी संख्या में सीआरपीएफ सिविल पुलिस घटना स्थल पर पहुँची और घायल बच्चो व ड्राइवर को 5-6 एम्बुलेंस बुलाकर सीएससी ऊँचाहार व एनटीपीसी उपचार के लिए भेजा। स्कूल बस की दुर्घटना ग्रस्त होने पर बच्चो के अभिभावक घटना स्थल पर पहुंच गए। बस में 8-10 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और 10-12 बच्चों को हल्की चोटें आई है। सभी का उपचार चल रहा है जिसमे ड्राइवर के दाएं हाथ फैक्कर हो गया है। स्कूल बस में 61 बच्चे सवार थे जो चिन्मया व डीएवी विद्यालय के थे जिसमें 19 छात्र गम्भीर रूप से घायल है घायल छात्र आरबिया, सारा खान, अलीजा, शास्वत शुक्ला, दीप्ती पांडेय व बस चालक मोहम्मद अंसार को एनटीपीसी में भर्ती किया गया है।

## सेवानिवृत्त समिति के कर्मचारी को दी गई भावभीनी विदाई

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत साधन सहकारी समिति परियावां में 40 वर्षो से कार्यरत कर्मचारी हीरालाल यादव (62) वर्षीय को साधन सहकारी समिति परियावां में बुधवार को कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई किया। कार्यक्रम के संचालक मंडल तथा सचिव अनूप कुमार सोनकर ने हीरालाल यादव को अंगवस्त्रम भेंट करते हुए माला पहनाकर फल मिठाई आदि देकर विदाई किया। विदाई समारोह पर सभी की आंखे नम हो गयी थी। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक परियावां शाखा प्रबंधक प्रीती वर्मा, समिति संचालक मंडल के उपाध्यक्ष विजय अग्रहरि, संजय श्रीवास्तव, अखिलेश्वर कुमार, मनीष यादव ,राजेंद्र प्रसाद मिश्र, मेवा लाल मौर्य, पन्ना लाल, धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, अनिल तिवारी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी के पहुंचने पर भी नहीं माने राजा उदय प्रताप

## अवैधानिक ढंग से बने गेट को हटाने पर अड़े राजा उदय

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कुण्डा के भदरी नरेश राजा उदय प्रताप सिंह दूसरे दिन गुरुवार को भी धरना पर बैठे रहे। देर शाम डीएम एसपी के मान मनौव्वल के बाद भी बात नही बनी जिससे प्रशासन में हड़कम मचा हुआ है।

भदरी नरेश राजा उदय प्रताप सिंह ने कहा कि शेखपुर आशिक गाँव में सड़क के आर पार मस्जिदनुमा गेट को एक विशेष समुदाय के लोगो ने खड़ा कर दिया, जिसके नीचे से हिन्दुओं को मजबूर होकर आने जाने को बाध्य होना पड़ता है। भदरी नरेश के धरने पर बैठने से अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार भी कर दिया है। जब कि दो तीन दिन पूर्व राजा उदय प्रताप सिंह ने ट्वीट कर मस्जिदनुमा गेट का विरोध जताया था और मुख्यमंत्री से गेट हटाने की मांग की थी, जिस पर शासन प्रशासन द्वारा सड़क के आर पार बने गेट को हटाया नही गया और न ही किसी प्रकार की कोई कार्रवाई की गई जिससे भदरी राजा को मजबूर होकर अपने समर्थकों के साथ धरना पर बैठना पड़ा। बात न बनने पर भदरी नरेश ने गेट के न हटाये जाने तक धरना पर बैठे रहने की जिद पर अड़े हुए है। अब देखना है जिला शासन प्रशासन किस प्रकार भदरी राजा उदय प्रताप सिंह को मनाते हैं? डीएम डॉ नितिन बंसल व एसपी सतपाल अंतिल देर शाम तहसील पहुचकर धरना पर बैठे भदरी नरेश राजा उदय प्रताप सिंह से धरना खत्म करने के लिए काफी मान मनौव्वल किया लेकिन भदरी नरेश अपने कर्तव्य पर डटे रहे।



कुण्डा तहसील में धरना स्थल पर लेटे राजा उदय प्रताप सिंह।

# अग्नि से बचाव की व्यापारियों को दी गई जानकारी

## फायर बिग्रेड व व्यापार मण्डल की हुई बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मुख्य सचिव द्वारा फायर सर्विस के प्रादेशिक उच्चाधिकारियों एवं प्रतापगढ़ जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार पुलिस लाइन स्थित फायर स्टेशन पर नगर क्षेत्राधिकारी अभय पाण्डेय की उपस्थिति में फायर ब्रिगेड के जनपदीय अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय तथा सब इंस्पेक्टर राधे श्याम दूबे ने अपनी टीम सहित व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों व व्यापारियों के साथ बैठक की।

बैठक में फायर स्टेशन पर नगर क्षेत्राधिकारी एवं फायर ब्रिगेडियरों द्वारा अग्नि से बचाव की सामान्य विधियों को बताने के बाद, अग्नि से बचाओ के उपकरणों का रिहर्सल कराकर सभी व्यापारियों को जानकारियां दी। इसके बाद फायर अधिकारी ने सभी से अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर अग्नि से बचाव हेतु आवश्यकतानुसार उपकरणों को लगवाने का सुझाव देते हुए, सकरी गलियों व घनी बस्ती के बड़े उद्योगपतियों से अनुरोध भी किया कि वे अपने मकान के सबसे ऊपर छत पर 2000 लीटर पानी की टंकी रखकर उसकी सप्लाई नीचे बाहर लगवा दें, जिसमें नीचे साकिट लगा रहेगा और आवश्यकता पड़ने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी देर से उपलब्ध होने अथवा ना प्रवेश कर पाने पर वहां से पाइप लाइन द्वारा आस-पास या उसी मकान में लगे आग को आसानी से बुझाया जा सके।

बैठक में जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी, जिला महामंत्री संजय सोनी, अभय कुमार खंडेलवाल, प्रह्लाद खंडेलवाल, उवैदउल्ला जाफरी, पंकज कौशल, सरदार महेंद्र सिंह, सरदार कुलविंदर सिंह, अख़्तर राइन, मुन्ना सोनी, शिव कुमार सोनी, सुनील जायसवाल, शकील अख़्तर, हरीश सोनी, सुभाष कुमार सोनी, प्रदीप यादव, कमलुद्दीन मलिक, एस के समीम, मिंटू, शेख खदान, लवकुश यादव, आशीष सिंह, संजय जैन,अखिल भारतीय व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष उमाप्रकाश अग्रहरि, कुलदीप सिंह, अर्पित खंडेलवाल आदि अन्य व्यापारीगण मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद पुलिस अधिकारी व व्यापारीगण।

## वैद्य के घर सीएससी अधीक्षक ने मारा छापा, भारी मात्रा में मिली अंग्रेजी दवाइयां

**प्रतापगढ़।** बीते कई वर्षों से वैदिकी दवा में चर्चित रहे मुन्ना वैद्य के यहां दूर दूर के मरीजों की भारी भीड़ लगी रहती थी। मुन्ना वैद्य के घर पर दूर-दूर से विभिन्न रोगों के मरीजों की संख्या निरंतर बढ़ती ही जा रही थी ऐसे में एक शिकायत करता के शिकायत करने पर बृहस्पतिवार को सीएससी संग्रामगढ़ अधीक्षक डॉक्टर दिनेश सिंह की अगुवाई में आधा दर्जन टीमों ने मुन्ना बैठ के घर छापा मारकर भारी मात्रा में अंग्रेजी दवाइयां बरामद करते हुए उक्त वेद के दुकान को सील कर दिया गया है इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉ दिनेश सिंह से वार्ता करने पर उन्होंने बताया कि इनके यहां मरीजों की संख्या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से ज्यादा रहती थी इनके घर पर जब छापा मारा गया तो भारी मात्रा में अंग्रेजी दवाइयां मौके पर मिली।

# प्लास्टिक पन्नी मिलने पर नगर पालिका ने 3500 का जुमार्ना ठोंका

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका ने गुरुवार की शाम अम्बेडकर चैराहा से लेकर कम्पनी गार्डेन तथा अतिक्रमण तथा प्लास्टिक पन्नी के विरुद्ध अभियान चलाया जिसमें सात व्यवसायियों से प्लास्टिक मिलने पर उन पर 3500 का जुमार्ना नगर पालिका ने वसूला। इस अभियान में नगर पालिका के आरआई लाल बहादुर सिंह, स्वच्छ भारत मिषन के डीपीएम वरुण कुमार सिंह, नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, राजेष कुमार व रोड गैंग के कर्मचारी शामिल रहे। इस बारे में नगर पालिका के ईओ मुदित सिंह ने बताया कि व्यापारी प्लास्टिक का प्रयोग कत्तई न करें। शासन के निर्देष पर प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान अभी आगे भी चलता रहेगा।



दुकानदार का चालान काटते नगर पालिका कर्मी।

## मांगों को लेकर लोको पायलटों ने किया प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुरानी पेंशन लागू करने के साथ-साथ अन्य मांगों को लेकर ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के बैनर तले गुरुवार को प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर लोको पायलटों ने धरना प्रदर्शन किया उनकी मांग थी कि पुरानी पेंशन लागू की जाए और लॉबी में शौचालय और पानी की व्यवस्था करने के संबंध में एसोसिएशन की तरफ से एक ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक को सौंपा गया था। जिसमें असिस्टेंट लोको पायलट के लिए भत्ता और टूलबॉक्स को लोको में ही रखने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की गई। धरने को संबोधित करते हुए शाखा सचिव आरके गुप्ता ने कहा कि रेल कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल की जाए ताकि वह उनके बुढ़ापे की लाठी का सहारा बन सके। उन्होंने टूल बॉक्स को इंजन में ही रखने की बात कही। कहा कि लाबी में पानी और शौचालय की व्यवस्था नहीं है। जिससे कर्मचारियों को काफी दिक्कतें आ रही है। उन्होंने एसोसिएशन की मांगों पर गंभीरता से विचार कर उसको लागू करने की मांग की है। इस मौके पर विशाल विश्वकर्मा, दिनेश पटेल और एके कुशवाहा समेत कई लोको पायलट धरने पर मौजूद थे।

# बुझते कुलदीप की जिंदगी में दीपक का हुआ उजाला

## खुद की परवाह छोड़ लिवर दान कर युवक ने पड़ोसी की बचाई जान

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जीवन तो सभी अपने लिए जीते है लेकिन दूसरों के लिए जीना ही असली जिंदगी है। आज भी कुछ ऐसे लोग है जो खुद की जान की परवाह न कर दूसरे की जिंदगी के लिए अपनी जिंदगी दाव पर लगा देते है।

स्थानीय क्षेत्र के बेनीपुर मधुकरपुर निवासी छब्बीस वर्षीय युवक दीपक पाण्डेय उर्फ नागू पाण्डेय पुत्र गिरिजा शंकर पाण्डेय ने कुछ ऐसा ही करके मानवता की एक मिसाल पेश की है। वह कुलदीप के बुझती जिंदगी में अपनी जान की फिक्र न करके दीपक ने रोशनी दे दी।गाँव में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे पड़ोस के कुलदीप पाण्डेय (37) को अपना लिवर दान कर पुनः नई जिंदगी प्रदान की। कुलदीप कई महीनों से लीवर खराब होने से पीडित था। डाक्टरों के पास उसे बचाने का मात्र एक ही रास्ता था कि कोई युवक अपना लिवर दान कर दे। कुलदीप ने अपने सगे संबधियों से अपनी समस्या को बताया और बेटी प्रियांशी (12) व बेटा वैभव (11) की जिंदगी उसके न रहने के बाद बर्बाद हो जाने की गुहार लगाई, लेकिन किसी को भी उसकी पुकार पर तरस नहीं आया। मासूम बच्चों पर तरस खाकर बिना मदद माँगे पड़ोसी दीपक पाण्डेय नागू (26) ने अपनी जान की परवाह न करते हुए निःस्वार्थ लिवर दान करने के लिए तैयार हो गए। वह मुंबई के ग्लोबल हॉस्पिटल व ट्रांसप्लांट सेंटर मे भर्ती कुलदीप के पास पहुंचकर लिवर दान करने की बात कही। यह बात सुनकर कुलदीप की ऑखों में आंसू आ गए। उसे नागू की बात सुनते ही जिंदगी के नए द्वार खुले नजर आने लगे। दीपक पाण्डेय के लिवर के एक हिस्से दान करने से कुलदीप की जिंदगी में दीपक का उजाला हो गया। दोनों की जाँच के बाद डॉक्टरो ने एक सफल लीवर ट्रांसप्लांट किया। अब दोनों ही स्वस्थ्य जीवन जी रहे हैं।

### पड़ोसी की मदद से खुल गए जिंदगी के नए द्वार

## लाभार्थी को नहीं मिला आवास, कभी भी हो सकता है हादसा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** एक तरफ सरकार जहां समाज की पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंच बनाने के लिए जद्दोजहद कर रही है, वही प्रशासनिक अधिकारियों तथा कर्मचारियों की लापरवाही से पात्र लोगों को आवास की सुविधा नहीं मिल पा रही है। पट्टी तहसील क्षेत्र के रमईपुर नेवादा गांव के रहने वाले नंदलाल वर्मा पुत्र बैजू वर्मा ने उप जिलाधिकारी पट्टी को इस संबंध में शिकायती पत्र दिया जिसमें उसने बताया कि उसका गरीबी रेखा के नीचे का कार्ड बना हुआ है लेकिन ग्राम प्रधान की लापरवाही से उसे आवास की सुविधा से वंचित कर दिया जा रहा है उसने कहा कि उसके साथ कभी भी कोई गंभीर हादसा भी हो सकता है।

# धाम की गतिविधियों से विकसित हो रहा समाज: आर0 एस0 वर्मा

## भयहरणनाथ धाम में घुघुरी लोक उत्सव का हुआ आयोजन



अतिथियों को सम्मानित करते पदाधिकारीगण ।

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पाडव कालीन भयहरणनाथ धाम में नागपंचमी के पावन पर्व पर घुघुरी लोक उत्सव का भव्य आयोजन भयहरणनाथ धाम क्षेत्रीय विकास संस्थान द्वारा आयोजित हुआ। लोक उत्सव में जहां लोक कलाकारों ने अपनी संस्कृति को सहेजने हेतु कजरी, लोकगीत आदि प्रस्तुत किए वहीं नामचीन कवियों ने देर रात्रि तक काव्य पाठ करके धाम में चेतना पैदा की। राजनेता प्रमोद तिवारी सहित सात विशिष्ट व्यक्तित्वों को जनपद के विकास में अभूतपूर्व योगदान हेतु प्रतापगढ गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। गत वर्षों की भांति देश व समाज में उत्कृष्ट योगदान हेतु 7 विशिष्ट महिलाओं को गुडिया सम्मान से सम्मानित कर गया। साथ ही अवध गौरव सम्मान से लोककवि अशोक बेशरम को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व जिलाधिकारी प्रतापगढ व पूर्व आयुक्त आर0 एस0 वर्मा ने कहा कि जब हम जिलाधिकारी थे तब भी समाज शेखर के नेतृत्व में विकास की नीव यहां पड रही थी। आज सभी प्रयास बडे हो गए हैं उसके पीछे यहां के स्थानीय समाज का जिम्मेदारी से किया गया प्रयास है। जिला युवा अधिकारी राम गोपाल चैहान ने कहा कि धाम के आसपास के सभी ग्रामों में युवा मण्डल विकास कार्यक्रम चलाकर युवा मण्डलों को सक्रिय कर संगठित रूप से विशेष प्रयास किया जायेगा।

## शुभांगी सहित सात विशिष्ट महिलाओं को मिला गुडिया सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** प्रति वर्ष की भांति इस बार भी घुघुरी लोक उत्सव में देश व समाज में उत्कृष्ट कार्य हेतु सात महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिसमें पात्रता परीक्षा में जिला की टापर शुभांगी सिंह, कवियत्री सपना पाडेय, लोक गायिका प्रिया द्विवेदी, गौरक्षक व गौशाला संचालिका वर्षा मिश्रा तथा ग्राम प्रधान पूरे तोरई सुनीता पटेल को गुडिया सम्मान से अलंकृत किया गया।

## ग्राम प्रधान को बाइक सवार ने मारी टक्कर, गंभीर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** गौशाला से घर लौट रहे ग्राम प्रधान को तेज रफ्तार से आ रहे एक बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे वह सड़क के किनारे गिरकर बुरी तरीके से जख्मी हो गए। हालांकि बाइक सवार को मौजूद लोगों ने पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया ग्राम प्रधान आशापुर के रहने वाले चंद्रमणि मिश्र गुरुवार की दोपहर गौशाला से घर वापस आ रहे थे तभी यह हादसा हो गया।

## खबर संक्षेप

### उद्योग समिति की बैठक आज

**कौशाम्बी।** डीएम की अध्यक्षता में जिला उद्योग समिति की बैठक 05 अगस्त 2022 को उदयन सभागार में आहूत की गयी है। यह जानकारी उपायुक्त उद्योग एससिद्दीकी ने देते हुए बताया कि बैठक में उद्यमियों की समस्याओं के समाधान किया जायेंगा।

### तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त भउआ पुत्र गुलाब मौर्या निवासी ईसी का पुरवा थाना कड़ाधाम को एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व दो अदद जिन्दा करातूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### चाकू के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रोहित सिंह पुत्र राजीव सिंह निवासी पूरव शरीरा थाना पश्चिम शरीरा को एक अदद अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# प्रयागराज एयरपोर्ट से कौशाम्बी तक फोरलेन को लेकर किसानों के साथ पीडब्ल्यूडी की हुई बैठक निरर्थक

## राजस्व नक्से में नही है रोड अपनी जमीन का मुआवजा मांग रहे किसान मौखिक बयानबाजी कर किसानों पर दबाव बना रहे है अधिकारी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** प्रयागराज एयरपोर्ट से कौशाम्बी तक फोरलेन सड़क बनाए जाने को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों के साथ किसानों की गुरुवार को बैठक हुई बैठक में अधिकारियों और किसानों के बीच सहमति नहीं बन पाई है सरकार द्वारा प्रयागराज से कौशांबी तक फोरलेन सड़क का निर्माण प्रस्तावित है इसी संबंध में गुरुवार को डाक बंगला कौशाम्बी स्थित कोसम इनाम में लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता रामचंद्र व आरएन मौर्य व लोक निर्माण विभाग के अमीन बी खान की किसानों के साथ बैठक की गई किसानों और अधिकारियों के बीच घंटों बैठक हुई लोक निर्माण विभाग इस पर नाप जोख भी कई बार कर चुकी है विभाग का कहना है कि 24 मीटर नक्से में सड़क है इसके बाद जो जमीन किसान की जाएगी उसका मुवावजा दिया जाएगा लेकिन समस्या यह है कि



किसानों के साथ बैठक करते पीडब्ल्यूडी के अधिकारी

विजया चौराहा से कौशाम्बी करीब 2 किलोमीटर तक राजस्व के नक्से में कही सड़क नही है अभिलेखों को दरकिनार कर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौखिक बयानबाजी कर किसानों पर दबाव बनाकर उनकी जमीन छीन लेना चाहते हैं लेकिन किसान भी नियम के विपरीत अधिकारियों की बात मानने को तैयार नही है इस स्थित में किसानों का कहना है कि हमे तो जो सड़क बनी है उसके बाद किसानों की जो भी जमीन सड़क में जाएगी उसका पूरा मुवावजा चाहिए चौड़ीकरण में कई किसानों के घर भी टूट जाएंगे उसको लेकर भी कई किसानों ने सवाल उठाए उसका मुवावजा कितना मिलेगा कई किसानों की समस्या यह भी है कि 50 वर्षो से ज्यादा से वह लोग घर बनाकर रह रहे है लेकिन जमीन उनके नाम नही है उनका घर भी टूटेगा और सड़क निर्माण के दौरान मुआवजे के रूप में किसानों को क्या मिलेगा ऐसी स्थित में किसानों ने कहा कि जहाँ नक्से में रोड हो वहाँ फोर लेन सड़क निर्मित करे या किसानों को समुचित मुवावजा सरकार दे तभी सड़क चौड़ीकरण का यह कार्य हो सकता है बैठक में कोसम इनाम के शिव पूजन ग्राम प्रधान अतीक अहमद पूर्व ग्राम प्रधान भास्कर त्रिपाठी बाबा भीमसेन त्रिपाठी अशोक त्रिपाठी महफूज हैदर ज्ञान सिंह नथन सिंह सहित तमाम किसान मौजूद रहे ।

# भाजपा नेता की गिरफ्तारी के लिए अनंत के परिजनों ने एडीजी से लगाई गुहार

## करारी के अनंत मर्डर कांड में खड़े हो रहे सवाल क्या अनन्त के परिजन घटना के वक्त मौके पर रहे मौजूद

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** करारी थाना के कस्बा अशोक नगर निवासी रामेश्वर प्रसाद स्वर्णकार के बेटे अनंत 11 वर्ष की 30 जुलाई को गोली लगने से मौत हो गई थी दो बच्चों के खेल खेल में रिवाल्वर छीना झपटी में अनन्त को गोली लग गई और उसकी मौत हो गई अनंत की मौत के बाद उसके परिजन इस तरह से बयान बाजी कर रहे हैं जैसे वह घटना के वक्त घटनास्थल पर मौजूद रहे बताया जाता है कि गोली भाजपा के जिला महामंत्री संजय जायसवाल के पिस्टल से उनके घर पर चली थी लेकिन घटना के वक्त घटनास्थल पर भाजपा नेता और उनके परिजन मौजूद नहीं थे वरना इस तरह का हादसा ना होता बताया जा रहा है कि भाजपा नेता का बेटा वेदांत और अनंत भाजपा नेता के घर में खेल रहे थे। पिस्टल हाथ लगने पर दोनों चोर-सिपाही का खेल खेलने लगे इसी दौरान पिस्टल की छीना झपटी में



एडीजे से मिलकर फरियाद करते पीड़ित दंपत्ति

अचानक गोली चली थी जिससे बालक अनंत की मौत हो गई हालांकि रामेश्वर प्रसाद स्वर्णकार ने घटना के दूसरे दिन भाजपा नेता संजय जायसवाल, उनके बेटे वेदांत, संजय की भाभी और भतीजे के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया था। केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की सवाल उठता है कि जब दोनों परिवार के बच्चे पिस्टल के साथ खेल रहे थे वहां पर परिजन मौजूद नहीं थे तो फिर भाजपा नेता संजय जयसवाल उनकी भाभी और भतीजे को किस साजिश के तहत मृतक बालक के परिजनों ने नामजद किया है खेल खेल में पिस्टल से चली गोली में बालक की मौत के बाद मृतक बालक के परिजन भाजपा नेता उनके भतीजे और भाभी को मुकदमे में नामजद कर दबाव बना रहे हैं भाजपा नेता की पिस्टल की छीना झपटी में गोली किससे चली है इस बात का भी खुलासा अभी तक नहीं हो सका है पिस्टल के फिंगरप्रिंट की जांच के बाद ही इस बात का खुलासा होगा कि पिस्टल से गोली किसके हाथ से चली है। बुधवार को मृतक बालक के पिता रामेश्वर प्रसाद स्वर्णकार पत्नी के साथ एडीजी प्रेम प्रकाश से मिले और मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही बताया कि दबाव में पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। एडीजी ने जांच कराकर कार्रवाई कराने की बात कही है।

# एआरटीओ कार्यालय से वाहन रजिस्ट्रेशन की पंत्रावली गायब

**कौशाम्बी।** एआरटीओ कार्यालय में एक वाहन के पंजीकरण की पत्रावली खोजने का निर्देश एआरटीओ ने 3 दिन पहले कर्मचारियों को दिया है लेकिन 3 दिन बीत जाने के बाद भी संबंधित वाहन की पत्रावली एआरटीओ कार्यालय के कर्मचारी नहीं खोज सके हैं फर्जी तरीके से वाहन का पंजीकरण कराने का आरोप वाहन स्वामी पर लगा है 3 दिन पहले भरवारी कस्बे के एक व्यक्ति ने मामले की शिकायत एआरटीओ से की जिस पर एआरटीओ ने संबंधित लिपिक से पत्रावली पेश करने का निर्देश दिया लेकिन 3 दिन बीत चुके हैं विभाग के लिपिक पत्रावली खोज कर एआरटीओ के सम्मुख नहीं प्रस्तुत कर सके हैं मामले में कर्मचारियों की लापरवाही कहें या फिर अभिलेखों में हेरा फेरी कर फर्जी तरीके से वाहनों में स्वामियों के नाम हस्तानांतरण कर उनके पंजीकरण के मामले में जांच से बचने के लिए साजिश के तहत पत्रावली गायब हुई है लेकिन मामला बेहद गंभीर है और इस मामले में एआरटीओ ने जांच कराई तो वाहन स्वामी के साथ-साथ विभाग के संबंधित लिपिक पर मुकदमा दर्ज हो सकता है सूत्रों की मानें तो वाहन स्वामी पश्चिम शरीरा क्षेत्र का रहने वाला है जिस पर फर्जी अभिलेखों के सहारे वाहन को एआरटीओ कार्यालय में पंजीकरण कराए जाने का आरोप है मामले में संबंधित लिपिक की भी भूमिका सवालों के घेरे में है विभाग में वाहन पंजीकरण की फाइल न मिलने से हड़कंप मचा हुआ है और जल्द ही संबंधित लिपिक और वाहन स्वामी पर मुकदमा दर्ज हो सकता है।

### आरोपी के साथ दो बेकसूर 4 दिन से पुलिस हिरासत में

**कौशाम्बी।** पूछताछ के नाम पर कोखराज थाने में चार दिन से आरोपी के साथ दो अन्य युवकों को पुलिस ने बैठा कर रखा हैं ट्रेन की खिड़की में बैठे युवक को डंडा मारकर यात्री से मोबाइल छीनने के मामले में एक आरोपी और दो अन्य को भी पुलिस पकड़ कर ले आई जिसमें मोबाइल चोर को पकड़वाने वाले आकाश पुत्र कैलाश सरोज सानू पुत्र भारत को भी पुलिस पकड़ कर चार दिन से थाने में बंद कर दिया जिसमें मोबाइल चोर को पकड़वाने में मदद करने वाले लड़के आकाश की थाने के अंदर तबियत बिगड़ गयी जिसको पुलिस के कर्मचारी जीप लेकर इलाज कराने के लिए सरकारी अस्पताल ले गए। जानकारी के मुताबिक कोखराज क्षेत्र के बिदनपुर रेलवे स्टेशन के समीप नौढिया के पास चार दिन पहले धीमी गति से चल रही ट्रेन के गेट में बैठे यात्री के हाथ में डंडा मारकर एक युवक ने यात्री का मोबाइल फोन छीन लिया था नीचे गिरे मोबाइल को आरोपी लेकर भागने लगा धीमी गति से चल रही ट्रेन से यात्री कूद पड़े और छिनैती कर भाग रहे युवक को दौड़ा कर पकड़ लिया गांव के अंदर लोगों ने यात्री का साथ दिया यात्री ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आरोपी को अपने हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद मोबाइल बरामद कर वादी को मोबाइल उपलब्ध करा दिया चार दिन बाद भी आरोपी का चालान नही किया गया।

# जेएमसी और डीपीएमयू कार्यालय का सीडीओ ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिनांक 04 अगस्त को प्रातः 10:00 बजे डी०पी०एम०यू० कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राम मूरती त्रिपाठी जिला समन्वयक, डी०पी०एम०यू० उपस्थित पाये गये तथा कार्यालय में कुल 08 कार्मिक कार्यरत है, जिसमें सुमित कुमार मिश्र, प्रोजेक्ट मैनेजर एम एण्ड ई. विकास कुमार त्रिपाठी जीआईएस एट कुलदीप सोनकर डाटा इन्ट्री आपरेटर कम आफिस मैनेजर, सुश्री संध्या सिंह क्वाडिनेटर आईएसए आईईसी लक्ष्मीधर नायक क्वाडिनेटर कैपेसिटि बिल्डिंग एण्ड ट्रेनिंग और उमा शंकर उपस्थित पाये गये तथा अश्विनी कुमार दुबे डिजाइन क्वाडिनेटर दिनांक 01 अगस्त, 2022 से लगातार अवकाश पर चल रहे है। सीडीओ ने कहा कि उपस्थित पंजिका के अवलोकन से स्पष्ट हुआ कि माह जुलाई 2022 में द्विपान्शु रस्तोगी एम0आई0 क्वाडिनेटर दिनांक 04.07.2022 से लगातार अनुपस्थित चल रहे हैं, जिनके सम्बन्ध में जिला समन्वयक डी०पी०एम०यू० द्वारा अवगत कराया गया कि इनके द्वारा त्याग-पत्र



कार्यालय का निरीक्षण करते सीडीओ

मुख्यालय को दे दिया गया है। इसके अलावा लक्ष्मीधर नायक सी०बी०टी क्वाडिनेटर एरिया दिनांक 11.07.2022 से लगातार दिनांक 23.07.2022 तक अवकाश पर थे कुलदीप सोनकर डीईओ एरिया दिनांक 11.07.2022 से दिनांक 23.07.2022 तक लगातार अवकाश पर थे। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि उक्त कार्मिकों द्वारा इतने दिवसों तक अवकाश पर रहना कदापि उचित नहीं जबकि माह में केवल एक ही दिवस का आकस्मिक अवकाश सम्भवतः देय है। इस सम्बन्ध में राम मूरती त्रिपाठी जिला समन्वयक, डी०पी०एम०यू० एवं अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम ग्रामीण को सीडीओ ने निर्देशित किया है कि यह सुनिश्चित करें कि कार्मिकों की अनुपस्थिति की तिथियों का वेतन देय न हो।

दिनांक 04 अगस्त को ही प्रातः 10:35 बजे जे०एम०सी० प्रोजेक्ट्स लि० के कार्यालय का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राजीव कुमार सहायक अभियन्ता, जल निगम- ग्रामीण उपस्थित थे। जे०एम०सी० प्रोजेक्ट्स लि० कार्यालय में कुल 22 कार्मिक कार्यरत है, जिसमें से अतनू दास असिस्टेंट जनरल मैनेजर सुभ्राता घोसल सीनियर मैनेजर संजय सिंह राघव डिप्टी मैनेजर योगेश चन्द्र श्रीवास्तव इंजीनियर पीएमजी संतोष झा सीनियर एक्सक्यूटिव आकाश कुमार सीनियर सर्वेयर नीरज मिश्र सीनियर इंजीनियर अकरम अन्सारी सीनियर इंजीनियर मिथलेश कुमार सिंह सीनियर इंजीनियर उपेन्द्र मौर्य असिस्टेंट इंजीनियर सचिन श्रीवास्तव ट्रेनि इंजीनियर एवं विशाल शर्मा एडमिन एक्सक्यूटिव उपस्थित पाये गये। शेष कार्मिकों कार्यालय में अनुपस्थित पाये गये। जेएमसी प्रोजेक्ट्स लिए कार्यालय में बायोमैट्रिक उपस्थित मशीन लगी हुयी वहाँ पर कार्यरत असिस्टेंट जनरल मैनेजर द्वारा बायोमैट्रिक उपस्थित उपलब्ध नहीं करा सकें जो आपत्ति का विषय है मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि उपरोक्त के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया है कि समय-समय पर उक्त कार्यालय का निरीक्षण कर साप्ताहिक पाक्षिक निरीक्षण रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# 257 दिव्यांग जनों को उपलब्ध कराए जाएंगे जरूरी उपकरण

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिह के निर्देशन में 04 अगस्त को समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत समेकित शिक्षा के तत्वाधान में एलिम्को कानपुर के सहयोग से दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण एवं उपस्कर उपलब्ध कराए जाने हेतु मापन शिविर का आयोजन ब्लाक संसाधन केंद्र मूरतगंज पर आयोजित किया गया। कैंप में कुल 270. बच्चों का परीक्षण किया गया जिसमें.260. दिव्यांग बच्चे उपकरण एवं उपस्कर हेतु चिन्हित किए गए। दिव्यांग बच्चों को दिनांक 15 अक्टूबर को बीआरसी मूरतगंज में सहायक उपकरण एवं उपस्कर का वितरण किया जाना प्रस्तावित है। कैंप में ट्राई साइकिल 73



समग्र शिक्षा की बैठक में उपस्थित दिव्यांग बच्चे

व्हीलचेयर 15 बैसाखी 2. एल्बो क्रच 1 रोलेटर 17.एमआर किट 47 ब्रेल किट 22 स्मार्ट केन 7.हियरिंग एड 42 एवं कैलीपर चिन्हित किये गये। उक्त कैंप में एलिम्को कानपुर से पी॰एंडओ॰ टेक्निशियन दीलीप ऑडियोलॉजिस्ट राजू कुमार पी एन्ड ओ सुभाष कैंप में खंड शिक्षा अधिकारी मूरतगंज मुकेश नरायण मिश्रा समेकित शिक्षा विकास पाण्डेय फिजियोथेरेपिस्ट पकज शाहू तथा समस्त वी आर. सी .स्टाप आलोक द्विवेदी समस्त स्पेशल एजुकेटर उपस्थित रहे।

### पुलिस चौकी में बंद कर दो युवक को पीटने वाला चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

**कौशाम्बी।** ब्रिटिश हुकूमत की याद दिलाते हुए पीड़ितों को चौकी में बेरहमी से पीटने वाले चौकी इंचार्ज के कारनामे की जानकारी जैसे ही पुलिस अधीक्षक को लगी उन्होंने आरोपी चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर कर दिया है जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के शमशाबाद पुलिस चौकी इंचार्ज के कारनामे से एक बार फिर खाकी शर्मशार हुई है,युवती को भगाने के मामले में पूछताछ के लिए दो युवकों पर पुलिस चौकी पकड़ कर लाया गया पुलिस चौकी के भीतर बंद कर दोनो युवकों को बेरहमी से पिटाई कर दी गई है यही नहीं युवक के साथ मारपीट के दौरान पुलिस पर प्राइवेट पार्ट में भी चोट पहुंचाने का आरोप लगा है ।एक व्यक्ति के शरीर एवम पिछवाड़े पर पट्टे से पिटाई के गंभीर निशान पड़े हुए है उन्हें थर्ड डिग्री दी है ।पीड़ितों ने एएसपी से मिलकर मामले की शिकायत की जांच के दौरान चौकी इंचार्ज पर लगे आरोप की पुष्टि हुई जिस पर पुलिस अधीक्षक ने चौकी इंचार्ज शमसाबाद को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है।

### किसान के खेत से दबंगों ने बेच ली मिट्टी

**कौशांबी।** चरवा थाना के कलापत का पुरवा में दबंग लोगों ने जेसीबी मशीन लगाकर किसान की 15 बिस्वा जमीन से चोरी से मिट्टी निकाल कर बेच लिया है जिसकी शिकायत भी पीड़ित ने कई बार थाने में की लेकिन पीड़ित की कोई सुनवाई नहीं हुई जिससे पीड़ित ने डीएम को शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के मुताबिक जवाहर लाल पुत्र सियंबर निवासी कलापत का पुरवा चरवा की भूमिधारी जमीन आराजी संख्या 1697 रकबा 0 ,344 रकबा लगभग 15 बिस्वा से गांव के दबंग लोगों ने जेसीबी के माध्यम से मिट्टी निकाल कर बेच ली जब किसान को पता चला और उसने पूछताछ की तो दबंगों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी पीड़ित ने 16 जुलाई को थाना चरवा में शिकायत दर्ज कराई कई दिन बीत जाने के बाद वहां से जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को 21 जुलाई को शिकायती पत्र दिया जिस पर पीड़ित को क्षेत्राधिकारी चायल ने बुलाया और मामले को समझा क्षेत्राधिकारी ने कहा कि आप थाने जाइए आप की सुनवाई होगी मगर जैसे ही पीड़ित थाने गया उसे थाने से डांट कर भगा दिया गया पीड़ित ने 3 अगस्त को मंझनपुर पहुंचकर जिला अधिकारी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

### विधवा की जमीन पर कब्जा एसपी से फरियाद

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के असकरनपुर मगरोनी गांव में दबंगों द्वारा विधवा के पट्टे की जमीन पर ट्रैक्टर चलाकर खेत पर कब्जा कर लिया है एसपी की जनसुनवाई में फरियाद लेकर विधवा महिला पहुंच गई। जन सुनवाई के दौरान एसपी से न्याय दिलाने की मांग किया मंझनपुर कोतवाली के असकरनपुर मगरोहनी निवासी विधवा फूल कली पत्नी स्वर्गीय मोहनलाल को कई वर्ष पहले कृषि योग्य भूमि का गाटा संख्या 75 रकबा ०. 182 हेक्टेयर का पट्टा मिला था विधवा ने बताया कि 29 नवंबर 2018 को तहसीलदार सिराथू ने जमीन नाप कर कब्जा दिया था। इसके बाद विधवा लगातार खेत पर काबिज है। खेत में कृषि ऊपज लगा कर परिवार का भरण पोषण करती है। पड़ोसी संतलाल ने गाटा संख्या 74 का वास्ता देकर 3 अगस्त को श्यामलाल व लखन लाल के साथ खेत में ट्रैक्टर चला कर कब्जा कर लिया विधवा का कहना है कि सड़क पर खेत होने से पड़ोसी लोग जमीन पर कब्जा कर रहे है पीड़ित ने एसपी से शिकायत कर कारवाही की फरियाद की है।

## न्यूज झरोखा

### बीच सड़क पर बेहोश पड़ा रहा शराबी



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अंतर्गत मूरतगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के मूरतगंज बाजार में एक शराबी बेहोशी की हालत में भी बीच सड़क पर पड़ा रहा है सड़क पर पड़े शराबी को होश हवास नहीं है मूरतगंज में कानपुर रोड पर कपड़े की दुकान के ठीक सामने बुधवार की देर रात्रि शराबी शराब के नशे में पड़ा रहा मूरतगंज चौकी इंचार्ज ने शराबियों को खुला छोड़ दिया है इलाके में शराब की भट्ठियां भी बेखौफ संचालित होती है जहां पियक्कड़ का जमावड़ा लगता है जहां पर शराब पियो वहीं पर पड़े रहो ऐसे शराबियों पर क्यों कार्यवाही नहीं हो रही है क्यों ऐसी शराब बेची जा रही है कि लोग पीकर बेहोश जाते हैं शराब पीकर सड़क पर पड़े रहने के बाद यदि दुर्घटना हुई तो पूरा परिवार बिलख बिलख कर रोएगा।

### मुकदमे में समझौता न करने पर दलित को दबंगों ने फिर पीटा

#### पीड़ित ने एसपी से दबंगों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की



**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के डेढ़ावल गांव निवासी रामपाल सरोज पुत्र राम प्रसाद सरोज पर डेढ़ वर्ष पहले दबंगों ने हमला किया था मामले में थाना पुलिस ने एससीएसटी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल किया मामले का मुकदमा अदालत में विचाराधीन है मुकदमे में सुलह समझौते का दबाव आरोपी पक्ष लगातार बना रहे हैं जिस पर रामपाल सरोज ने समझौता करने से इंकार कर दिया 3 अगस्त को रामपाल सरोज यमुना नदी किनारे मछली मारने गया था गांव के दबंग ज्ञान सिंह और उसके बेटे लाल बहादुर आदि ने पीड़ित रामपाल को यमुना किनारे घेर लिया और मुकदमा से सुलह समझौता का दबाव बनाने लगे जब रामपाल सरोज ने मुकदमे में समझौते से इनकार किया तो दबंगों ने उसके साथ फिर मारपीट किया है मामले की शिकायत लेकर रामपाल सरोज एसपी कार्यालय पहुंचा है और पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर दबंगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

### कार्य मे लापरवाही बरतने पर लेखपाल निलंबित

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के टेवा टेन शाह आलमा बाद में तैनात लेखपाल की लापरवाही पर तत्काल प्रभाव से उप जिला अधिकारी मंझनपुर में उसे निलंबित कर दिया है बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद क्म्प्र व जन शिकायतों का समय पर निस्तारण न करने से एसडीएम लेखपाल पर खफा हो गए एसडीएम प्रखर उत्तम ने लेखपाल को खसरा फीडिंग में रुचि ना लेने,सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना क्षेत्र में व मुख्यालय से अनुपस्थित रहने संबंधी आरोप को गंभीरता से लिया और एसडीएम प्रखर उत्तम ने लेखपाल सुनील कुमार सिंह टेंवा,टेन शाह अलमाबाद को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए कार्यालय से सम्बद्ध किया है एसडीएम प्रखर उत्तम की इस कार्रवाई से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है।

### दो घरों से नगदी-जेवरात समेत लाखों की चोरी

**कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर सुकवारा उर्फ रानीपुर गांव में मंगलवार की रात चोरों ने दो मकानों में सेंध कर नगदी-जेवरात समेत लाखों का माल पार कर दिया सुबह जानकारी होने पर गृहस्वामियों के होश उड़ गए पीड़ित परिजनों ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दिया है लेकिन खबर लिखे जाने तक पुलिस घटना के खुलासे में किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है। घटनाक्रम के मुताबिक सराय अकिल कोतवाली के रसूलपुर सुकवारा उर्फ रानीपुर गांव की मरजीना बीबी पत्नी स्व. शमीम अख्तर और तीरथ लाल पुत्र देवगन के घरों में चोरों ने सेंध कर लगभग डेढ़ लाख की नगदी और दो लाख के जेवरात पार कर दिया है ।प्रभु पुत्र मुर्दा के जाग जाने से चोर वहां से भाग निकले। भुक्तभोगियों ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी है खबर लिखे जाने तक पुलिस घटना के खुलासे में किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है।

### अलग अलग थानों से तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस बल द्वारा दो वांछित अभियुक्तों धनजय पुत्र सरजू निसाद निवासी उजिहिनी खालसा थाना चरवा व गेंदलाल पुत्र सुग्रीव निवासी दीया उपरहार थाना सराय अकिल को मुखबिर की सूचना पर काजीपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना पिपरी पुलिस पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त शक्तिमान पुत्र स्व० सुईश रैदास निवासी कटहुला गौसपुर थाना पिपरी को गिरफ्तार कर। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### दबंग जबरिया कर रहे महिला की जमीन पर कब्जा

#### पीड़ित ने एसपीसे शिकायत कर भूमि धरी जमीन बचाने की लगाई गुहार

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के पश्चिम शरीरा थाने के बरौली गांव की महिला मंटोला बेगम पत्नी नन्हे खाँ के नाम तहसील के राजस्व अभिलेखों में आराजी संख्या 1104 मौजा गोराजु भूमि धरी जमीन दर्ज है लेकिन उसके बाद भी गांव के कल्लू राजकरन शिवा वा दुर्गा पुत्रगण गुलजार जबरन जमीन पर कब्जा कर रहे हैं मामले की शिकायत लेकर महिला मंटोरा बेगम पश्चिम शरीरा थाना पुलिस से मिली महिला की शिकायत पर थानेदार भवानी सिंह ने मनोज कुमार सिपाही को मौके पर भेजकर आरोपियों को बुलाने का निर्देश दिया लेकिन सिपाही आरोपियों को बुलाने के बजाय महिला से ही उलझ गया सिपाही का कहना है कि तुमने जमीन बेच दिया है इसलिए उस पर निर्माण हो रहा है जबकि राजस्व अभिलेखों में जमीन बिक्री का कहीं जिक्र नहीं है महिला का कहना है कि सिपाही मनोज कुमार ने कब्जा धारकों से सांठगांठ कर लिया है और सिपाही की सांठगांठ से कब्जा धारक जबरिया निर्माण कर रहे हैं इतना ही नहीं महिला को उक्त सिपाही ने धमकी दी है कि यदि निर्माण को रोकने का प्रयास किया तो तुम्हारे खिलाफ जमीन बनाने वालों से एससीएसटी की तहरीर लेकर मुकदमा लिख कर तुम्हें जेल भेज देंगे पीड़ित महिला को सिपाही ने थाने से डॉट डपट कर भगा दिया सिपाही से त्रस्त महिला गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँची और पुलिस अधीक्षक को प्रकरण की जानकारी देते हुए अवैध निर्माण पर रोक लगाए जाने और अवैध निर्माण कर रहे लोगों के साथ साथ आरोपी सिपाही मनोज कुमार पर कार्यवाही की मांग की है।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 19 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से एक थाना पश्चिम शरीरा से दो थाना पिपरी से छः थाना कड़ाधाम से पांच कुल 14 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

### दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा दो वारटी अभियुक्तों कपलू उर्फ रामनरायण उर्फ बाबर पुत्र चंदूलाल निवासी जगधापुर थाना मंझनपुर व रामवीर पुत्र रामविशाल निवासी खनवारी थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चैकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो-पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमें यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 214 वाहनों का ई-चालान व एक वाहन का चालान कर 1000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

## संपादक की कलम से

# महात्मा गांधी का 'ग्राम स्वराज' का सपना आखिर कब होगा पूरा

**भारत** की आजादी को 15 अगस्त 2022 को 75 वर्ष पूरे हो जायेंगे, भारतीय इतिहास के इस बेहद महत्वपूर्ण ऐतिहासिक अवसर को यादगार बनाने के लिए केन्द्र की नरेंद्र मोदी सरकार आजादी की गौरवशाली 75वीं वर्षगांठ को पूरे देश में 'अमृत महोत्सव' के रूप में विभिन्न प्रकार के भव्य कार्यक्रमों का आयोजन करके धूमधाम से मना रहा है। इस महोत्सव की शुरूआत 12 मार्च 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के अहमदाबाद में स्थित स्वयं महात्मा गांधी के द्वारा स्थापित ऐतिहासिक 'साबरमती आश्रम' में 'दांडी मार्च" को हरी झंडी दिखा कर की थी। इस पल को यादगार बनाने के लिए केन्द्र सरकार देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने से 75 हफ्ते पहले यानी की 12 मार्च 2021 से ही देश में 'अमृत महोत्सव' के रूप में विभिन्न छोटे व बड़े कार्यक्रमों का आयोजन करके मना रहा है, जो कि एक वर्ष बाद 15 अगस्त 2023 तक निरंतर चलते रहेंगे। आजादी की 75वीं वर्षगांठ का यह अवसर सभी देशवासियों के लिए बेहद अहम है। हालांकि देशवासियों के मन में देश के सर्वांगीण विकास को लेकर आज भी बहुत सारे ज्वलंत सवाल उठ रहे हैं, वह देश के सिस्टम से उनका स्थाई निदान चाहते हैं, ऐसा ही एक सवाल देश के ग्रामीण अंचलों के विकास का है। " लेकिन 'अमृत महोत्सव' के इस बेहद गौरवशाली अवसर पर हम सभी देशवासियों को, देश के सभी नीतिनिमार्ताओं व ताकतवर कर्ताधताओं को हर हाल में यह आत्ममंथन अवश्य करना चाहिए कि क्या हम लोग देश की आजादी के लिए प्राण न्यौछावर व संघर्ष करने वाले मां भारती के वीर सपूतों के सपनों के वास्तविक भारत का 75 वर्ष बाद भी धरातल पर वास्तव में निर्माण कर पाये हैं क्या। आजादी के 75 वर्ष बाद भी क्या हमारा सिस्टम देश के गांवों में निवास करने वाली सत्तर फीसदी ग्रामीण आबादी का समुचित सर्वांगीण विकास कर पाया है क्या।" वैसे भी आजकल देश में जिस तरह का माहौल व्याप्त हो गया है, वह महात्मा गांधी के सपने को पूरा करने में व देश के सर्वांगीण विकास में खुद ही एक बहुत बड़ा बाधक है।

# वृद्ध वार्धक्य को ओढ़े नहीं, बल्कि जीएं

– ललित गर्ग –

**यह सत्य** है कि आज भारत में बुजुर्गों की उपेक्षा हो रही है। इसके लिए कई कारण हैं। बढ़ती हुई महंगाई, पश्चिमी सभ्यता का अनुकरण, संसाधनों की कमी, संकुचित विचारधारा आदि आदि। आज की पीढ़ी बुजुर्गों के त्याग को समझना ही नहीं चाहती। इसीलिये संसार के बुजुर्ग लोगों को सम्मान देने के लिये विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन द्वारा इसका शुभारंभ किया गया था। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य वृद्धों की वर्तमान समस्याओं, उपेक्षाओं एवं संवेदनहीनता के बारे में जनमानस में जागरूकता बढ़ाना है। वृद्धजनों की उपेक्षा का अर्थ है जीवन में विविध ज्ञान और अनुभवों से वंचित होना। वृद्ध साक्षात देवता हैं।



वृद्ध हमारी सभ्यता और संस्कृति की धरोहर व समाज के मेरुदंड हैं। इनको सम्मान देने एवं उनकी सेवा करने से आय, शिक्षा, यश, बल और आशीर्वाद मिलता है, मार्गदर्शन मिलता है। इनका आदर व सेवा हमारा कर्तव्य ही नहीं, जिम्मेदारी है, मगर आज पाश्चात्य संस्कृति और अपनी तथाकथित आधुनिक संकीर्ण मानसिकता के कारण जो लोग वृद्धजनों की उपेक्षा कर रहे हैं, वे भी आखिर एक दिन वृद्ध होंगे, तब उनके साथ भी वही व्यवहार होगा, जिसकी वे आज नींव डाल रहे हैं। चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वृद्धों की उपेक्षा के गलत प्रवाह को रोके। क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। वृद्ध अपने ही घर की दहलीज पर सहमा-सहमा खड़ा है, उसकी आंखों में भविष्य को लेकर भय है, असुरक्षा और दहशत है, दिल में अन्तहीन दर्द है। इन त्रासद एवं डरावनी स्थितियों से वृद्धों को मुक्ति दिलानी होगी। सुधार की संभावना हर समय है। हम पारिवारिक जीवन में वृद्धों को सम्मान दें, इसके लिये सही दिशा में चले, सही सोचें, सही करें। इसके लिये आज विचारक्रांति ही नहीं, बल्कि व्यक्तिक्रांति की जरूरत है।

लगातार संवेदनशून्य होते समाज में इन दिनों कई ऐसी घटनाएं प्रकाश में आई हैं, जब संपत्ति मोह में वृद्धों की हत्या कर दी गई। ऐसे में स्वार्थ का यह नंगा खेल स्वयं अपनों से होता देखकर वृद्धजनों को किन मानसिक आघातों से गुजरना पड़ता होगा, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता। वृद्धावस्था मानसिक व्यथा के साथ सिर्फ सहानुभूति की आशा जोहती रह जाती है। इसके पीछे मनोवैज्ञानिक परिस्थितियां काम करती हैं। वृद्धजन अव्यवस्था के बोझ और शारीरिक अक्षमता के दौर में अपने अकेलेपन से जूझना चाहते हैं पर इनकी सक्रियता का स्वागत समाज या परिवार नहीं करता और न करना चाहता है। बड़े शहरों में परिवार से उपेक्षित होने पर बूढ़े-बुजुर्गों को "ओल्ड होम्स" में शरण मिल भी जाती है, पर छोटे कस्बों और गांवों में तो ठुकराने, तरसाने, सताए जाने पर भी आजीवन घुट-घुट कर जीने की मजबूरी होती है। यद्यपि "ओल्ड होम्स" की स्थिति भी ठीक नहीं है।

विश्व में इस दिवस को मनाने के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं, परन्तु सभी का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि वे अपने बुजुर्गों के योगदान को न भूलें और उनको अकेलेपन की कमी को महसूस न होने दें। हमारा भारत तो बुजुर्गों को भगवान के रूप में मानता है। इतिहास में अनेकों ऐसे उदाहरण है कि माता-पिता की आज्ञा से भगवान श्रीराम जैसे अवतारी पुरुषों ने राजपाट त्याग कर वनों में विचरण किया, मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार ने अपने अन्धे माता-पिता को काँवड़ में बैठाकर चारधाम की यात्रा कराई। फिर क्यों आधुनिक समाज में वृद्ध माता-पिता और उनकी संतान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही है। वृद्धावस्था वरदान बनना चाहिए लेकिन वह अभिशाप बनता जा रहा है। इसके लिये वृद्धों को स्वयं के प्रति जागरूक होना होगा। जेम्स गारफील्ड ने कहा भी है कि यदि वृद्धावस्था की झुर्रियां पड़ती है तो उन्हें हृदय पर मत पड़ने दो। कभी भी आत्मा को वृद्ध मत होने दो।"

भारत में भी दिन-प्रतिदिन हमारे बुजुर्गों के प्रति उपेक्षा निरंतर बढ़ती जा रही है, जो संवेदनशीलता का अभाव प्रदर्शित कर रही है। आज हम पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव में अपनी सांस्कृतिक परंपरागत और विरासत में मिली धरोहरों को नष्ट कर रहे हैं। हमारे रीति-रिवाज और सभ्यता ने ही हमें संसार में विश्व गुरु की उपाधि प्रदान की थी। अमूल्य संस्कार और आचार-विचार की अवहेलना कर हम स्वयं अपना ही नुकसान कर रहे हैं। आज जीवन में बढ़ता अवसाद, बढ़ते तलाक, बच्चों के सर्वांगीण विकास में बाधा जैसी समस्याओं की वजह बुजुर्गों की उपेक्षा है। आज देश में बढ़ते वृद्धाश्रम इस बात का जीता जागता उदाहरण है कि हम स्व केंद्रित हो गए हैं। हमें अपनी उपभोक्तावादी तथा अहंकार प्रवृत्ति को नष्ट कर अपने संस्कारों को पुनर्जीवित करना होगा। साथ ही बुजुर्गों को भी कुछ संतुलन के साथ परिवार के बच्चों को संस्कारित करने का कर्तव्य निभाना चाहिए।

वृद्ध समाज को दुःख और संत्रास से छुटकारा दिलाने के लिये ठोस प्रयास किये जाने की बहुत आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र ने विश्व में बुजुर्गों के प्रति हो रहे दुर्व्यवहार और अन्याय को समाप्त करने के लिए और लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए अंतरराष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस मनाने का निर्णय लिया। यह सच्चाई है कि एक पेड़ जितना ज्यादा बड़ा होता है, वह उतना ही अधिक झुका हुआ होता है यानि वह उतना ही विनम्र और दूसरों को फल देने वाला होता है, यही बात समाज के उस वर्ग के साथ भी लागू होती है।

# स्वाधीनता से उपजी देश की एकता, अखंडता, इसे चिरकाल तक बनाए रखें

**संजीव ठाकुर**

**करीबन** आठ सौ से हजार वर्षों की परतंत्रता के बाद अनेक जीवन का बलिदान देने और विभिन्न संघर्षों के बाद हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई है। इस संघर्ष से प्राप्त स्वतंत्रता को हमें देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता की शक्ति से चिरकाल तक स्थाई रूप से बनाए रखना है अब कभी स्वतंत्रता पर खतरा ना आए यह हमारे देश के दिग्दर्शकों को अपनी कर्मठ जिजीविषा से बनाए रखना होगा। स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद हमारी एकता, अखंडता एवं एकरूपता मजबूत हुई है, पर कतिपय राजनैतिक मंसूबों के कारण आज हम सांप्रदायिकता, क्षेत्रीयता, जातीयता और अलग-अलग भाषाओं के संघर्षों से गुजर रहे हैं। हम आज मंदिर ,मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च के विवाद को लेकर विवाद ग्रस्त हो जाते हैं । कभी हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी,मराठी,तेलगु,और कभी असमी भाषा के असमंजस में फंस कर एक दूसरे का विरोध जताना शुरू कर देते हैं। मूलतः हमें राष्ट्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए सांप्रदायिकता के विद्वेष, ईर्ष्या, जलन और सीमा तथा भाषाई विवाद से परे हटकर देश में अखंडता, सांप्रदायिक सद्भावना का एक शुद्ध वातावरण समाज में तैयार करना होगा, जिसके फलस्वरूप हम विकास की मुख्यधारा में अपना व्यक्तिगत योगदान राष्ट्र के प्रति दे संके। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी ने कहा था कि "भारत संपूर्ण विश्व में एक अकेला ऐसा राष्ट्र है जहां मंदिरों ,मस्जिदों, गिरजाघरों और गुरुद्वारों का एक एकात्मक सह अस्तित्व कायम है"।

वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर आतंकवाद शांति सद्भावना एवं किसी भी राष्ट्र की अखंडता एकता एकरूपता के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

आतंकवादी कभी अमेरिका और कभी भारत के दिल्ली, मुंबई और अनेक प्रदेशों को अपना निशाना बनाकर आतंक फैलाने का प्रयास करते हैं और आतंकवाद ने कई राज्यों में अपार जनहानि तथा संपत्ति की क्षति पहुंचाई है। इसके अतिरिक्त अलगाववादियों ने भी राष्ट्रीय एकता अखंडता को भंग करने का पुरजोर प्रयास किया है। राजनीतिक पार्टियों के मंसूबों तथा उनकी महत्वाकांक्षाओं के कारण भी अलग-अलग जातियों संप्रदाय तथा पूजा के पवित्र स्थानों को लेकर समाज को अलग करने का बीजारोपण भी किया है। राजनीतिक पार्टियों के चंद राजनेता वोट बैंक बनाने के लिए कभी अल्पसंख्यकों में अलगाव के बीच बोलने का प्रयास करते हैं। कभी आरक्षण के नाम पर पिछड़े वर्गों को देश की मुख्यधारा से बहकाने का प्रयास करते हैं, और कभी किसी विशेष जाति प्रांत या भाषा के हकदार बन कर देश की एकता, अखंडता को खंडित करने का पुरजोर प्रयास करते हैं। यह अत्यंत निंदनीय एवं चिंतनीय सामाजिक पहलू है, जिस संदर्भ में हमें गहन विचार करने की आवश्यकता भी है। सामाजिक स्तर पर हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई एवं अन्य वर्ग सुचारू रूप से भाईचारे में अखंड विश्वास रखते हैं एवं सामान्य जीवन करने में विश्वास रखते हैं। पर राजनैतिक मंसूबों के कारण कुछ राजनेता इन सभी संप्रदायों को आपस में लड़वाकर अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास करते हैं। पर यह एक अत्यंत विचारणीय पहलू है कि राष्ट्रीय अखंडता एकता तथा सहयोग को बनाए रखने के लिए केवल राजनेता या प्रशासनिक अधिकारियों का कार्य न होकर हम सबका यह कर्तव्य भी है कि हमें एकजुट होकर राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को सदैव बनाए रखने का सतत प्रयास करना चाहिए। हम यदि ऐतिहासिक रूप से देखें की अनेक धर्मो जातियों और अनेक भाषाओं वाला भारत देश पूर्व में अनेक विसंगतियां के बावजूद सदैव एकता के सूत्र में बंधा रहा है। भारत देश में पूर्व में भी अनेक विदेशी जातियां आई और धीरे-धीरे भारत की मूल धारा में समाहित होती गई। भारत में आगमन के साथ इन्हीं जातियों की परंपराएं, विचारधाराएं, संस्कृति, संस्कार भारत की मुख्य धारा में एक रूप हो गई और भारत की सांप्रदायिक सौहार्द की भावना आज भी वैसी की वैसी ही है। भारत के जिम्मेदार नागरिक होने के कारण हमारी बड़ी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम इस देश की अखंडता एकता समरूपता और परंपरा को मजबूत बनाकर विश्व के सामने एक मिसाल के रूप में पेश करें। यह सार्वभौमिक सत्य है कि कोई देश यदि संगठित एक रूप और शक्तिमान होता है तो सारा विश्व उसकी इस ऊर्जा शक्ति को चिन्हित कर उसका सम्मान करता है। और उस पर आक्रमण या किसी भी तरह के प्रतिबंध लगाने से भयभीत रहता है। जब तक हम एकता के सूत्र में बंधे तब तक हम मजबूत एवं शक्तिशाली हैं और जब हम खंडित या विघटित हुए तब तब देश कमजोर हुआ है। अब हमें इन विघटनकारी ताकतों और विध्वंस कारी शक्तियों को नियंत्रण में लाकर इन्हें देश से बाहर भगाना होगा और इन पर प्रभावी नियंत्रण कर के देश की संप्रभुता एकता को बनाए रखना होगा। इसके लिए देश के संचार माध्यम, मीडिया, साहित्यकारों, कलाकारों को राष्ट्रीय एकता के लिए अपने को समर्पित भाव से सामने लाकर देश की सेवा करनी होगी।

# यादें बंटवारे की-शरणार्थी कैसे उठे राख के ढेर से

**आर.के. सिन्हा**

**भारत अप**नी स्वाधीनता के 75 साल पूरे कर रहा है। सारे देश में उत्साह और उल्लास का वातावरण बन गया है। लेकिन, भारत को आजादी की बड़ी कीमत देश के बंटवारे के रूप में अदा करनी पड़ी थी। यह भी एक कटु सत्य है। हजारों निदोर्षों ने अपनी जानें गंवाई कलाखों लोगों को अपने घरों से दूर जा कर अपनी नई दुनिया बसानी पड़ी थी। आज जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, तो हमें उन पंजाबी और बंगाली शरणार्थियों को अवश्य याद रखना होगा, जिन्होंने कठिन और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपने हिस्से का आसमान छूआ। पंजाब से आये श?णार्थियों ने कारोबारी दुनिया में अपनी कड़ी मेहनत और जीवटता से अभूतपूर्व सफलता हासिल की।

अगर आप राजधानी दिल्ली में रहते हैं या फिर वहां पर आते-जाते रहते हैं तो आपने वहां लोकप्रिय बंगाली मार्केट के पास तानसेन मार्ग के कोने पर स्थित फेडरेशन ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) का भवन देखा होगा। फिक्की की बिल्डिंग में उसके तमाम पूर्व अध्यक्षों की फोटो लगी हैं। उनमें अपोलो टायर्स के चेयरमेन रौनक सिंह की भी फोटो है। वे सन 1989 में फिक्की के अध्यक्ष थे। वे देश के बंटवारे के वक्त लाहौर से दिल्ली आये थे। वे लाहौर में एक दूकान में काम करते थे। रौनक सिंह ने 85 नेताजी सुभाष मार्ग, दरियागंज के दफ्तर से बिजनेस के संसार में दस्तक दी थी। उन्होंने अजमेरी गेट की एक स्टील पाइप की दूकान में भी काम किया। आज भले ही वे संसार में नहीं हैं, पर उनका अपोलो टायर्स संसार की सबसे बड़ी टायर निमार्ता कंपनियों में से एक है। फिक्की में ही डॉ. ज्योत्सना सूरी का भी चित्र लगा है। वो ललित सूरी की पत्नी हैं। वो ललित होटल की चेयरपर्सन हैं। उनके ससुर खाली हाथ सन 1947 में रावलपिंडी से भारत आये थे। भारत आकर सूरी परिवार ने कसकर मेहनत की और आज इनके देशभर में कई लक्जरी होटल चल रहे हैं, जिनमें हजारों मुलाजिम काम करते हैं।

हम सबने एमडीएच मसाले वाले वयोवृद्ध महाशय धर्मपाल गुलाटी को अपनी कंपनी के ब्रांड एंबेसेडर के रूप में सालों विज्ञापनों में देखा है। वो जम्मू के पास स्योलकोट शहर से सपरिवार दिल्ली आये थे। पक्के आर्य समाजी महाशयजी ने दिल्ली में टांगा भी चलाया था और पिता की मसाले की दूकान में बैठकर काम भी किया। वे जब राजधानी के करोल बाग में होते थे तो जूते-चप्पल पहनकर नहीं घूमते थे। वे कहते थे, "इसी करोलबाग में खाली हाथ आया था। यहां पर रहते हुये ही मेरा कारोबार में सफल हुआ। इसलिये ये सारा क्षेत्र मेरे लिये मंदिर के समान है।

दरअसल देश के विभाजन ने पंजाब के सैकड़ों नौजवानों को उद्यमी बनाया। उनके पास कुछ अपना कारोबार करने के अलावा कोई चारा भी तो नहीं था। बेशक, महाशय धर्मपाल गुलाटी का जीवन मिसाल है, उन सभी के लिए जो जीवन में अपने लिए नई इबारत लिखना चाहते हैं। एक शरणार्थी किस तरह से जीवन में अपने लिये जगह बनाता है, उसकी बेहतरीन मिसाल थे, महाशय जी। बेशक, कोई भी समाज जो कठिन दौर से गुजरता है, संघर्ष करता है, वह आगे चलकर तरक्की करता ही है। मारवाड़ियों को ही लें। ये राजस्थान-गुजरात की ड्राई धरती और मरुस्थल में पैदा हुए। अब देश के अधिकांश बड़े उद्योगपति मारवाड़ी समाज से ही आते हैं। पारसियों को देखिए जो ईरान से आए, सिंधी जो सिंध से आए। इन सब ने विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष किया और संपन्न बने। देश विभाजन ने हजारों नौजवानों को आंत्रप्योनर बनाया था। पाकिस्तान से सन 1947 में भारत आ गए अनेक नौजवानों ने नए-नए कारोबार चालू करके अपने लिए जगह बनाई थी। विपरीत हालातों में इन्होंने हिम्मत नहीं हारी थी। इनमें से ही कई आगे चलकर ब्रजमोहन मुंजाल (हीरो ग्रुप) और एच.सी नंदा ( एस्कोर्ट्स) सरीखे उद्योगपति बने। इन्होंने साबित किया कि वे विपरीत हालातों में भी लड़ेंगे। अब दलितों का समय है, दलित व्यापार में अपनी क्षमताओं से भरपूर ढंग से आगे बढ़ रहे हैं।

बंटवारे के वक्त खुखरायण पंजाबियों को भी भारत आना पड़ा था। इनके सरनेम होते हैं आनंद, कोहली, सूरी, सब्बरवाल, साहनी वगैरह। खुशवंत सिंह कहते थे कि "खुखरायण पंजाबी खत्रियों का एक जाति समूह है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और उनकी पत्नी गुरशरण कौर भी कोहली ही हैं। इनके अलावा इसमें घई, चंडोक, चड्ढा, भसीन, खन्ना व भाटिया ऐसी अन्य जातियां व उपजातियां शामिल हैं, जो एक-दूसरे से वैवाहिक रिश्ते कायम करने को प्राथमिकता देती हैं। खुखरायण समाज में हिन्दू और सिख दोनों हैं। खुखरायण मुख्य रूप से पाकिस्तान के रावलपिंडी, झेलम और कैमलपुर जैसे स्थानों से भारत आये थे। ये लगभग सभी बिजनेस ही करते हैं। इनमें नौकरी करने वाले मात्र गिनती के ही होंगे। आपको खुखरायण धर्मशालाएं हरिद्वार, बनारस दिल्ली में भरपूर मिलेंगी। बेशक, बंटवारे का एक सकारात्मक्क पक्ष यह रहा था कि इसने भारत के विभिन्न शहरों की आबादी को समावेशी बना दिया। बंटवारे के चलते पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से नामधरी सिख भी भारत आये। इन्हें आप तुरंत पहचान लेते है ।

# ईडी पर आरोप लगाने वाले बतायें, मंत्रियों के तहखानों में नोटों के ढेर कैसे

**– डॉ उमेश प्रताप वत्स**

**सरका**री पिंजरे का तोता नाम से अलंकृत आर्थिक प्रवर्तन महानिदेशालय अर्थात इनफोर्समेंट डायरेक्टरेट यानि इडी आजकल देशभर में चर्चा में बना हुआ है। यद्यपि लोगों का मानना है कि 2014 में जब से केन्द्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी है तभी से ईडी बहुत सक्रिय होकर कार्य कर रहा है। कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी को ईडी का बुलावा आने पर ईडी की कार्रवाई को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी मंच मिला है। ईडी नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में गांधी परिवार से पूछताछ कर रही थी। पूरे देश भर में कांग्रेस के कार्यकर्ता ईडी का विरोध कर रहे हैं। विरोध मन से हो रहा था यह कह नहीं सकते किंतु कैमरा कवरेज में आने के लिए वृद्ध नेता भी युवाओं की तरह गुलाटी मार रहे थे, सड़कों पर लोट-पोट हो रहे थे।

ईडी के छापे से राजनैतिक गलियारों में एक हडकंप सा मचा हुआ है विशेषरूप से उन लोगों में जिन्होंने आने वाली पुश्तों के लिए गैरकानूनी ढंग से धनोपार्जन कर दांए-बांए मित्र-परिचितों के पास छिपाकर रखा हुआ है।

ऐसे कई छापेमारी अभियान चलाए गए जहां से ईडी ने कई करोड़ रुपए बरामद रुपये व जेवरात बरामद किए। अगर आपको याद होगा, कानपुर का वाक्या जो काफी चौंकाने वाला था। जहां पर दो दिनों तक ईडी पैसा गिनती रही। गिनने के लिए मशीन मंगानी पड़ गई, पैसे ले जाने के लिए ट्रक लाने पड़ गए यानी इतना सारा रुपया आपने अपने सपनों में नहीं देखा होगा, जो आपको ईडी ने वास्तव में दिखाने का कार्य किया है। पूरे देश भर में कांग्रेस के कार्यकर्ता ईडी का ऐसे विरोध कर रहे हैं मानो कोई दूसरे देश की जाँच एजेंसी छापा मारने के लिए आई हो। विरोध के नाम पर कई राज्यों में ईडी के दफ्तर के बाहर तोड़फोड़ भी की गई। इधर एक मामला थमा नहीं तो उधर बंगाल में भी ईड़ी की छापेमारी जारी थी। टीएमसी नेता पार्थ चटर्जी की महिला सहयोगी अर्पिता मुखर्जी के घरों पर छापेमारी में नोटों का अंबार करोड़ों रुपए के रूप में निकला जो चैनलों के माध्यम से देश की जनता ने देखा। लाखों रुपये के गहने भी बरामद किए गए थे।

2014 से इन छापेमारी में तकरीबन 95,486 हजार करोड़ की संपत्ति जब्त की गई। जो देश की जनता की मेहनत का पैसा है। कर्मचारियों, व्यापारियों द्वारा देश को दिये जाने वाले टैक्स का पैसा है, जो इन भ्रष्टाचारियों ने गलत तरीके से एकत्रित कर अपनी पुश्तों के लिए संजोया है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान ईडी ने 112 छापेमारी की और इन छापेमारी से 5,346 करोड़ की संपत्ति पकड़ी गई। जबकि 2014 के बाद ईडी ने 2,974 छापेमारी की और इन छापेमारी में तकरीबन 95,486 हजार करोड़ की संपत्ति जब्त की गई।

# आतंक के खिलाफ एक अहम जीत

**: ललित गर्ग :**

**अल कायदा** नेता अयमन अल-जवाहिरी का मारा जाना आतंकवाद के खिलाफ विश्वस्तरीय अभियानों के इतिहास में एक बड़ी कामयाबी इसलिये है कि आतंकवाद ने दुनिया में भय, क्रूरता, हिंसा एवं अशांति को पनपाया है। जवाहिरी जैसे हिंसक, क्रूर, उन्मादी एवं आतंकी लोगों ने शांति का उजाला छीनकर अशांति का अंधेरा फैलाया है। दरअसल, वह इतना खुंखार एवं बर्बर इंसान था कि उसको मार गिराना असंभव-जैसा ही था। ऐसे अंतरराष्ट्रीय आतंकी गिरोह के शीर्ष नेताओं तक पहुंचना और दूसरे देश की सीमा में उन्हें मार गिराना साहस एवं शौर्य का काम है। इससे पहले दुनिया भर में अन्य आतंकवादी संगठनों के मामले में भी इस तरह की जटिलताओं का अनुभव दुनिया की महाशक्तियां करती रही है।, इसलिए जवाहिरी को उसके घर में घूस कर मारना अमेरिका की एक बड़ी उपलब्धि है। दुनिया में अब आतंकवाद पर काबू पाने की दृष्टि से वातावरण बन रहा है, जवाहिरी का खात्मा उसी दिशा में एक बड़ी सफलता है। अमेरिका में विश्व व्यापार केंद्र पर हमले में हुई तबाही ने अमेरिका के महाशक्ति होने पर ही प्रश्न लगा दिया था। उस घटना ने आतंकवाद की जड़े मजबूत होने को ही उजागर किया था। उस घटना ने अमेरिका की शक्ति को गहरी चुनौती दी। इसीलिये उस घटना के दो दशकों बाद जवाहिरी का मारा जाना एक बेहद अहम कामयाबी है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने खुद यह बताया कि शनिवार को उनके निर्देश पर काबुल में ड्रोन हमले में अल कायदा सरगना अल-जवाहिरी मारा गया। इस अभियान के क्रम में पहले हर पल के लिए कार्ययोजना तैयार की गई, नजदीक से जवाहिरी के ठिकाने और उसकी गतिविधियों पर नजर रखी गई और खास बात यह रही कि हमले के लिए ड्रोन और लेजर जैसी आधुनिकतम तकनीक का



सहारा लिया गया। यही वजह रही कि इस अभियान के दौरान किसी भी अन्य व्यक्ति की मौत नहीं हुई और ज्यादा नुकसान नहीं हुआ।

11 नवंबर, 2001 को हुए उन हमलों की याद आज भी बहुत सारे लोगों को डराती है, कंपकंपाती है और यही वजह है कि विश्व में जवाहिरी के मारे जाने को आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में एक और कदम के तौर पर देखा जा रहा है। इससे दुनिया ने राहत की सांस ली है। यह एक जगजाहिर तथ्य है कि अनेक देशों में सख्ती की वजह से आतंकवादी संगठनों की हरकतों को सीमित किया गया है, मगर आज भी दुनिया अलग-अलग स्तर पर आतंकवाद के कई खतरों का सामना कर रही है, जूझ रही है। विशेषतः भारत इन्हीं आतंकवादी घटनाओं का लम्बे समय से शिकार रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं कि अफगानिस्तान में अब तालिबान का शासन है और वहां से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद के यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस हमले के लिए क्या संबंधित देश की सहमति की औपचारिकता हासिल की गई थी। मगर आतंकवाद दुनिया भर के लिए जिस स्वरूप में एक जटिल समस्या बन चुका है, उसमें इस पर काबू पाने और खत्म करने के लिए अगर कोई ठोस पहलकदमी होती है तो उससे शायद ही किसी देश को असहमति होगी।

आज अफगानिस्तान खुद भी आतंकवाद से जूझ रहा है। इस्लामिक कट्टरपंथी ताकतें पूरी दुनिया में अमन और भाईचारे का माहौल बिगाड़ने का काम कर रही हैं। जबकि इस्लाम के नाम पर दुनिया के हर कोने में हो रहे आतंकवादी हमलों एवं वारदातों के विरुद्ध इस्लाम के अनुयायियों के बीच से ही आवाज उठनी चाहिए। पाकिस्तान जैसे इस्लाम को धुंधलाने वाले राष्ट्र की गुमराह करने वाली बातों से दूरी बनाई जानी चाहिए। उसके द्वारा मजहब के नाम पर किये जा रहे खून-खराबे का खंडन करना चाहिए था। उसे सच्चा इस्लाम न मानकर कुछ विकृत मानसिकता का प्रदर्शन माना-बतलाया जाना चाहिए था।

विश्व के आतंकवादी संगठनों ने इनदिनों अफगानिस्तान को अपना केन्द्र बनाया है। इसलिये आतंकवाद के खतरे की संभावनाओं को देखते हुए भारत ने अफगानिस्तान पर दबाव बढ़ा दिया है। भारत ने अफगानिस्तान से साफ कहा है कि उसे यह सुनिश्चित करना होगा कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए न होने दे। साथ ही, अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई भी करे। दरअसल, आतंकवाद को लेकर भारत की चिंता बेवजह नहीं हैं। भारत ने लंबे समय से आतंकवाद के खतरे को झेला है एवं कश्मीर की मनोरम वादियों सहित भारत के भीतरी हिस्सों ने तीन दशक से भी ज्यादा समय तक सीमा पार आतंकवाद झेला है।

मानवता की रक्षा एवं आतंकवाद मुक्त दुनिया की संरचना की कोशिश होनी चाहिए। यह इसलिये अपेक्षित है कि किसी भी जाति, धर्म एवं सम्प्रदाय के लोगों को बंदूकों के सहारे ही जिंदगी न काटनी पडे.। महिलाओं की तौहीन एवं अस्मत न लुटी जाये। कोई भी देश दुनिया में नफरत और हिंसा बढ़ाने की वजह न बने। कुल मिलाकर, मानवीयता, उदारता और समझ की खिड़की खुली रहनी चाहिए, ताकि इंसानियत शर्मसार न हो, इसके लिये समूची दुनिया को व्यापक प्रयत्न करने होंगे। इसके साथ इस्लाम की ऐसी शक्तियां जो आतंकवाद के खिलाफ है, उनको भी सक्रिय होना होगा। क्योंकि उनके धर्म एवं जमीन को कलंकित एवं शर्मसार करने का षडयंत्र हो रहा है।

अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से ही यह आशंका बढ़ती जा रही है ।

## न्यायालय का हॉकी इंडिया के संचालन के लिये सीओए के गठन के अदालत के फैसले में दखल से इनकार

**नई दिल्ली।** तीन अगस्त (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने हॉकी इंडिया के संचालन के लिये तीन सदस्यीय प्रशासकों की समिति के गठन के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति डी वाय चंद्रचूड़ और जे बी पर्दीवाला ने प्रशासकों की समिति से संविधान का मसौदा जल्दी तैयार करने के लिये कहा ताकि नवनिर्वाचित कार्यकारी समिति काम शुरू कर दे और भुवनेश्वर में जनवरी 2023 में पुरूष हॉकी विश्व कप के लिये तैयारियां की जा सकें । न्यायालय ने कथित भ्रष्टाचार के मामले में हॉकी इंडिया के आला अधिकारियों के खिलाफ सीबीआई द्वारा दाखिल एफआईआर पर भी संज्ञान लिया । न्यायालय ने कहा ,'' हमें उच्च न्यायालय के फैसले में दखल देने का कोई कारण नजर नहीं आता।''

## मोहाली को आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20, दिल्ली को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे की मेजबानी मिली

**नई दिल्ली।** तीन अगस्त (भाषा) मोहाली और दिल्ली उन नौ भारतीय शहरों में शामिल हैं जो 20 सितंबर से आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला के मुकाबलों की मेजबानी करेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने यह जानकारी दी।

भारत अक्टूबर-नवंबर में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ छह टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। भारत की एक अन्य टीम शिखर धवन की अगुआई में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 50 ओवर के तीन मैच खेलेगी। मोहाली आस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 सितंबर को पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय की मेजबानी करेगा जबकि दूसरा और तीसरा टी20 क्रमशः नागपुर (23 सितंबर) और हैदराबाद (25 सितंबर) में खेला जाएगा।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला 28 सितंबर को तिरूवनंतपुरम में शुरू होगी। दूसरा टी20 दो अक्टूबर को होगा जबकि अंतिम मैच चार अक्टूबर को इंदौर में खेला जाएगा। एकदिवसीय श्रृंखला की शुरुआत छह अक्टूबर को लखनऊ में होगी। रांची और दिल्ली अगले दो वनडे की मेजबानी क्रमशः नौ और 11अक्टूबर को करेंगे। एकदिवसीय टीम में विश्व कप में जाने वाले किसी खिलाड़ी को नहीं चुना जाएगा।

## राष्ट्रमंडल खेलः तूलिका मान ने महिलाओं की 78 किग्रा जूडो स्पर्धा में जीता सिल्वर मेडल

**बर्मिंघम।** भारतीय जूडो खिलाड़ी तूलिका मान को यहां राष्ट्रमंडल खेलों के महिलाओं के 78 किग्रा वर्ग के फाइनल में स्कॉटलैंड की सारा एडलिंगटन के खिलाफ शिकस्त के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। ही दो मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनाने वाली तूलीका फाइनल में अधिकांश समय आगे चल रही थी लेकिन एडलिंगटन ने इसके बाद 'इपोन' (प्रतिद्वंद्वी को पीठ के बल जोर से पटकना) की बदौलत स्वर्ण पदक जीत लिया।



एडलिंगटन ने तूलिका को काफी ताकत के साथ पटक दिया जिससे भारतीय खिलाड़ी पीठ के बल गिर गई और मुकाबला निर्धारित समय से 30 सेकेंड पहले ही खत्म हो गया। दिल्ली की 23 साल की तूलिका ने रजत पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया और भारत को जूडो का बर्मिंघम खेलों में तीसरा पदक दिलाया। इससे पहले चार बार की राष्ट्रीय चैम्पियन तूलिका दिन के अपने पहले मुकाबले में पिछड़ रही थीं लेकिन इपोन की बदौलत न्यूजीलैंड की सिडनी एंड्रयूज को सेमीफाइनल में तीन मिनट के भीतर हराकर फाइनल में पहुंच गईं। एक अन्य भारतीय दीपक देसवाल पुरूष 100 किग्रा स्पर्धा के रेपशाज में फिजी के तेविता ताकावाया से हार गए। भारत ने अभी तक जूडो स्पर्धा में तीन पदक जीत लिए हैं। एल सुशीला देवी और विजय कुमार ने सोमवार को क्रमशः महिला 48 किग्रा वर्ग और पुरूष 60 किग्रा वर्ग में रजत और कांस्य पदक जीते थे। बता दें कि 22 अप्रैल को भारतीय जूडो महासंघ की मान्यता रद्द कर दी गई थी जिसके बाद भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने राष्ट्रमंडल खेलों के लिए खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया और ट्रायल्स की देखरेख तथा जरूरी बदलावों का सुझाव देने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित की थी।

# राष्ट्रमंडल खेल : भारत ने बारबाडोस को 100 रन से हराकर सेमीफाइनल में रखा कदम

**बर्मिंघम।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में बारबाडोस को 100 रन के विशाल अंतर से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारत ने खेले गये ग्रुप-ए के आखिरी मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 163 रन बनाये थे, जिसके जवाब में बारबाडोस 62 रन ही बना सकी।

बारबाडोस ने टॉस जीत कर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिये बुलाया और सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (5) को जल्दी पवेलियन लौटाया, लेकिन इसके बाद कुछ भी उनके पक्ष में नहीं गया। शफाली वर्मा ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 26 गेंदों पर सात चौके और एक छक्का लगाकर 43 रन बनाये। कप्तान हरमनप्रीत कौर (0) और विकेटकीपर तानिया भाटिया (6) महत्वपूर्ण योगदान नहीं दे सकीं, मगर जेमिमा रोड्रिगेज़ और दीप्ती शर्मा ने



70 रन की नाबाद साझेदारी कर भारत को 162/4 के स्कोर तक पहुंचाया। रोड्रिगेज़ ने छह चौकों और एक छक्के की बदौलत सर्वाधिक 56 (46) रन बनाये, जबकि शर्मा ने 28 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 34 रन की पारी खेली। बारबाडोस 162 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कभी भी मुकाबले में नहीं थी। रेणुका सिंह ने अपनी शानदार फॉर्म को जारी रखते हुए पावरप्ले में ही विपक्षी टीम के चार बल्लेबाजों को पवेलियन लौटा दिया।

रेणुका ने अपने चार ओवर में 2.5 की औसत से मात्र 10 रन देकर चार विकेट लिए।

बारबाडोस की ओर से किशोना नाइट ने सर्वाधिक 16 रन बनाए जबकि शाकिरा सलमान ने 12 रन की पारी खेली। इनके अलावा कैरिबियाई टीम का कोई खिलाड़ी 10 रन के आंकड़े को भी नहीं छू सका। रेणुका के अलावा भारत की ओर से मेघना सिंह, स्नेह राणा, राधा यादव और हरमनप्रीत ने एक-एक विकेट लिया। अब भारत का सामना सेमीफाइनल में इंग्लैंड या न्यूज़ीलैंड में से किसी एक से होगा।

## राष्ट्रमंडल खेल : तेजस्विन शंकर ने पुरूषों की ऊंची कूद में जीता कांस्य पदक



**बर्मिंघम।** तेजस्विन शंकर ने राष्ट्रमंडल खेलों की एथलेटिक्स स्पर्धा में भारत का खाता खोलते हुए पुरूषों की ऊंची कूद स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी शंकर ने 2.22 मीटर की कूद लगाई। दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश पर ऐन मौके पर टीम में शामिल किए गए 23 वर्ष के शंकर का सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2.27 और सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 2.29 मीटर है। न्यूजीलैंड के हामिश केर को स्वर्ण और ऑस्ट्रेलिया के ब्रेंडन स्टार्क को रजत पदक मिला। दोनों ने 2.25 मीटर की कूद लगाई थी।

# इस कसम के कारण 9 साल बाद अपने परिवार से मिले मुंबई इंडियंस के क्रिकेटर कुमार कार्तिकेय

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश और मुंबई इंडियंस के क्रिकेटर कुमार कार्तिकेय ने खुलासा किया कि वह नौ साल और तीन महीने बाद अपने परिवार से मिले हैं और लंबे समय के बाद अपने प्रियजनों के साथ रहने पर अपनी भावना व्यक्त नहीं कर सकते। 24 वर्षीय ने अपनी खुशी व्यक्त करने के लिए अपनी मां के साथ एक तस्वीर ट्विटर पर पोस्ट की। कार्तिकेय ने तस्वीर के साथ लिखा, 9 साल और 3 महीने बाद अपने परिवार और मम्मा से मिला। अपनी भावनाओं को व्यक्त करने में असमर्थ हूं।

गौरतलब है कि कार्तिकेय ने पहले कहा था कि वह जीवन में कुछ बन कर ही घर लौटेंगे। उन्होंने कहा कि वह 2022 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूरा होने के बाद घर जाएंगे जहां उन्होंने अपनी शुरुआत की। मैं 9 साल से घर नहीं गया हूं। मैंने घर लौटने का फैसला तभी किया जब मैं जीवन में कुछ हासिल कर लूंगा। मेरी मां और पिताजी ने मुझे बार-बार फोन किया, लेकिन मैं प्रतिबद्ध था। अब, आखिरकार, मैं घर लौटूंगा। मेरे कोच संजय सर ने मध्य प्रदेश के लिए मेरा नाम सुझाया था। पहले वर्ष में मेरा नाम अंडर-23 टीम में एक स्टैंडबाय खिलाड़ी के रूप में आया और सूची में अपना नाम देखकर मुझे बहुत राहत



मिली। गेंदबाज ने 2018 में पारंपरिक बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी करते हुए प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया, लेकिन यह तब तक नहीं था जब तक मुंबई इंडियंस ने उन्हें आईपीएल 2022 के बीच में साइन नहीं किया और उन्होंने कई विविधताओं के साथ बाएं हाथ की कलाई की स्पिन गेंदबाजी की। उन्होंने 30 अप्रैल को डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुंबई के मैच में अपना आईपीएल डेब्यू किया। चार मैचों में उन्होंने 7.85 की इकॉनमी रेट से पांच विकेट लिए।

आईपीएल ने भले ही कार्तिकेय को पहचान दिलाई हो, लेकिन उनके करियर का शिखर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में आया तब जब उन्होंने अपने बाएं हाथ की स्पिन के साथ मध्य प्रदेश को अपने पहले रणजी ट्रॉफी खिताब के लिए गेंदबाजी करते हुए एक परी कथा लिखी। बैंगलोर के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मुंबई के खिलाफ फाइनल में कार्तिकेय ने दूसरी पारी में चार विकेट सहित पांच विकेट लिए। उन्होंने सत्र में 32 विकेट लिए और सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों में दूसरे स्थान पर रहे।

# करो या मरो का मैच जीतकर भारत महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में पहुंची

**बर्मिंघम।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 के करो या मरो मैच में कनाडा को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत ने ग्रुप-ए के अपने आखिरी मुकाबले में कनाडा को 3-2 से शिकस्त दी। भारत के लिए सलीमा टेटे, नवनीत कौर और लालरेमसियामी ने एक-एक गोल किया, जबकि कनाडा के लिये ब्रिएन स्टेयर्स और हैना हॉ ने गोल किए।

भारत ने करो या मरो मैच की शुरुआत मजबूती से करते हुए मैच के तीसरे मिनट में ही पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। गुरजीत कौर से गेंद को नेट तक पहुंचाने में चूक हुई, लेकिन सलीमा ने भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। नवनीत कौर ने दूसरे क्वार्टर में लालरेमसियामी के पास को गोल में तब्दील कर भारत को 2-0 की बढ़त दिलाई, लेकिन इसके बाद कनाडा ने मैच में वापसी की।

स्टेयर्स ने जहां क्वार्टर-2 की समाप्ति से ठीक पहले एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया, वहीं हैना हॉ ने तीसरे क्वार्टर के नौंवे मिनट में गोल कर मैच को 2-2 की बराबरी पर ला खड़ा किया। ग्रुप-ए में गोल के मामलों में भारत से आगे चल रही कनाडा को मैच में सिफ ड्रॉ की दरकार थी, जबकि भारत के लिए जीतना जरूरी था। भारत को चौथे क्वार्टर में गोल की सख्त आवश्यकता थी जो उन्हें लालरेमसियामी ने दिलाया। जब चौथे क्वार्टर में नौ मिनट बचे थे तब लालरेमसियामी ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और भारत ने 3-2 से जीत दर्ज की। इससे पहले भारत




*भारत ने करो या मरो मैच की शुरुआत मजबूती से करते हुए मैच के तीसरे मिनट में ही पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। गुरजीत कौर से गेंद को नेट तक पहुंचाने में चूक हुई, लेकिन सलीमा ने भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई।*

ने ग्रुप-ए के अपने मुकाबलों में घाना (5-0) और वेल्स (3-1) पर जीत हासिल की थी जबकि इंग्लैंड (1-3) से उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस जीत के साथ भारतीय महिला हॉकी टीम ने राष्ट्रमंडल खेलों के सेमीफाइनल में पांचवी बार जगह बनाई है, जहां उनका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा।

## राष्ट्रमंडल खेल : भारोत्तोलक गुरदीप ने 109 प्लस किलोवर्ग में जीता कांस्य पदक




**बर्मिंघम।** गुरदीप सिंह ने राष्ट्रमंडल खेलों की भारोत्तोलन स्पर्धा में भारत का शानदार अभियान जारी रखते हुए 109 प्लस किलो वर्ग में कांस्य पदक जीता। 26 वर्ष के गुरदीप ने स्नैच में 167 और क्लीन एंड जर्क में 223 किलो समेत कुल 390 किलो वजन उठाया। पाकिस्तान के मुहम्मद नूह बट ने 405 किलो वजन उठाकर खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। न्यूजीलैंड के डेविड एंड्रयू को रजत पदक मिला जिन्होंने 394 किलो वजन उठाया। गुरदीप की शुरूआत अच्छी नहीं रही। उन्होंने दूसरे प्रयास में 167 किलो उठाया लेकिन तीसरे प्रयास में 173 किलो नहीं उठा सके। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 207 किलो के साथ शुरूआत की लेकिन 215 किलो का दूसरा प्रयास नाकाम रहा। उन्होंने तीसरे प्रयास में 223 किलो वजन उठाया। भारत ने भारोत्तोलन में अपना अभियान तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य समेत दस पदकों के साथ समाप्त किया।

# देसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म दे रहा कबड्डी और इसके खिलाड़ियों को नई पहचान

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ सालों में भारत में कबड्डी के प्रति क्रेज काफी तेजी से बढ़ा है। कबड्डी को मिट्टी से जुड़ा खेल माना जाता है, जिस कारण इसकी लोकप्रियता शुरू से ही ग्रामीण इलाकों में अधिक देखने को मिली है। लेकिन डिजिटल युग और सोशल मीडिया रिवोल्यूशन के बीच भारत में आईपीएल के बाद कबड्डी देश का दूसरा सबसे अधिक देखे जाने वाला लीग बना हुआ है और इसकी सबसे अहम वजह 'प्रो कबड्डी लीग' को माना जा सकता है।

प्रो कबड्डी लीग ने भारत के सदियों पुराने इस खेल की लोकप्रियता को टियर दो और तीन शहरों से बाहर निकालकर, मुंबई, दिल्ली, चेन्नई और कोलकाता जैसे मैट्रो शहरों तक फैला दिया है। वहीं, अब जब प्रो कबड्डी लीग अपना 9वां सीजन लेकर आ रहा है तब इसके बढ़ते दायरे और उसके पीछे काम करने वाले माध्यमों की चर्चा भी जोरों से हो रही है, जिनमें से एक देश का पहला स्वदेशी माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म कू ऐप भी है, जिसने न सिर्फ कबड्डी बल्कि इससे जुड़े कोच और खिलाडियों को भी नई पहचान दी है।

**एथलीट्स ने माना कू को पसंदीदा प्लेटफॉर्म, मिल रहा तगड़ा यूजर-बेस**

विराट कोहली जैसे स्टार बल्लेबाज से लेकर पीवी सिंधु जैसी बेमिसाल बैडमिंटन प्लेयर्स आदि कू ऐप पर अपने फैंस और चाहने वालों से रूबरू हो रहे हैं, लेकिन इस स्वदेशी ऐप का सबसे ज्यादा फायदा कबड्डी जैसे खेल और इससे जुड़े खिलाडियों को हुआ है। प्रो कबड्डी के आधिकारिक कू अकाउंट की बात हो या यूपी, पटना, हरियाणा, गुजरात या बंगाल जैसी टीमों से जुड़े खिलाड़ियों के अकाउंट, कू इन हरफनमौला एथलीट्स के लिए सबसे मुफीद मंच साबित हुआ है।




10 भारतीय भाषाओं में संचालित हो रहे इस बहुभाषी कू ऐप को देशभर के एथलीट, अपनी जुबान में प्रशंसकों के साथ जुड़ने, मैचों और अभ्यास सत्रों की लाइव अपडेट शेयर करने तथा सोशल मीडिया में अपनी जबरदस्त पैठ स्थापित करने के लिए, सबसे असरदार टूल के रूप में देखते हैं। अपनी मजबूत भाषा क्षमताओं के कारण, अधिकांश कबड्डी एथलीटों ने कू को अपने पसंदीदा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के रूप में अपनाया है क्योंकि इससे उन्हें अपनी मूल भाषा में अपने फैंस और दर्शकों से जुड़ने में मदद मिलती है।

उल्लेखनीय है कि एथलीट अक्सर हिंदी में कू करते हैं और जनता के साथ अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए मंच के एमएलके फीचर का लाभ उठाते हैं। एमएलके के अलावा, कू एथलीट्स को एक यूजर-बेस प्रदान करता है, जिसमें भारत के ऐसे लाखों यूजर्स पहली बार शामिल होते हैं, जिनके लिए कबड्डी एक प्रिय खेल है। ये नए और युवा यूजर्स, कू ऐप के माध्यम से अपने पसंदीदा कबड्डी सितारों के साथ, अपनी मूल भाषा में रीयल टाइम इंटरेक्शन कर सकते हैं।

**अन्य ऐप्स की तुलना में एथलीट्स को कू पर सबसे अधिक प्यार**

चंडीगढ़ और बेंगलुरु के लिए खेल चुके एथलीट अजय मलिक अन्य किसी माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म पर मौजूद नहीं हैं, लेकिन कू ऐप पर उनके फैंस की संख्या 63 हजार से भी अधिक है। वहीं, बेंगलुरु बुल्स के कप्तान पवन सेहरावत, जो दूसरे सोशल प्लेटफॉर्म पर इतने सक्रिय नहीं हैं, लेकिन कू ऐप पर उनके प्रशंसकों की संख्या 83 हजार को भी पार कर गई है, जबकि यूपी के बुलंदशहर से आने वाले स्टार प्लेयर अभिषेक सिंह (55.3य) जैसे खिलाड़ियों को भी कू के दर्शकों से भी खूब सराहना मिली है। वहीं, अगर टूर्नामेंट और इसमें शामिल टीमों के फॉलोअर्स की बात करें तो प्रो कबड्डी लीग (40द्म), यू मुम्बा (2,04,099), यूपी योद्धा (1,67,511), पटना पाइरेट्स (1,03,731), आदि को दूसरी किसी माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट से अधिक और अच्छा यूजर रिस्पॉन्स देखने को मिलता है।

**विदेशी प्लेयर्स को भी आकर्षित कर रहा स्वदेशी मंच**

इसमें कोई दो राय नहीं कि कबड्डी को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में प्रो कबड्डी की सबसे अहम भूमिका रही है। ऐसे ही इस खेल से जुड़े खिलाड़ियों को एक मजबूत फैन बेस देने का काम कू ऐप ने किया है। जिस प्रो कबड्डी लीग की शुरुआत गांव के इस खेल को व्यावसायिक करने के लिए हुई थी, वो अब एक बड़ा ब्रांड बन चुका है। लीग में अब कई देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं और यहां तक कि अफ्रीकन प्लेयर्स की संख्या भी बढ़ रही है। धीरे-धीरे इस लीग की लोकप्रियता को बढ़ाने में स्वदेशी ऐप की भी महत्वपूर्ण भूमिका दर्ज की जाती है, जिसने खेल और खिलाडियों, दोनों को उनके टारगेट ऑडियंस से मिलाने में उम्मीद से बेहतर काम किया है।

कू ऐप पर खिलाड़ियों की लोकप्रियता के साथ प्रो कबड्डी लीग की लोकप्रियता भी हर साल बढ़ती गई है और इसी वजह से अब ये गेम कई देशों में खेला जाने लगा है। हालांकि कू ऐप ने भारत और प्रो कबड्डी ने एशिया में, कबड्डी की प्रसिद्धि को दिनोंदिन बढ़ाने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

# राष्ट्रमंडल खेलः स्क्वाश में घोषाल को कांस्य पदक, सुनयना ने प्लेट फाइनल जीता

**बर्मिंघम।** बर्मिंघम ~ भारत के सौरव घोषाल ने पुरुष एकल स्क्वाश के कांस्य पदक के एकतरफा मुकाबले में बुधवार को यहां इंग्लैंड के दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी जेम्स विल्सट्रॉप को सीधे गेम में 3-0 से हरा दिया। दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी घोषाल ने मेजबान देश के दुनिया के 24वें नंबर के खिलाड़ी के खिलाफ 11-6, 11-1, 11-4 से आसान जीत दर्ज की।

राष्ट्रमंडल खेलों में स्क्वाश एकल स्पर्धा में भारत का यह पहला पदक है। घोषाल का राष्ट्रमंडल खेलों में यह दूसरा पदक है। उन्होंने 2018 में गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में दीपिका पल्लीकल के साथ मिलकर मिश्रित युगल का रजत पदक जीता था। घोषाल ने विल्सट्रॉप के खिलाफ शुरुआत से ही दबदबा बनाया और इंग्लैंड के खिलाड़ी के पास उनके खेल का कोई जवाब नहीं था।

विल्सट्रॉप ने पहले गेम में घोषाल को टक्कर देने की कोशिश की लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने उन्हें अंक बनाने के अधिक मौके नहीं दिए। दूसरे गेम में तो विल्सट्रॉप की भूमिका सिर्फ एक दर्शक जैसी रही और मेजबान देश का खिलाड़ी पूरे गेम में सिर्फ एक ही अंक जुटा पाया। तीसरे गेम में भी स्थिति में अधिक बदलाव देखने को नहीं मिला और घोषाल ने दबदबा कायम रखते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।

पूर्व राष्ट्रीय कोच और मौजूदा टीम के मैनेजर साइरस पोंचा ने कहा, 'पहला गेम 18 मिनट चला और कड़ा मुकाबला देखने को मिला। घोषाल कम उम्र का होने के कारण दोनों खिलाड़ियों के बीच अधिक ताकतवर था। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि कल सेमीफाइनल में वह और बेहतर खेला था। वर्षों की कड़ी मेहनत से उसने यह हासिल किया है। यह भारतीय स्क्वाश के लिए शानदार दिन है। इससे पहले अनुभवी जोशना चिनप्पा और हरिंदर पाल सिंह संधू की मिश्रित युगल जोड़ी ने प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। जोशना और संधू की जोड़ी ने श्रीलंका की येहेनी कुरुप्पु और रविंदु लक्सीरी की जोड़ी को 8-11 11-4 11-3 से हराया।



जोशना और संधू की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्होंने काफी गलतियां करते हुए पहला गेम गंवा दिया लेकिन भारतीय जोड़ी ने इसके बाद वापसी करते हुए अगले दो गेम आसानी से जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। सुनयना कुरुविला ने महिला स्क्वाश प्लेट फाइनल में गयाना की फंग ए फैट पर आसान जीत दर्ज की। तेईस वर्षीय सुनयना ने गयाना की अपनी प्रतिद्वंद्वी को 11-7, 13-11, 11-2 से शिकस्त दी।

# विदेश संदेश

## फिनलैंड-स्वीडन होंगे नाटो में शामिल, अमेरिकी सीनेट ने दी मंजूरी

**वाशिंगटन:** अमेरिकी सीनेट में सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों ने फिनलैंड और स्वीडन को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल करने का समर्थन किया। अमेरिकी सीनेट ने एक के मुकाबले 95 मतों से दोनों पश्चिमी यूरोपीय देशों के नाटो में शामिल होने का




समर्थन किया। सीनेट में बहुमत के नेता चक शूमर ने फिनलैंड और स्वीडन के राजनयिकों को मतदान देखने के लिए चैम्बर दीर्घा में आमंत्रित किया। राष्ट्रपति जो बाइडन ने इन दोनों देशों को जल्द ही नाटो में शामिल करने का आह्वान किया। बहरहाल, इसके लिए सभी सदस्य देशों की अनुमति की आवश्यकता होगी। अभी नाटो के सदस्य देशों की संख्या 30 है। पिछले तीन महीने में नाटो के आधे से ज्यादा सदस्यों ने दो समृद्ध उत्तरी यूरोपीय देशों की उम्मीदवारी का समर्थन किया है। दोनों देशों ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बीच मई में नाटो की सदस्यता के लिए आवेदन दिया था।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में आतंकवाद पर विशेष बैठक की मेजबानी करेगा भारत

**संयुक्त राष्ट्र:** भारत आतंकवाद के खिलाफ 29 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 15 देशों के राजनयिकों की एक विशेष बैठक की मेजबानी करेगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत का अस्थायी सदस्य के रूप में दो साल का कार्यकाल इस साल दिसंबर



में समाप्त होने वाला है। दिसंबर में देश संयुक्त राष्ट्र की इस शक्तिशाली निकाय की अध्यक्षता भी करेगा। भारत 2022 के लिए सुरक्षा परिषद की आतंकवाद रोधी समिति की अध्यक्षता करेगा और आतंकवाद के खिलाफ अक्टूबर में अमेरिका, चीन और रूस सहित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 15 देशों के राजनयिकों की एक विशेष बैठक की मेजबानी करेगा। सुरक्षा परिषद के वर्तमान सदस्यों में अल्बानिया, ब्राजील, गैबॉन, घाना, भारत, आयरलैंड, केन्या, मैक्सिको, नॉर्वे और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ-साथ पांच स्थायी सदस्य चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं। समिति की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, '' नई और उभरती प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग से उत्पन्न खतरे को ध्यान में रखते हुए, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद रोधी समिति (सीटीसी) ने इस विषय पर 29 अक्टूबर, 2022 को भारत में अपने कार्यकारी निदेशालय (सीटीईडी) के सहयोग से एक विशेष बैठक आयोजित करने का निर्णय किया है।

## चीन को झटका देने के बाद द.कोरिया पहुंचीं पेलोसी , शीर्ष नेताओं से करेंगी मुलाकात

**सियोल:** ताइवान की सफल यात्रा कर चीन को झटका देने के बाद अमेरिकी संसद की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी दक्षिण कोरिया पहुंची।यहा वह देश के शीर्ष नेताओं से मुलाकात करेंगी और क्षेत्रीय सुरक्षा, आर्थिक सहयोग तथा जलवायु संबंधी मुद्दों पर चर्चा करेंगी। इससे एक दिन पहले पेलोसी ने चीन के कड़े विरोध के बावजूद ताइवान की यात्रा की थी, जो इस स्वशासित द्वीप पर लोकतंत्र की रक्षा के लिए अमेरिका की ''अडिग' प्रतिबद्धता को दिखाता है। पेलोसी शाम को कांग्रेस के अन्य सदस्यों के साथ दक्षिण कोरिया पहुंचीं। इससे पहले उन्होंने सिंगापुर, मलेशिया और ताइवान की यात्रा की। दक्षिण कोरिया के बाद वह जापान जाएंगी। पेलोसी बृहस्पतिवार को दक्षिण कोरियाई नेशनल असेंबली के अध्यक्ष किम जिन प्यो तथा संसद के अन्य वरिष्ठ सदस्यों से मुलाकात करेंगी और क्षेत्रीय सुरक्षा, आर्थिक सहयोग तथा जलवायु संबंधी मुद्दों पर बातचीत करेंगी।किम के कार्यालय ने यह जानकारी दी।

# विदेश मंत्री जयशंकर व ब्लिंकन की नामपेन्ह में मुलाकात, ताइवान समेत कई मुद्दों पर मंथन

**नामपेन्ह।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को कंबोडिया की राजधानी नामपेन्ह में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन से मुलाकात की। दोनों के बीच ताइवान व चीन के बीच ताजा तनाव, श्रीलंका व म्यांमार के घटनाक्रम के अलावा प्रमुख वैश्विक चुनौतियों पर मंथन हुआ।

नामपेन्ह में आसियान सम्मेलन हो रहा है। इस मौके पर जयशंकर व ब्लिंकन वहां पहुंचे हैं। माना जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच अमेरिकी स्पीकर नैंसी पेलोसी की हालिया ताइवान यात्रा से चीन के खफा होने से मंडराते खतरे को लेकर भी बात हुई। जयशंकर ने कहा कि यह साल बहुत व्यस्त रहा। हमने कई अहम मसलों पर विचार किया और आगे भी मंथन जारी रखेंगे। जयशंकर ने ट्वीट किया, नाम




पेन्ह में आसियान की मंत्रिस्तरीय बैठक से पहले हमारे बीच गर्मजोशी से बातचीत हुई।

अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, ब्लिंकन ने बैठक में अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में कहा कि अमेरिका और भारत हिंद-प्रशांत में आसियान की केंद्रीय भूमिका के प्रबल समर्थक हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पास एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत के लिए एक साझा दृष्टिकोण है जिस पर हम हर दिन कई अलग-अलग तरीकों से काम करते हैं।

हमारे पास कुछ तात्कालिक चुनौतियां हैं, जिनसे हम दोनों चिंतित हैं।

आसियान की बैठकों में भाग लेना हमारे लिए एक साथ आने और अपने सबसे करीबी सहयोगियों के साथ चर्चा का अवसर है। इसकी शुरुआत मेरे लंबे समय से मित्र भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर से हुई है।

# भिड़ गए पड़ोसी देश अजरबैजान व आर्मीनिया, कई सैनिकों की मौत

**येरेवान/बाकू।** रूस-यूक्रेन जंग थम नहीं रही है और ताइवान व चीन के बीच सैन्य टकराव की आशंका बढ़ती जा रही है, इसी बीच मध्य एशियाई देश अजरबैजान व पड़ोसी देश आर्मीनिया में ठन गई है। अजरबैजान ने ड्रोन से आर्मीनिया के कई इलाकों में बमबारी की है। उसने नागर्नो-कराबाख के कई इलाकों पर कब्जा कर लिया है।

अजरबैजान का कहना है कि उसने जवाबी कार्रवाई करते हुए हमला किया है। उसने तुर्की से मिले ड्रोन से आर्मीनिया के कई हथियारों को तबाह कर दिया। झड़प में दोनों देशों के कुछ सैनिकों के मारे जाने की भी खबर है। दरअसल नागोर्नो-कराबाख इलाके को लेकर आर्मीनिया और अजरबैजान में लंबे समय से तनातनी जारी है। इसे लेकर एक बार फिर दोनों देश भिड़ गए हैं।



रूस ने आरोप लगाया है कि अजरबैजान ने नागर्नो-कराबाख के विवादित इलाके में शस्त्र विराम का उल्लंघन किया है। इसके पूर्व अजरबैजान ने कहा था कि आर्मीनिया के सशस्त्र गुटों ने उसके तीन सैनिकों को मार डाला है। इसके जवाब में उसने हमला बोला। दोनों पड़ोसी देश पूर्ववर्ती सोवियत संघ का हिस्सा थे। जब 80 के दशक में सोवियत संघ का पतन हुआ तो दोनों देशों अलग हो गए। आर्मीनिया और अजरबैजान ईरान और तुर्की के समीप हैं और ये यूरोप के भी समीप हैं।1991 में भी दोनों देशों के बीच झड़प हुई थी। तब रूस ने दोनों के बीच संघर्ष विराम कराया था। लेकिन उसके बाद भी कई बार दोनों देशों में झड़प होती रहती है।

**2020 में मारे गए थे 6500 लोग**

इन दोनों पड़ोसी देशों के बीच 2020 में भी जंग हुई थी। छह सप्ताह चली जंग में 6500 से ज्यादा लोग मारे गए थे। तब भी रूस ने संघर्ष विराम कराया था। दोनों देशों के विवादित क्षेत्रों में रूसी शांति सैनिक तैनात हैं, फिर भी दोनों देशों में नए सिरे से संघर्ष छिड़ गया।

## अब भारत को धमकियां दे रहा चीन, बोला- अमेरिका के नक्शेकदम पर चलने की कोशिश न करे भारत

**बीजिंग।** अमेरिकी संसद की स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा से बोखलाया चीन अब भारत को धमकियां देने पर उतर आया है। ताइवान में भारतीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल भेजने की सलाह पर ड्रैगन बौखला गया है और उसने भारत को चेतावनी दी है कि वह अमेरिका के नक्शेकदम पर न चलने की कोशिश भी न करे। चीन के नई दिल्ली स्थित चीनी दूतावास ने कांग्रेस नेता और सांसद मनीष तिवारी के भारतीय सांसदों का प्रतिनिधिमंडल ताइवान भेजने की सलाह पर बयान जारी करके कहा कि भारत 'एक चीन नीति' पर कायम रहे और ताइवान से दूरी बनाए। चीन के दूतावास ने कहा कि एक चीन नीति अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए साझा सहमति का सिद्धांत है। इसमें भारत भी आता है और यह चीन के दूसरे देशों के साथ संबंध विकसित करने का मूल आधार है। चीन ने यह बयान ऐसे समय पर जारी किया है जब अमेरिकी संसद की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी ने ड्रैगन की धमकी को धता बताते हुए ताइवान का दौरा किया था।

इससे चीन बुरी तरह से भड़क गया है और वह ताइवान स्ट्रेट में लाइव फायर ड्रिल कर रहा है। चीन के दूतावास के प्रवक्ता वांग शिओजिआन ने अपने बयान में कहा, 'भारत उन पहले देशों में शामिल है जिन्होंने यह मान्यता दी थी कि केवल एक चीन है।चीनी पक्ष रिश्तों को एक चीन नीति के सिद्धांत के आधार पर बढ़ाने का इच्छुक है।' इससे पहले कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने बीजेपी सरकार को सलाह दी थी कि वह भी ताइवान में भारतीय सांसदों के दल को भेजने पर विचार करे। मनीष तिवारी ने कहा कि पेलोसी की तरह से लोकसभा के स्पीकर ओम बिड़ला को इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करना चाहिए। एक चीन नीति में केवल पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना को मान्यता दी गई है जो साल 1949 में अस्तित्व में आया था। इस दौरान वामपंथियों ने गृहयुद्ध में चीन में राष्ट्रवादियों को हरा दिया था। ये राष्ट्रवादी ताइवान भागकर चले गए थे। चीन ने कभी भी ताइवान को मान्यता नहीं दी। अन्य देशों की तरह से भारत उन देशों में शामिल है जो एक चीन नीति को साल 1949 से ही मान्यता देते हैं। भारत का ताइवान के साथ कोई राजनयिक संबंध नहीं है। नई दिल्ली में भारत-ताइपे असोसियेशन एक दूतावास की तरह से काम करता है जिसका प्रमुख एक एक राजनयिक होता है। चीन के लद्दाख में नापाक हरकत के बाद हर तरफ से यह मांग उठ रही है कि वह ताइवान के साथ रिश्ते को बढ़ाए। भारत सरकार ने अभी तक इस पर कोई कदम आगे नहीं बढ़ाया है।

# चीन-ताइवान के बीच युद्ध के आसार, ड्रैगन ने शुरू किया सैन्य अभ्यास

**बीजिंग।** चीन और ताइवान के बीच विवाद बढ़ता ही जा रहा है। अमेरिकी संसद की स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा से भड़का चीन, उनके लौटते ही और आक्रामक हो गया है। चीन ने ताइवान को घेरने के लिए उसकी सीमा के आसपास घेराबंदी शुरू कर दी है। खबर यह भी है कि चीनी सेना ने ताइवान के आसपास सैन्य अभियान शुरू कर दिया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीन ने ताइवान की सीमा पर युद्धाभ्यास के लिए युद्धपोत, फाइटर जेट व मिसाइलों को तैनात किया है। आधिकारिक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि पीएलए चार से सात अगस्त तक छह अलग-अलग क्षेत्रों में भी सैन्य अभ्यास करेगा, जो ताइवान द्वीप को सभी दिशाओं से घेरता है।

**नैंसी की यात्रा का चीन ने किया था विरोध**

अमेरिकी संसद की स्पीकर नैंसी पेलोसी चीन के विरोध के बावजूद मंगलवार को ताइवान की राजधानी ताईपेई पहुंचीं थीं। 25 साल बाद ये पहली बार है जब अमेरिकी स्पीकर ताइवान के दौरे पर थीं। इससे पहले 1997 में उस समय के स्पीकर न्यूट गिंगरिक यहां पहुंचे थे। पेलोसी के दौरे से बौखलाए चीन ने तमाम एलान कर डाले। इसके अलावा चीन के फाइटर जेट ताइवान की सीमा के ऊपर उड़ान भरते नजर आए। पेलोसी के ताइवान से रवाना होते ही 27 चीनी लड़ाकू विमान ताइवान के हवाई क्षेत्र में पहुंचे।



**चीन-ताइवान के बीच विवाद क्या है?**

ताइवान दक्षिण पूर्वी चीन के तट से करीब 100 मील दूर स्थिति एक द्वीप है। ताइवान खुद को संप्रभु राष्ट्र मानता है। उसका अपना संविधान है। ताइवान में लोगों द्वारा चुनी हुई सरकार है। वहीं चीन की कम्युनिस्ट सरकार ताइवान को अपने देश का हिस्सा बताती है। चीन इस द्वीप को फिर से अपने नियंत्रण में लेना चाहता है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ताइवान और चीन के पुनः एकीकरण की जोरदार वकालत करते हैं। ऐतिहासिक रूप से से देखें तो ताइवान कभी चीन का ही हिस्सा था।

## कनाडा पुलिस ने जारी की खतरनाक Gangsters की सूची, List में 9 पंजाबी शामिल

**टोरंटो।** कनाडा पुलिस ने एक सार्वजनिक चेतावनी जारी करके लोगों से अलर्ट रहने के लिए कहा है। दरअसल, कनाडा पुलिस ने 11 खतरनाक गैंगस्टरों की सूची जारी की है, जिसमें 9 पंजाबी मूल के हैं। उक्त जानकारी कनाडा व ब्रिटिश कोलंबिया पुलिस ने @VancouverPD @BCRCMP के साथ ट्वीट कर दी है। इस ट्वीट के जरिए 11 खतरनाक गैंगस्टरों की तस्वीरें भी दी गई है। साथ ही लिखा गया है कि 11 व्यक्तियों की पहचान की गई है, जो आपसी झगड़ों और हिंसा के चरम स्तरों से जुड़े होने के कारण सार्वजनिक सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा पैदा करते हैं। 11 खतरनाक गैंगस्टरों की सूची में शकील बसरा (28), अमरप्रीत समरा (28), जगदीप चीमा (30) रविंदर शर्मा (35), बरिंदर धालीवाल (39), एंडी सेंट पियरे (40), गुरप्रीत धालीवाल (35), रिचर्ड जोसेफ व्हिटलॉक (40), समरूप गिल (29), सुमदीश गिल (28), और सुखदीप पंसाली शामिल है।




# आसियान बैठक में म्यांमार में हिंसा खत्म करने पर जोर

**नोम पेन्ह (कंबोडिया)।** कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह में दक्षिण एशियाई देशों के संगठन आसियान के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक हुई। कोविड-19 महामारी के बाद हुई पहली बैठक में म्यांमार में हिंसा समाप्त करने का मुद्दा छाया रहा। अमेरिका और चीन के बीच बढ़े तनाव और यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद खाद्य और ऊर्जा की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच इस बैठक का आयोजन किया गया। कंबोडिया के विदेश मंत्री प्राक सोखोन ने प्रतिनिधियों से कहा कि आसियान को विभिन्न प्रकार और स्तरों की चुनौतियों से निपटना होता है, लेकिन उसके समक्ष ऐसी चुनौती कभी उत्पन्न नहीं हुई है जैसी इस वर्ष हुई है।

हमारे समक्ष एक ही समय में इस क्षेत्र और दुनिया के लिए इतनी सारी चुनौतियां हैं। कंबोडिया वर्तमान में आसियान का अध्यक्ष है, जिसमें म्यांमार के अलावा फिलीपीन, मलेशिया, इंडोनेशिया, लाओस, सिंगापुर, थाईलैंड, वियतनाम और ब्रुनेई भी शामिल हैं। म्यांमार की सेना ने फरवरी 2021 में आंग सान सू ची की लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को सत्ता से हटा दिया था। उसके बाद उत्पन्न हिंसा को देखते हुए देश को आसियान की बैठकों में कोई भी राजनीतिक प्रतिनिधि नहीं भेजने के लिए कहा गया था।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# फिनलैंड की नाटो सदस्यता को अमेरिकी सीनेट से मिली मंजूरी

**वाशिंगटन।** यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध के बीच फिनलैंड और स्वीडन को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की सदस्यता देने के प्रस्ताव को अमेरिकी सीनेट से मंजूरी मिल गयी है। इस फैसले के बाद इन देशों को नाटो में शामिल करने की प्रक्रिया एक कदम और आगे बढ़ी है। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद इसी वर्ष मई में फिनलैंड व स्वीडन ने नाटो सदस्यता के लिए आवेदन किया था। रूस इन दोनों देशों को नाटो में शामिल करने का विरोध कर रहा है और इन्हें खामियाजा भुगतने की चेतावनी भी दे चुका है। इसके बावजूद नाटो द्वारा फिनलैंड व स्वीडन का सदस्यता आवेदन स्वीकार किये जाने के बाद अब नाटो के सभी सदस्य देशों से सहमति प्राप्त करने की प्रक्रिया चल रही है। नाटो का सदस्य बनने के लिए सभी वर्तमान सदस्यों की सहमति आवश्यक होती है। इस समय नाटो के तीस सदस्य हैं और आधे से अधिक सदस्य देश फिनलैंड व स्वीडन को नाटो की सदस्यता प्रदान करने पर सहमति जता चुकी है।

सदस्य देशों की सहमति की प्रत्याशा में ही अमेरिकी सीनेट में फिनलैंड और स्वीडन को नाटो में शामिल किये जाने का प्रस्ताव लाया गया। सीनेट में सत्तापक्ष और विपक्ष, दोनों ओर से इन देशों को नाटो में शामिल किये जाने के फैसले का समर्थन किया गया। फिनलैंड और स्वीडन को नाटो में शामिल करने के पक्ष में 95 सदस्यों ने मतदान किया, जबकि एक सदस्य इस फैसले से सहमत नहीं थे। इस तरह बहुमत के फैसले से अमेरिकी सीनेट ने फिनलैंड और स्वीडन को नाटो की सदस्यता प्रदान किये जाने को सहमति प्रदान कर दी। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने फिनलौंड और स्वीडन को जल्द ही नाटो में शामिल करने का आह्वान किया। सीनेट में बहुमत के नेता चक शूमर ने फिनलैंड और स्वीडन के अमेरिका स्थित राजनयिकों को मतदान देखने के लिए सीनेट में आमंत्रित किया।

# यूक्रेन के परमाणु संयंत्र नियंत्रण से बाहर, संयुक्त राष्ट्र ने दी चेतावनी

**संयुक्त राष्ट्र/वाशिंगटन।** यूएन के परमाणु प्रमुख ने चेताया है कि यूक्रेन में यूरोप का सबसे बड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र पूरी तरह से नियंत्रण से बाहर है। उन्होंने हालात स्थिर करने व एटमी हादसे से बचाव के लिए विशेषज्ञों को जल्द से जल्द परिसर का दौरा करने की अनुमति देने के लिए रूस-यूक्रेन से अनुरोध किया है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक राफेल ग्रासी ने कहा कि दक्षिणपूर्वी शहर एनरहोदर में जपोरिज्जिया संयंत्र में स्थिति हर दिन खतरनाक हो रही है।

इस पर रूसी सैनिकों ने 24 फरवरी को यूक्रेन पर हमले के बाद मार्च की शुरुआत में कब्जा कर लिया था। उन्होंने कहा, परमाणु सुरक्षा के हर सिद्धांत का उल्लंघन किया गया है और जो दांव पर लगा है, वह बेहद गंभीर और खतरनाक है। ग्रासी ने संयंत्र की सुरक्षा के कई उल्लंघनों का जिक्र करते हुए कहा कि यह रूस-नियंत्रित क्षेत्र के पास ऐसी जगह पर है जहां भीषण जंग चल रही है। संयंत्र की भौतिक अखंडता का सम्मान नहीं किया गया है। आईएईए प्रमुख ने कहा कि परमाणु संयंत्र तक पहुंचने के लिए उन्हें और उनकी टीम को सुरक्षा और रूस और यूक्रेन के तत्काल सहयोग की जरूरत है।

**चेर्नोबिल जैसे हादसे की आशंका**

आईएईए प्रमुख राफेल ग्रासी ने कहा, यहां उपकरण-स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो गई है, इसलिए हमें भरोसा नहीं



कि संयंत्र सुरक्षित है। इसके लिए निरीक्षण करने की जरूरत है कि परमाणु सामग्री की सुरक्षा की जा रही है या नहीं। यदि इसकी सुरक्षा का ध्यान नहीं दिया तो इस संयंत्र में 1986 में हुई चेर्नोबिल जैसे दुर्घटना घट सकती है। यह बेहद खतरनाक होगा क्योंकि यह संयंत्र कीव से करीब 110 किमी दूर है।

**अमेरिका ने पुतिन की कथित प्रेमिका पर लगाई नई पाबंदी**

अमेरिका ने रूस के अभिजात वर्ग के कुछ चुनिंदा लोगों पर नए सिरे से प्रतिबंध लगाए हैं। इनके दायरे में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की कथित प्रेमिका अलीना काबेवा भी शामिल हैं। अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने बताया कि बाइडन प्रशासन ने पूर्व ओलंपिक जिमनास्ट अलीना का वीजा फ्रीज कर दिया है और उनकी संपत्तियों पर भी पाबंदी लगा दी है। काबेवा रूस की एक मीडिया कंपनी की प्रमुख भी हैं जो यूक्रेन पर रूसी हमले का समर्थन करती है। यूरोपीय संघ ने जून में उन पर यात्रा और संपत्ति संबंधी प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी।

**दक्षिण-पूर्वी यूक्रेन में रूसी हमले जारी**

रूस-यूक्रेन युद्ध को छह माह हो चुके हैं लेकिन रूसी सेना हमले रोकने का नाम नहीं ले रही। उसने दोनेस्क क्षेत्र के कई गांवों और कस्बों पर हमले किए। हालांकि खेरसॉन के खोए इलाकों को दोबारा पाने के मकसद से यूक्रेनी सेना भी जबरदस्त जोर लगा रही है। उसने रूसी सैनिकों पर हमले जारी रखे हैं।

**रूस के विदेश मंत्री लावरोव आधिकारिक यात्रा पर म्यांमार गए**

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव एक आधिकारिक यात्रा पर म्यांमार गए हैं। रूसी समाचार एजेंसी 'तास' के अनुसार, इस यात्रा के दौरान लावरोव सैन्य सरकार के साथ सुरक्षा एवं आर्थिक मामलों पर वार्ता करेंगे। रूस आंग सान सूकी की निर्वाचित सरकार को पिछले साल फरवरी में अपदस्थ करके सत्ता पर काबिज हुई म्यांमार की सैन्य सरकार का बड़ा समर्थक है। लावरोव ने यहां अपने समकक्ष वुन्ना माउंग ल्वान और अन्य शीर्ष अधिकारियों से भी मुलाकात की। लावरोव यहां रूस-म्यांमार रिश्तों की संभावनाओं और सहयोग पर चर्चा करेंगे।

**अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक राफेल ग्रासी ने कहा कि दक्षिणपूर्वी शहर एनरहोदर में जपोरिज्जिया संयंत्र में स्थिति हर दिन खतरनाक हो रही है।**